हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 29.04.2024 | वर्ष 11, अंक 117

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
पढ़ना कभी भी बंद न करें, क्योंकि ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती है।

## क्विक न्यूज

### महादेव बेटिंग ऐप केस में बॉलीवुड एक्टर साहिल खान अरेस्ट

**नई दिल्ली :** महादेव बेटिंग ऐप केस काफी दिनों से चर्चा में बना हुआ है। इस केस में बॉलीवुड के कई एक्टर्स का नाम सामन आया था। मुंबई पुलिस की ओर से लगातार इस मामले की छानबीन चल रही थी। इसी बीच मुंबई पुलिस एसआईटी को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एक और बॉलीवुड एक्टर का नाम चर्चा में आ गया है। वो कोई और नहीं बल्कि साहिल खान का नाम सामने आ रहा है। खबर है कि उन्हें पुलिस की ओर से गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी छत्तीसगढ़ में की गई है। केस के सिलसिले में पहले मुंबई पुलिस एसआईटी ने उनसे पूछताछ की थी। वहीं, एक्टर ने भी जमानत के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन उनकी जमानत याचिका अदालत की ओर से खारिज कर दिया गया था।

### पांच नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावति सुकमा जिले में पूना नर्कोम-नई सुबह, नई शुरूआत अभियान चलाई जा रही है। इस अभियान से प्रभावित होकर रविवार को पांच नक्सलियों ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में आत्मसमर्पण किया है।सुकमा पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले में पूना नर्कोम-नई सुबह, नई शुरूआत अभियान चलाई जा रही है। इसी कड़ी में 5 नक्सलियों ने सीआरपीएफ और उच्च पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वालों में माड़वी आयते (सिंघनमडु आरपीसी अंतर्गत सीएनएम अध्यक्ष, ईनामी 01 लाख रुपये) , वेट्टी लाली (अरलमपल्ली पंचायत सीएनएम अध्यक्षा, ईनामी 01 लाख) , मडम भीमा (पालाचलमा आरपीसी अंतर्गत मिलिशिया सदस्य), पदाम कमलेश (कोंटा एरिया कमेटी अंतर्गत जनताना सरकार स्कूल अध्यक्ष) और सोड़ी मासा (साकलेर आरपीसी मेडिकल टीम अध्यक्ष) शामिल हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बस में मारी टक्कर, 7 की मौत, 20 घायल

**नयी दिल्ली :** उन्नाव-हरदोई मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक हरदोई की ओर जा रही मिनी बस में दाहिनी तरफ से टक्कर मारते हुए निकल गया। हादसे में चालक की तरफ का बस का आधा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में चालक सहित सात लोगों की मौत हो गई है। इनमें दो महिलाएं और पांच पुरुष हैं। कई की हालत नाजुक है। हादसे में 20 लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

### संदेशखाली मामले की सीबीआई जांच के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पहुंची ममता सरकार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव में संदेशखाली का मुद्दा फिर से गरमा गया है. एक ओर, संदेशखाली में सीबीआई और एनएसजी ने हथियारों का जखीरा बरामद किया है, तो दूसरी ओर, ममता सरकार संदेशखाली कांड की सीबीआई जांच रोकने के लिए पूरी ताकत लगा रही है. इस बार राज्य सरकार ने कलकत्ता हाई कोर्ट के सीबीआई जांच आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति बी.आर. गवई की पीठ में सोमवार को सुनवाई होने की संभावना है.

### मुंबई में 14 बच्चों को बेचने वाले डॉक्टर समेत 7 आरोपित गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने 14 बच्चों को बेचने वाले डॉक्टर समेत 7 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बच्चों को बेचने वाले इस गिरोह का जाल महाराष्ट्र के कई जिलों सहित तेलंगाना तक फैला हुआ है। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।पुलिस उपायुक्त रागसुधा आर. ने रविवार को मीडिया को बताया कि बच्चों को बेचने का गिरोह डॉ संजय खंडारे फर्टिलिटी सेंटर में काम करने वाली महिलाओं की मदद से चलाया जा रहा था। इस मामले में अब तक वंदना पवार, शीतल वारे, स्नेहा सूर्यवंशी, नसीमा खान, लता सुरवाडे, शरद देवार और डॉ संजय खंडारे को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपितों को कोर्ट ने सात दिनों तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। अब तक की जांच में पता चला है कि इस गिरोह के जरिए 14 बच्चों को बेचे जाने की जानकारी मिली है, इनमें 11 लड़के और तीन लड़कियां हैं।

### भाजपा-कांग्रेस ने एक होकर बसपा को तोड़ा : मायावती

**मुरैना :** उत्तरप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने रविवार को मध्य प्रदेश के मुरैना में चुनावी सभा में भाजपा और कांग्रेस को एक बताया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तरप्रदेश में चार बार बसपा के नेतृत्व में सरकार बनी। जब चौथी बार अकेले बलबूते हमारी सरकारी बनी तब कांग्रेस, भाजपा और दूसरी जातिवादी पार्टियों ने एक होकर बसपा को कमजोर करने के लिए रास्ता निकाला। इन्होंने स्वार्थी और बिकाऊ किस्म के लोगों को तोड़ा। इन्हें आगे कर छोटे संगठन बनवा दिए और बसपा के मुकाबले में ले आए।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 39° |
| न्यूनतम | 23° |

**खूंटी लोस क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी ने किया संवाद**

# मोदी सरकार में सभी का हो रहा विकास : अर्जुन मुंडा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी:** केंद्रीय मंत्री और खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने रविवार को खूंटी विधानसभा क्षेत्र के मुरहू प्रखंड में जनसंपर्क अभियान के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद किया। अपने संबोधन में अर्जुन मुंडा ने पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए कार्यों से ग्रामीणों को अवगत कराया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है और एक सशक्त नेतृत्व के कारण ही भारत का पूरी दुनिया में नाम हो रहा है। मुंडा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मोदी ने जो काम किया, वह सबके सामने है। चाहे महिला हो, युवा हो, व्यापारी वर्ग हो, गरीब हो या किसान हो, सबका सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने काम किया है। ऐसी सरकार को हमें फिर से केंद्र की सत्ता में लाना है, जो सबके हक की चिंता करती हो। अर्जुन मुंडा ने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल के करीब है। उन्होंने पिछले साल भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आकर उनके जन्मदिन के अवसर पर माटी का तिलक लगाकर यहां से दो बड़ी योजना विकसित भारत और पीएम जनमन का शुभारम्भ किया था। यह हम सभी के लिए गर्व का पल है, क्योंकि पहली बार भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर देश का कोई प्रधानमंत्री आया। आज वीरों की धरती खूंटी का पूरे देश में नाम हो रहा है। जब हम 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाएंगे, उस वर्ष को भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। पहली बार आदिवासी समाज के लोगों को इतना सम्मान दिया जा रहा है और यह सब मोदी जी के नेतृत्व में ही संभव हो पा रहा है। मौके पर भाजपा मुरहू मंडल के अध्यख राम बिहारी राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। खूंटी के गनालोया गांव की महिलाओं ने भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को 1100 रुपये और श्रीफल भेंटकर उन्हें जीत की शुभकामनाएं दी।



### भाजपा ने पिछले दस वर्षों में जितना काम किया है उतना किसी ने नहीं किया: मरांडी

लोहरदगा : जिले के भंडरा प्रखंड के ठाकुरबाड़ी मंदिर मैदान में रविवार को भाजपा की चुनावी जनसभा में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने झारखंड के लोगों के भावनाओं का कभी सम्मान नहीं किया। ये हमेशा झारखंड के विरोधी रहे हैं। मरांडी ने कहा कि झारखंड गठन से पहले यहां न सड़कें थीं और ना ही कोई बुनियादी सुविधाएं। वर्तमान भाजपा ने पिछले दस वर्षों में जितना काम किया है उतना किसी ने नहीं किया। दस साल पहले गरीबों के घर न तो शौचालय, न रहने को पक्का मकान और न ही खाना बनाने के लिये गैस चूल्हा। मोदी सरकार ने ये सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई। साथ ही मुफ्त में अनाज देने कि भी गारंटी दी। प्रधानमंत्री ने पांच लाख का इलाज सुविधा भी लोगों को उपलब्ध कराया।लोकसभा चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की बात करते हुए मरांडी ने कहा कि मोदी सरकार ने झारखंड को समृद्ध बनाने की गारंटी ली है। पीएम कहते हैं कि समृद्ध झारखंड बनाएंगे। झारखंड सरकार को विकास का विरोधी बताते हुए कहा कि यहां की सरकार ने सिर्फ परिवार के लिये राजनीति करते हुए लूटने का काम किया है। हेमंत सोरेन स्वयं फंसे। क्योंकि, उन्होंने लुटेरों को संरक्षण दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी चाईबासा, पलामू और लोहरदगा में जनसभाओं को करेंगे संबोधित

**रांची :** राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण से मतदान होना है। राज्य में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू चुनाव होने हैं। एनडीए और इंडी गठबंधनों ने सभी 14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है। साथ ही दोनों गठबंधन ने स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी कर दी है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाईबासा, पलामू और लोहरदगा में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी तीन मई को कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा में तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। चार मई को सुबह 9:30 बजे पलामू के चियांकी हवाई अड्डे में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी दिन दोपहर 12:30 से लोहरदगा के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे।

## कल्पना सोरेन गांडेय विस सीट से आज करेंगी नामांकन दाखिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन गांडेय विधानसभा सीट के लिए झामुमो की उम्मीदवार हैं. आज सोमवार को उनके द्वारा नामांकन पर्चा भरा जाएगा. इस दौरान सूबे के मुखिया चंपाई सोरेन के अलावा झामुमो के साथ इंडिया ब्लॉक के कई नेता मौजूद रहेंगे. नामांकन के उपरांत पपरवाटांड खेल मैदान में सभा का आयोजन किया जाएगा. इसकी जानकारी रविवार को पार्टी सूत्रों ने दी.

जानकारी के अनुसार रविवार की शाम को ही कल्पना सोरेन गिरिडीह पहुंच जाएंगी. सोमवार की सुबह सड़क मार्ग से वे पपरवाटांड स्थित समाहरणालय पहुंचेंगी. यहां नामांकन प्रक्रिया के बाद आयोजित सभा में वे मुख्यमंत्री के साथ शामिल होंगी. नामांकन को लेकर कार्यकर्त्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है. जिले के कार्यकर्ताओं के अलावा समीप के कई जिले के कार्यकर्त्ता भी इस दौरान मौजूद रहेंगे. उन्होंने रविवार को झामुमो पार्टी प्रमुख और सांसद और ससुर शिबू सोरेन तथा सास रूपी सोरेन से आशीर्वाद लिया। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के एक्स पर फोटो पोस्ट करते हुए कल्पना ने लिखा कि आंदोलन, संघर्ष और शहादत से बने विशाल वृक्ष का नाम है झामुमो। झारखंडवासियों के हक-अधिकार के लिए अंतिम सांस तक लड़ने वाले संघर्ष का नाम है झामुमो। झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने उन्हें गांडेय विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव लड़ने का निर्देश दिया है। उपचुनाव के लिए झामुमो के तीर-कमान की शक्ति के साथ सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व बाबा, मां और दीदी का आशीर्वाद लिया।

कल्पना ने लिखा है कि वे झामुमो की सिपाही के रूप में झारखंड और गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता के हक-अधिकार के लिए जीवनपर्यंत कार्य करेंगी। आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद के साथ आने वाले वक्त में गांडेय की तस्वीर बदली जाएगी।उल्लेखनीय है कि गांडेय सीट से झामुमो के सरफराज अहमद विधायक थे। ईडी द्वारा जमीन घोटाला मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत की गिरफ्तारी के दौरान सरफराज ने इस्तीफा दे दिया था।

## 602 करोड़ की ड्रग्स के साथ 14 पाकिस्तानी नागरिक अरेस्ट



**एजेंसी**

**अहमदाबाद :** गुजरात तट से आतंकवाद विरोधी दस्ते और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने जॉइंट ऑपरेशन के जरिए 86 किलोग्राम ड्रग्स बरामद किया है. बाजार में इसकी कीमत करीब 602 करोड़ रुपए आंकी गई है. एटीएस और एनसीबी ने संयुक्त कार्रवाई कर 14 पाकिस्तानी नागरिकों को भी अरेस्ट किया है. बता दें कि ये ऑपरेशन पिछले 2 दिन से चल रहा था.ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तारी से बचने की कोशिश में पाकिस्तानी नागरिकों ने एटीएस अधिकारियों पर अपनी नाव चढ़ाने की कोशिश की और पुलिस को जवाबी कार्रवाई में फायरिंग करनी पड़ी. इसके बाद संदिग्धों को पकड़ लिया गया. सुरक्षा एजेंसियां पिछले दो दिनों से अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के पास भारतीय जल सीमा के भीतर तलाशी अभियान चला रही थीं.इंडियन कोस्ट गार्ड ने समुद्र में खुफिया जानकारी के आधार पर मादक द्रव्य विरोधी अभियान चलाया. जिसमें पाकिस्तानी नाव के 14 चालक दल के साथ 602 करोड़ रुपये मूल्य का लगभग 86 किलोग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया गया. इंडियन कोस्ट गार्ड ने आतंकवाद विरोधी दस्ते और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के सहयोग से एक सफल ऑपरेशन चलाया. ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए भारतीय तटरक्षक जहाजों और विमानों को मिशन पर तैनात किया गया था. एनसीबी और एटीएस अधिकारियों को ले जा रहे आईसीजी ने जहाज राजरतन ने संदिग्ध नाव की पहचान की. ड्रग्स से लदी नाव के चालकों ने भागने की कोशिश की, लेकिन तटरक्षक जहाज राजरतन ने इसे नाकाम कर दिया.



## जब तक जरूरत हो आरक्षण बढ़ाया जाना चाहिए : मोहन भागवत

**एजेंसी**

**हैदराबाद :** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संघ परिवार ने कभी भी कुछ समूहों को दिए गए आरक्षण का विरोध नहीं किया. हैदराबाद में एक शैक्षणिक संस्थान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि संघ की राय है कि जब तक जरूरत हो आरक्षण बढ़ाया जाना चाहिए. उन्होंने कहा, संघ शुरू से ही संविधान के अनुसार सभी आरक्षणों का समर्थन करता रहा है. लेकिन कुछ लोग झूठे वीडियो प्रसारित कर रहे हैं.मोहन भागवत का यह बयान आरक्षण को लेकर बीजेपी और कांग्रेस के बीच चल रहे वाकयुद्ध के बीच आया है. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख भागवत ने पिछले साल नागपुर में कहा था कि जब तक समाज में भेदभाव है तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए. उन्होंने कहा था, भेदभाव अदृश्य होते हुए भी समाज में मौजूद है.मोहन भागवत ने कहा,एक वीडियो प्रसारित किया जा रहा है कि आरएसएस आरक्षण के खिलाफ है और हम इसके बारे में बाहर नहीं बोल सकते. अब यह पूरी तरह से झूठ है. ये असत्य बात है और गलत बात है. संघ शुरू से ही संविधान के अनुसार सभी आरक्षणों का समर्थन करता रहा है.देश में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दो चरणों में 190 सीटों पर चुनाव हो चुके हैं और पांच चरण अभी बाकी हैं. पहले भी कई पार्टियों के नेता बीजेपी और आरएएस पर आरोप लगाते रहे हैं कि वे आरक्षण खत्म कर देंगे, जिस पर मोहन भागवत ने सफाई दी है.

## गर्मी और लू से लोगों का जीना मुहाल

### ओडिशा व पश्चिम बंगाल में रेड अलर्ट जबकि बिहार और झारखंड के लिए जारी हुआ ऑरेंज अलर्ट



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** देशभर में बढ़ती गर्मी और लू से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उसके पार तक जा रहा है। लू को लेकर भारतीय मौसम विभाग ने ओडिशा और पश्चिम बंगाल में रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि बिहार और झारखंड के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले कई दिनों तक गर्म हवाओं का प्रकोप रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, गर्म और उमस भरे मौसम के कारण बंगाल और ओडिशा में दिन के अधिकतम तापमान में और वृद्धि की संभावना है।

वहीं, लू के चलते लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ेगी। बढ़ती गर्मी और हीटवेव को लेकर भारतीय मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने कहा,ओडिशा में भी लू से बिगड़ते हालातों का सामना करना पड़ रहा है। यहां कुछ दिनों तक ऐसे ही हालात रहने वाले हैं। इसलिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। कई ऐसे स्थान हैं, जिनका तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया है। ओडिशा के औद्योगिक शहर अंगुल में 44.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि राज्य की राजधानी भुवनेश्वर में 44.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो इस मौसम में पहली बार 44 डिग्री को पार कर चुका है।

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में दिन के तापमान में धीरे-धीरे एक से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने का अनुमान जताया है और उसके बाद के दो दिनों तक कोई बड़ा बदलाव नहीं होने का अनुमान जताया है।

## बीजेडी और बीजेपी ने मिलकर जनता को सिर्फ चूना लगाया : राहुल गांधी

**एजेंसी**

**भुवनेश्वर :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ओडिशा के केंद्रपाड़ा में एक जनसभा को संबोधित कर केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने बीजेडी और बीजेपी के बीच सांठगांठ का आरोप लगाया. राहुल ने कहा, बीजेडी और बीजेपी की शादी हो रखी है. दोनों ने मिलकर जनता को सिर्फ चूना लगाया है और पान खिलाया है.राहुल गांधी ने कहा कि यहां बीजेडी और बीजेपी शादीशुदा हैं. दोनों एक-दूसरे के साथ हैं. दिल्ली के चाचा और नवीन बाबू ने पार्टनरशिप की है. चाचा और नवीन बाबू ने मिलकर ओडिशा की जनता को पान दिया है. पान यानी राज्य को पांडियन, अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नवीन पटनायक चला रहे हैं. उन्होंने तुम्हारी सारी संपत्ति चुरा ली है.इसके साथ ही राहुल गांधी ने ओडिशा के लिए कांग्रेस की गारंटी का भी वादा किया. उन्होंने कहा कि महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपए, बेरोजगार युवाओं को हर महीने 3,000 रुपए, 200 यूनिट फ्री बिजली, 500 रुपए में गैस सिलेंडर और धान के लिए 3,000 रुपए प्रति क्विंटल देंगे.राहुल गांधी ने कटक के सालेपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि भले ही बीजू जनता दल और भारतीय जनता पार्टी एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी लड़ाई लड़ रहे हैं लेकिन वास्तव में वे एक साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा,इसे साझेदारी कहें या विवाह, बीजद और भाजपा दोनों एक साथ हैं।



### दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से लवली ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली (एजेंसी):** दिल्ली प्रदेश कांग्रेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद अरविंद सिंह लवली ने घर के बाहर प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि मैंने सिर्फ अध्यक्ष पद छोड़ा है। अभी पार्टी नहीं छोड़ी है। किसी पार्टी में शामिल नहीं हूंगा। साथ ही कहा कि पीड़ा के चलते अध्यक्ष पद छोड़ा है। अभी कार्यकर्ताओं से बात करूंगा। टिकट को लेकर इस्तीफे की बात गलत है। उनके साथ कांग्रेस नेता राजकुमार चौहान एवं नसीब सिंह भी मौजूद रहे।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888 | www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

# हुसैनाबाद पुलिस व सीआरपीएफ की संयुक्त कारवाई में हार्डकोर नक्सली व हथियार मरम्मत करने वाला गिरफ्तार

## 4 देशी बंदूक समेत कई अन्य सामान बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पलामू पुलिस सजग है।इसी कड़ी में हुसैनाबाद पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में माओवादी नितेश यादव के दस्ता का सक्रिय सदस्य राजेंद्र भुइयां व नक्सलियों के लिए हथियार मरम्मत करने वाला विष्णु विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार राजेंद्र और विष्णु ने पलामू पुलिस के समक्ष कई खुलासा किया है। दोनों के पास से पुलिस ने चार देसी बंदूक, दो लोहे का बैरल, भरठुआ बंदूक में भरे जाने वाले बारुद, छर्रा बरामद किया है।पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले पलामू के कालापहाड़ के इलाके में नितेश यादव के दस्ते ने आधा दर्जन वाहनों को फूंका था, एक मोबाइल टावर के निर्माण कार्य को



भी रोका।दोनों घटनाओं में नितेश यादव ने स्थानीय कैडर का इस्तेमाल किया था। ये हथियार हिंसक घटनाओं को अंजाम देने में इस्तेमाल किए गए थे।एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि ने बताया कि गिरफ्तार राजेंद्र भुइयां कई हिंसक घटनाओं में शामिल रहा था। घटना को अंजाम देने के बाद वह भाग गया था। वापस लौट के बाद राजेंद्र फिर से दस्ता को सक्रिय करने के फिराक था।पुलिस को इसकी जानकारी मिली थी जिसके बाद छापेमारी कर राजेंद्र को गिरफ्तार किया गया। राजेंद्र की निशानदेही पर माओवादियों के हथियार मरम्मत करने वाले विष्णु विश्वकर्मा को भी गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि विष्णु विश्वकर्मा माओवादियों के लिए हथियार बनाता है और उसकी मरम्मत भी करता है। उन्होंने बताया माओवादी नितेश यादव के दस्ते का हथियार छुपाने वाले कई कैडर फरार हैं, पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पुलिस ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नासो जमालपुर के रहने वाले राजेन्द्र भुइया,कर्मदेव भुइया,उपेंद्र भुइया और अन्य के घर में छापेमारी के दौरान सभी हथियार बरामद हुआ। एसपी ने बताया कि कई अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज कर उनकी भूमिका की जांच चल रही, गिरफ्तारी के लिए कई इलाकों में छापेमारी चल रही है। अभियान में सीआरपीएफ 172 बटालियन के साथ एसडीपीओ हुसैनाबाद मुकेश कुमार महतो, हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी संजय यादव, एसआई धर्मेंद्र सिंह, एसडीपीओ का अंगरक्षक रंजन टूटी समेत कई पुलिस अधिकारी व जवान शामिल रहे।

# मारवाड़ी युवा मंच ने किया चार पनशाला का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू में पड़ रही भीषण गर्मी एवं बाजार क्षेत्र में पानी की किल्लत को देखते हुए मारवाड़ी युवा मंच ने अस्थाई पनशाला का शुभारंभ कर दिया है। इसके तहत रविवार को बाजार क्षेत्र में चार पनशाला खोला गया । जिसमें एक धर्मशाला रोड डावर मोड़ के पास में, दूसरा जय भवानी संघ चौक, बेनी मंदिर के पास जबकि तीसरा बसंत बहार रोड श्री मुकेश उदयपुरी जी के प्रतिष्ठान के बाहर एवं चौथा कणीराम मोड के पास में किया है। मारवाड़ी युवा मंच के अमृत धारा प्रभारी राहुल उदयपुरी मुकेश उदयपुरी व अंकित तुलस्यान ने बताया कि शहर में जहां भी पांशला की आवश्यकता है या पानी की किल्लत है वहां हमारा लक्ष्य है कुल दस अस्थाई पनशाला अमृतधारा खोलने का। चार की शुरुआत आज हो चुकी है । दो से तीन दिनों में बस स्टैंड और तीनकोनिया गैरेज के पास पंसाला शुरू हो जाएगा। जगह हम चिन्हित कर रहे हैं जहां इसका संचालन अच्छे तरीके से हो सके एवं अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ पहुंचाया जा सके। मंच के सचिव श्री सज्जन जी शंघाई उर्फ टिंकू ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच का यह राष्ट्रीय प्रकल्प अमृत धारा है जिसके तहत हम अस्थाई और स्थाई पनशाला चलाते हैं।

# सूखे नदी सूखे तालाब सूखे चपाकल और जलमीनार कैसे मिलेगी पानी से निजात



**नीलांबर पीतांबरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड में चल रहा हीट वेव हीट वेव का असर पलामू में भी देखने को मिल रहा है 40 के पार चढ़ा पारा प्रखंड वासियों के स्थिति होने वाली है खराब क्योंकि नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के कई पंचायत के गांव में जल संकट गहराया 7 सुखी नदियां, सूखे तालाब और सुखे चापाकल और जलमीनार। ऐसे में ग्रामीण पानी की समस्या से कैसे पाएंगे निजात। अभी लोकसभा प्रत्याशियों के चुनावी मुद्दों की पहली प्राथमिकता है जल संकट को दूर करना लेकिन जब चुनाव खत्म होती है तो जल संकट मुदा बन कर ही रह जाति है 7 लेस्लीगंज ग्रामीण जलापूर्ति योजना भी नदी सूखने से प्रतिदिन मिलने वाला पानी एक दिन बाद करके ग्रामीणों को मिल रहा 7और सरकार के द्वारा लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना जल जीवन मिशन चलाकर व्यवस्था कि जा रही है लेकिन व्यवस्था को ठेकेदार और बिचौलिए अपने जेब भरने का साधन बना बैठे हैं जल है तो नल नहीं बोरिंग है तो पानी नहीं ऐसे में सुखे नदियां सूखे तालाब सूखे चापाकल से कैसे होगी जल संकट दूर और क्या होगी ग्रामीणों की स्थिति और क्या कहेगी प्रशाशन ऐसे में जरूरत है ठेकेदार और विभाग को ध्यान देने की।

# मुकेश प्रसाद के पुत्र अक्षय आनंद ने जेइइ मेंस में 99.29 प्रतिशत लाकर किया क्षेत्र का नाम रौशन




**हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के निवासी मुकेश प्रसाद के पुत्र अक्षय आनंद ने जेइइ मेंस में 99.29 प्रतिशत लाकर प्रखंड क्षेत्र एवं जिला के साथ-साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है, अक्षय आनंद दशमी की पढ़ाई ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल चुटिया से 2022 में पास किया, अक्षय आनंद रांची के जेवीएम श्यामली का छात्र है। रांची के चैंप स्क्वायर से कोचिंग लिया, अक्षय आनंद ने 12 से 15 घंटा पढ़ाई करके जेइइ मेंस को अपना लक्ष्य के प्रति समर्पण कड़ी मेहनत, गुरुजनों के मार्गदर्शन, माता-पिता का आशीर्वाद एवं अपने सफलता का श्रेय बताया। अक्षय आनंद की माता रीना प्रसाद ने कहीं की अक्षय आनंद अनुशासन, नियमित अभ्यास एवं सॉफ्ट स्किल के साथ-साथ जेइइ मेंस में सफलता स्वीकार किया। मुकेश प्रसाद को खुशी से फूले नहीं समा रहा एवं घर में प्रशंसा का माहौल बना हुआ है। अक्षय आनंद को सहपाठी, रिश्तेदार ने बधाई देने का ताता लगा हुआ है।

# बीजेपी झारखंड प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** बीजेपी झारखंड प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष सिमरिया विधायक किशन दास के नेतृत्व में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हुसैनाबाद, बिश्रामपुर, छतरपुर विधानसभाओं के दर्जनों गांव सुपहा, जमुआ, झरगरा, इमलिया, टिकर, हुसैनाबाद, बिश्रामपुर के भलुही भंडार, महागावा छतरपुर के खातिर खजूरी, नदिया मदनपुर में जनसंपर्क अभियान चलाया। कृष्ण दास ने लोगों से अपील की 13 में को सभी लोग अपने-अपने वुथो पर जाकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान जरूर से करें नरेंद्र भाई मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएं ताकि देश चौमुखी विकास की ओर अग्रसर रहे और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत



विकसित राष्ट्र तीसरी आर्थिक महाशक्ति बन सके। पलामू लोकसभा से विष्णु दयाल राम प्रत्याशी है इन्हें कमल फूल छाप पर मोहर लगाकर आप भारी मतों से विजयी बनाए और नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत कीजिए यही आग्रह करने आप सबों के बीच में मैं आया हूं। जनसंपर्क अभियान में रंजन पासवान प्रभात भैया रामेश्वर उरांव उर्फ छतन पासवान रविंद्र कुमार कुमार गौरव सतीश कुमार रविंद्र यादव सागर पासवान कर्म पासवान बबन राम शिवकुमार भुइया सुरेंद्र राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# इंडिया गठबंधन के कार्यक र्ताओं की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सतबरवा चतरा, पलामू दोनों लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को बबलू होटल सतबरवा में हुई, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि इंडिया गठबंधन के झारखंड प्रदेश संयोजक गौतम सागर राणा उपस्थित थे।इंडिया गठबंधन के चुनाव संचालन समिति के प्रदेश संयोजक गौतम सागर राणा ने जीत का टीप्स देते हुए कहा कि आज देश के हालात अच्छे नहीं है। दस साल के मोदी शासन काल में बेरोजगारी बढी, महंगाई बढी,रोजी रोटी के साधन छिन लिए गए। आज यह चुनाव देश भक्त व अंध भक्त तथा गांधी व गोडसे के विचार धारा के बीच है। मोदी ने प्रधानमंत्री की गरिमा गिरा दी है, मोदी एक निम्न स्तरीय भाषा का इस्तेमाल अपने भाषणों में कर रहे हैं। पूरे भारत में भाजपा द्वारा गलत बयानी कर लोगों



को भ्रमित किया जा रहा है, इससे सावधान रहें। इन्होंने कहा कि आज मोदी के कारण 70 प्रतिशत आबादी का पैसा मात्र 25 लोगों के पास जमा हो गया है। यह सरकार पुंजीपतियों की है। भाजपा चार सौ पार का नारा दे रही है,वह भारतवासियों के लिए एक चेतावनी है, चार सौ का मतलब संविधान में संशोधन, आरक्षण समाप्त करने का छुपा एजेंडा है। राणा ने कहा कि आप सभी इंडिया गठबंधन के सिपाही हैं पूरे तन मन धन से इंडिया गठबंधन के चतरा से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी व पलामू से राजद प्रत्याशी ममता भुईयां को भारी बहुमत से जीताएं और अपने संविधान की रक्षा करें। इस मौके पर राजद युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हाजी संजर नवाज, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद यादव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद हदीस अंसारी, झामुमो प्रखंड सचिव श्रीनिवास चौधरी, दयानंद चौधरी, मनोज भुईयां, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, मुखिया संघ के सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# श्री रूद्र चंडी महायज्ञ में आशीर्वाद लेने पहुंचे भाजपा सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड के सोपारम गांव मे आयोजित नव दिवसीय श्री रूद्र चंडी महायज्ञ के संध्या आरती मे सामिल हुए भाजपा सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह 7 इस शुभ अवसर पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया वही यज्ञ समिति के द्वारा अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया 7 इस मौके पर मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अच्छेवट पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष बिनय सिंह, युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमित साहू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष संजीव पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि शशि चौरसिया, रंजीत गुप्ता, भाजपा नेता प्रमोद सिंह प्रताप चौरसिया, सुनील चौरसिया, बिनय सिंह, नथु गुप्ता, गणेश गुप्ता, अवध राज, राजेंद्र सिंह एवं सोपारम गाँव के गौतम दास, राम पदारथ दास, राम नारायण दास, संजय दास, मुरली दास, बबन दास, रोहित कुमार सिंह, श्री राम कुमार, ब्रज किशोर पाण्डेय, केशरी दास सहित यज्ञ समिति के अध्यक्ष नन्द कुमार पाठक, सचिव नरेश दास एवं कोषाध्यक्ष अमित कुमार उपस्थित रहे।

# मिनी विदेशी शराब फैक्टरी का उदभेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर नौड़ीहा बाजार के खैरादोहर पंचायत के लकड़ाही मे उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार के नेतृत्व मे छापमारी कर मिनी विदेशी शराब फैक्टरी की उदभेदन किया गया। छापामारी के क्रम मे राजेंद्र यादव नामक व्यक्ति के गिरफ्तार कर ली गई। उत्पाद अधीक्षक श्री सुधीर कुमार ने पत्रकारों से मुख़ातिब होकर बताया कि अंग्रेजी शराब की मिनी फैक्टरी की संचालन होने की भनक गुप्त सूचना मिली थी। गुप्त सूचना के आधार छापमारी की गई तो इम्पेरियल ब्लू के अंग्रेजी शराब एवं बनाने वाली समाग्री जैसे इम्पेरियल ब्लू के लेवल लगा हुआ बोतल, ढक्कन के अलावा अन्य समाग्री बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि तीन लाख की लागत बताया है। शराब माफिया के द्वारा अंडे के पेटी मे भर कर बिक्री किया जाता था। नौड़ीहा बाजार थाना क्षेत्र मे दो माह पूर्व मे मिनी विदेशी शराब फैक्टरी की ध्वस्त किया गया था। लेकिन शराब माफिया ने अपनी कारोबार से बाज नहीं आ रहे है। सामाचार लिखे जाने तक शराब माफिया के विरुद्ध मामला दर्ज कर दी गई है। छापमारी दल मे एसआई देवलाल उराँव, सहायक अवर निरीक्षक अनुप प्रकाश सहित अन्य आरक्षी मौजूद थे।

# मोदी पर देश की जनता को भरोसा है : सत्येंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा कोर कमिटी की बैठक रविवार को आहूत की गई। इस बार का लोकसभा चुनाव अलग ढंग से होने जा रहा है। भाजपा के विरोध में विभिन्न दल के लोग महागठबंधन कर चुनाव लड़ रहें हैं। इससे पहले देश में कभी नहीं ऐसा महागठबंधन बना था। सभी भ्रष्ट पार्टी महागठबंधन बनाकर चुनाव लड़ रहे हैं। भ्रष्ट पार्टी के प्रमुख नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं। भ्रष्टाचार में जो संलिप्त है उसे भाजपा छोड़ने नहीं जा रही है। उक्त बातें भाजपा के संयोजक सह गढ़वा विधानसभा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि नरेंद्र मोदी का जो नारा है 400 पार वह भाजपा आसानी से लाने जा रही है। उन्होंने कहा कि पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने अपने दस साल के कार्यकाल में बहुत बड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि एक हजार किलो मीटर प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत



सड़क बनावाने का काम किया है। विष्णु दयाल राम शिलान्यास पर भरोसा नहीं करते हैं वह काम पर भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिध अपने काम पर नहीं बल्कि शिलान्यास पर भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार गढ़वा- रंका विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक वोट भाजपा को मिलने जा रहा है। पिछले बार से ज्यादा वोट से बीडी राम चुनाव जीतने जा रहे हैं। पलामू लोकसभा के सह संयोजक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को 10 लाख से ज्यादा वोट आने जा रहा है। भाजपा के कार्यकर्ता पूरी तरह से जागरूक होकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की बात करती है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसीत बनाना है तो नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा किये गये विकास कार्य को झामुमो गिनाने का काम कर रही है। झारखंड में चार साल से झामुमो का सरकार हैं झामुमो सरकार में सिर्फ कुशासन हुआ है। भाजपा पार्टी पूरी तरह से एकजुट होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी चार मई को नरेंद्र मोदी का आगमन मेदनीनगर के चियाकी हवाई हड्डा पर होने जा रहा है। नरेंद्र मोदी का भाषण सुनने के लिए गढ़वा से हजारों कार्यकर्ता चियाकी हवाई हड्डा पहुंचेगें।दुर्गा प्रसाद जोहरी ने कहा कि 2024 में भाजपा विकास के नाम पर चुनाव लड़ रही है। देश की जनता भी चाह रही है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुनः बने। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भी 273 सीट पर चुनाव नहीं लड़ रही है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, भगत साहू, ओमप्रकाश केसरी, प्रमोद चौबे, रूपा सिंह, संजय ठाकुर, राजकुमार मधेशिया, रिंकू तिवारी, संतोष दूबे सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सात दिवसीय यज्ञ का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के अटरिया गांव में आयोजित सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ समापन शनिवार को हुआ। जहां उत्तर प्रदेश के कई जगहों से आमंत्रित विद्वान पंडितों के द्वारा यज्ञ मंडप परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण व हवन के साथ संपन्न हुआ। साथ हीं गांव में नवनिर्मित विशाल व भव्य शिव मंदिर में शिवलिंग सहित आराध्य भगवान शंकर व मां पार्वती की प्रतिमा भी स्थापित की गई। जो आयोजित सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ के दिनों पूजा अर्चना के साथ आमजनों के लिए शुरू कर दिया गया। वहीं सर्वेश्वरी समूह की गुरी शाखा की ओर से यज्ञ के सातों दिन परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी। जहां आने वाले लोगों को नींबू शरबत सहित पानी पिलाया जा रहा था। इस गर्मी में लोग जहां घरों में दुबके रहे वहीं सर्वेश्वरी समूह सेवाभाव के साथ गर्मी व लू की थपेड़ों में समर्पण के साथ सराहनीय कार्य किया गया।




सर्वेश्वरी समूह की ओर से सेवा भाव व समर्पण के साथ किए गए इस कार्य के लिए यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री उदय नारायणाचार्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज की ओर से सभी सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं यज्ञ संपन्न करने के लिए आमंत्रित विद्वान पंडितों को यज्ञ कमेटी की ओर से विदाई स्वरूप सप्रेम भेंट करते हुए सम्मानित किया गया। विदित हो कि पिछले दो महीना से आयोजित यज्ञ को लेकर गांव में यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री उदय नारायणाचार्य श्री त्रिदंड स्वामी जी महाराज की ओर से भगवत भजन व कथा वाचन किया जा रहा था। रविवार 21 अप्रैल को जलयात्रा के साथ सात दिवसीय यज्ञ की शुरुआत की गई थी। जहां प्रत्येक दिन प्रातः व दिवस काल में यज्ञाचार्य के साथ विद्वान पंडितों के द्वारा वेद मंत्रों के साथ पूजन कार्यक्रम होता रहा। वहीं दोपहर तीन बजे से देर रात तक प्रख्यात अलग-अलग क्षेत्रों से पधारे विद्वान प्रवचन कर्ताओं के द्वारा कथा वाचन किया गया। यज्ञ कमेटी की ओर से कथा वाचन के लिए अयोध्या से मानस विदुषी देवी चंद्रकला व जगतगुरु लक्ष्मणाचार्य को आमंत्रित किया गया। जो 7 दिनों तक गांव सहित आसपास के लोगों को भगवत भजन व अध्यात्म में डुबोए रखें। श्रीरुद्र महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री उदय नारायणाचार्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज सहित यज्ञ समिति के अध्यक्ष देव नारायण तिवारी, यज्ञ संरक्षक रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकास दुबे, कन्हैया तिवारी, सुनील तिवारी, जितेन्द्र तिवारी, नवीन रंजन तिवारी, दिलिप तिवारी, राहुल तिवारी, अमित तिवारी, अशोक तिवारी सहित अटरिया गांव व आसपास के लोगों की महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने पौधा दान कर तिब्बती बौद्ध भिक्षु के कार्यक्रम का किया शुभारंभ

## पर्यावरण धर्म के प्रभाव से ही धुलेगा अनर्थ का पाप : कौशल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरगुजा :** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मैनपाट कामेश्वरपुर थाना अंतर्गत शुक्रवार को तिब्बत वासियों के गांव स्थित भगवान बुद्ध के विशाल मंदिर में आयोजित नवाह पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पौधा दान कर किया। उन्होंने उक्त मौके पर बौद्ध भिक्षुओं को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना व उसके आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा दान किया। मौके पर पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस तेजी से लोग अनाधिकृत रूप से आर्थिक लाभ के लिए प्राकृतिक संसाधनों का शोषण व दोहन कर रहे हैं उसी का



परिणाम है कि पृथ्वी का तापमान बेतहासा बढ़ता चला जा रहा है। फलतः ग्लेशियर पिघल रहे हैं व समुद्र से वाष्प बनकर आसमान में जा रहा है। जिसके कारण जलवायु परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसी जलवायु परिवर्तन के कारण ही 15 दिनों के अंदर गर्मी के मौसम होने के बाद भी चीन, दुबई, ओमान, व इंग्लैंड में मूसलाधार हुई बारिश के कारण कई गांव व शहर जलमग्न हो गए हैं। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा है कि यदि जलवायु परिवर्तन को रोकना है तो दुनिया के तमाम उम्र के लोगों को अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपने जीवन के दिनचर्या में शामिल करना होगा। कौशल ने कहा कि जबतक वन्य एवं उसके अलावे रैयति भूमि पर 33त्न सघन वन तैयार ना हो जाय तबतक जलवायु परिवर्तन कोई रोक नहीं सकेगा। इसके सिवाय दूसरा कोई विकल्प नहीं है। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा है कि 34 वर्षो के बाद उस क्षेत्र के लोग उन्हें बुलाया है। उन्होंने पर्यावरण धर्म के तहत आम का पौधा देकर कार्यक्रम में शामिल लोगों को सम्मानित करते हुए कहा कि पुत्र साथ छोड़ सकता है परंतु पेड़ नहीं। उक्त मौके पर तिब्बत से आए बौद्ध भिक्षु धर्मगुरु दोरजें तेनज़िंग और सीतापुर गुतुरमा निवासी क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी भोला प्रसाद गुप्ता ने अपने संबोधन में पर्यावरण के क्षेत्र में एक लंबे अरसे से पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल के द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों की काफी सराहना की। कार्यक्रम में दोजेंतेनजिम, पेमादोरजें, तशीवागंडू, करसाडावममो, ग्राम पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी, दिनेश प्रसाद गुप्ता, रुपेश प्रसाद, मुकेश प्रसाद, दोवेश प्रसाद राकेश प्रसाद यादव के साथ कई प्रमुख लोग व बौद्ध भिक्षु शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 147 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारा सत्संग का आयोजन

**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट राँची एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़)दिल्ली शाखा राँची के सयुंक्त तत्वाधान में कटहल मोड रोड पुंदाग स्थित निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण मे स्थित(श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर) पुंदाग टीओपी के पीछे, पुंदाग,राँची में प्रत्येक रविवार को होने वाला 147 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारा सत्संग, सुमरिन और सेवा के साथ बहुत ही भक्तिमय माहौल मे सम्पन्न हुआ।अपने पुत्र, पुत्रवधु मनोज मिनु केजरीवाल एव बच्चों के जन्मदिवस के सुअवसर पर शकुन्तला केजरीवाल ने 1100 श्रद्धालुओ को 147 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर जरुरतमंद ग्रामीणों दिव्यांग रोगीयों के साथ मनाया। भंडारे के यजमान शकुन्तला केजरीवाल, मनोज मिनु केजरीवाल, अंजना आदि उपस्थित थे।

### ईदगाह मस्जिद के मोअजिम शौकत अंसारी के परिजनों से मिलने पहुंची शिल्पी नेहा तिर्की

**रांची।** हर दिन की तरह सुबह सुबह 4:00 का अजान देने के लिए अपने घर से मुड़मा चौक स्थित ईदगाह मस्जिद शौकत अंसारी, उम्र 65 वर्ष, पिता स्व0 जुम्मन अंसारी, ग्राम मेसल मुड़मा निवासी जा रहे थे, सड़क पर अज्ञात वाहन के चपेट में आ जाने से घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। इसकी जानकारी पार्टी कार्यकर्ताओ एवं ग्रामीणों द्वारा मिलने के पश्चात विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, मृतक के परिजनों से मिलने उनके आवास पहुंची, परिजनों से मिलकर शौक व्यक्त कर ढाढस बंधाया। मौके पर उप प्रमुख अमानत अंसारी, विधायक प्रतिनिधि समीम अख्तर, आबिद अंसारी, फिरोज अंसारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# मरहबा ह्यूमन सोसाइटी ने किया हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन

### तीन सौ से ज्यादा हज यात्री हुए ट्रेनिंग कैंप में शामिल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची की मशहूर समाजिक संगठन मरहबा ह्यूमन सोसाइटी द्वारा आज हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। शहर के मेन रोड स्थित तस्लीम महल में आयोजित इस एक दिवसीय हज ट्रेनिंग कैंप में रांची और इसके आस पास के इलाकों के लगभग तीन सौ महिला एवं पुरुष हज यात्री शामिल हुए। प्रोग्राम की शुरुआत हाफिज कलाम के तिलावत कुरान पाक से हुआ। इस अवसर पर इमारत शरिया के काज़ी ए शरीयत मुफ्ती अनवर क़ासमी और मशहूर हज ट्रेनर हाजी कैसर आलम ने हज यात्रियों को हज यात्रा से संबंधित ज़रूरी जानकारी दी। मक्का, मदीना में किस दिन क्या करना है, कैसे रहना है इसकी पूरी जानकारी दी गई।मुफ्ती अनवर कासमी ने उमरा कैसे करना है किन किन जगहों पर क्या दुआ करनी इन सब बातों को तफसील से बताया।वहीं झारखंड के मशहूर हज ट्रेनर हाजी कैसर आलम ने आजमिनो को हज के पांच दिनों के अरकान को बताते हुए कहा की कब कब एहराम की हालत में रहना है सफा मरवा और रमी करने के तरीके को विस्तार से बताया।इस मौके पर झारखंड पुलिस मुख्यालय में पदस्थापित डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम ने भी हज यात्रा से संबंधित अपने अनुभव साझा किया। साथ ही हज यात्रियों से देश की तरक्की अमन चैन, सुख शान्ति और समृद्धि के लिए दुआ करने की अपील की। झारखंड राज्य से इस वर्ष कुल 1756 हज यात्रियों का प्रस्थान कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद से होना है। श्री आलम ने सभी हज यात्रियों को झारखंड पुलिस द्वारा आवश्यक सुरक्षा देने का भरोसा दिलाया। ज्ञात हो की वर्ष 2008 से लगातार प्रत्येक वर्ष मरहबा ह्यूमन सोसाइटी के द्वारा तस्लीम महल में निःशुल्क हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है । इस मौक़े पर हज यात्रियों के लिए मेडिकल कैंप के साथ साथ दोपहर के खाने पीने का भी इंतजाम किया जाता है। मौके पर मरहबा ह्यूमन सोसाइटी के सरपरस्त एवं मशहूर समाज सेवी डॉ असलम परवेज़, सोसाइटी के अध्यक्ष नूर अहमद, सचिव सैयद नेहाल अहमद, नयैर सहाबी, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के महा सचिव अकिलुर रहमान, हाजी शाहिद, शमशाद अनवर, नजमुल आरिफीन, मो फिरोज, अफशरूल आविदिन, शेख अनिसुद्दीन, शमशाद अनवर, मो जमील, आलम खान, जहांगीर आलम, जियाउद्दीन, तलहा हैदरी, तारिक सगीर, औरंगजेब खान, परवेज खान, मो फारूक, हाजी मूसा मलिक, वसीम रेहान अहमद, समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे ।

# डीसी ने लोकसभा चुनाव के नामांकन के दौरान चाक-चौबंद व्यवस्था करने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा रांची निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी होगी। उसके बाद नामांकन प्रकिया शुरू होने को लेकर लोकसभा निर्वाचन, 2024 निमित्त कार्मिक कोषांग के कार्यो का मॉक ड्रील करते हुए नामांकन से जुड़ी तमाम तैयारियों की क्रमवार समीक्षा की गई।इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), रांची सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी हटिया विधानसभा क्षेत्र, राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सह निर्वाची पदाधिकारी रांची विधानसभा क्षेत्र, उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्त्ता रांची सह निर्वाची पदाधिकारी सिल्ली विधानसभा क्षेत्र राम नारायण सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक सुमन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

**सम्बंधित सभी अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश**

राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सम्बंधित सभी अधिकारियों से क्रमवार जानकारी लेते हुए उनको दिए उत्तरदायित्व के बारें में पूछा और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा सभी सम्बंधित अधिकारी को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष दिशा-निर्देश देते हुए कहा की पुरे समाहरणालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखना सुनिश्चित कराने को कहा। सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की इस दौरान समाहरणालय परिसर में अनावश्यक रूप से भीड़ ना लगे पार्किंग व्यवस्था और अन्य सभी व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया।

जानकारी हो की समाहरणालय ब्लॉक-ए, कमरा संख्या-312 से नामांकन पत्र, कमरा संख्या- 202 को निर्वाची पदाधिकारी का कक्ष रहेगा। 29 अप्रैल 2024 को अधिसूचना जारी होने के साथ ही रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र प्राप्त किया जा सकेगा। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या- 312 से अभ्यर्थी नामांकन पत्र प्राप्त कर सकेंगे। कार्यालय अवधि (सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक) नामांकन पत्र प्राप्त किया जा सकेगा। रांची लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या 202 को निर्वाची पदाधिकारी का कक्ष बनाया गया है। जहां अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अधिसूचित स्थल पर सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नामांकन करने की अंतिम तारीख को अपराह्न 3:00 बजे के बाद कमरे के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी।

# डेली मार्केट थाना प्रभारी विनोद कुमार का स्थानीय लोगों ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बीतें 23 मार्च 2024 को छोटू रंगसाज की हत्या डेली मार्केट थाना क्षेत्र के चर्च रोड कपड़ा मंडी के पास कर दी गई थी । इसके बाद सब चंदन सिन्हा ने लापरवाही के आरोप में डेली मार्केट थाना प्रभारी को सस्पेंड कर दिये थे। आम आदमी की सुरक्षा और अपराध पर नियंत्रण रखने के लिए डेली मार्केट थाना में थाना प्रभारी विनोद कुमार को नियुक्त किया गया है। विनोद कुमार के थाना प्रभारी बनाए जाने के बाद थाना क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी से मुलाकात की और अंग वस्त्र और बुक देकर स्वागत किया। मुख्य रूप से झारखंड फुटपाथ संघ के अध्यक्ष झामुमो नेता व समाज सेवी जितेंद्र गुप्ता , अजीत नायक ,फैयाज आलम, बबलू , यूनुस खान , हीरालाल भरत सहित कई समाजसेवी और दुकानदार संघ के लोग शामिल थे।

# झारखंड प्रदेश तृणमूल युवा कांग्रेस अध्यक्ष सन्नी सिंकू ने की घर वापसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांग्रेस द्वारा चलाई जा रही अभियान''आ अब लौट चलें'' के तहत झारखंड प्रदेश तृणमूल युवा कांग्रेस अध्यक्ष सन्नी सिंकू ने अपने सैकड़ो साथियों के साथ कांग्रेस की नीतियों एवं सिद्धांतों में आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस की अंग पट्टी एवं माला पहनकर सन्नी सिंकू और उनके साथियों को कांग्रेस के सदस्यता दिलाई। इस मौके पर राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के अभियान के तहत पिछले दिनों कई लोगों ने सदस्यता ग्रहण की और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। हमारा पूरा ध्यान ऐसे लोगों पर है जो



पूर्व में कांग्रेस में थे या जिनके पूर्वज कांग्रेस विचारधारा से जुड़े रहे हैं और जो वर्तमान में किसी अन्य दल में है उन्हें वापस कांग्रेस में लाने का कार्य हम कर रहे हैं। सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात सन्नी सिंकू ने कहा कि कांग्रेस छोड़ना मेरी भूल थी और इसका एहसास मुझे पार्टी छोड़ने के बाद हो गया था परंतु आज मैंने अपनी भूल सुधार कर ली है और मेरी पूरी निष्ठा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के प्रति है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खालको, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, गजेंद्र सिंह उपस्थित थे।सिंकु के साथ चाईबासा, चक्रधरपुर नगर, सदर बंदगांव, सोनुवा, गोईलकेरा, मनोहरपुर, नोवामुंडी मँझगांव, जगन्नाथपुर, टोटो, हाटगमहरिया, झींकपानी, मांझारी, तांतनगर कुमारडूंगी, गुदड़ी, आनंदपुर और खुंटपानी प्रखंड के 111 पदाधिकारियों ने कांग्रेस के सदस्यता ग्रहण की।

# रांची राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग की मेजबानी के लिए तैयार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मिजोरम और मणिपुर की टीमें राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के बहुप्रतीक्षित प्रथम चरण में भिड़ने के लिए रांची पहुंच चुकी हैं। यह बहुप्रतीक्षित प्रथम चरण मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 30 अप्रैल 2024 से शुरू होगा। दो चरणों में ढांचाबद्ध- एनडब्ल्यूएचएल का लक्ष्य खेल को ऊपर उठाना और दोनों स्थापित और महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए एक मंच प्रदान करना है। टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण में हाल ही में संपन्न 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष आठ टीमें शामिल हैं- हॉकी हरियाणा,महाराष्ट्र, झारखंड (मेजबान) मध्य प्रदेश, बंगाल, मिजोरम ,मणिपुर ,एसोसिएशन ऑफ ओडिशा पूरे टूर्नामेंट को फैनकोड ऐप पर लाइव स्ट्रीम किया जा सकता है।

# ब्रोकन प्रॉमिसेस पुस्तक विमोचन के बहाने कांग्रेस पर प्रहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रविवार को ऑड्रे हाउस मेंलेखक मृत्युंजय शर्मा द्वारा लिखित अंग्रेजी पुस्तक ब्रोकन प्रॉमिसेस का विमोचन किया गया।इस पुस्तक में सत्तर - अस्सी की दशक में बिहार की राजनीतिक ,अपराधिक हिंसक घटनाओं,बाहुबली और नरसंहार की चर्चाएं की गई है। पुस्तक विमोचन में मुख्य अतिथि उप सभापति राज्य सभा हरिवंश सहित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पद्मश्री अशोक भगत ने संयुक्त रूप से विमोचन किया। पुस्तक विमोचन के बाद उप सभापति राज्य सभा हरिवंश ने अविभाजित बिहार सरकार में हो रही बाहुबली और हिंसक घटनाओं के दम पर फल फूल रहे राजनीति और वर्तमान सरकार पर प्रहार करते




दिखे । उन्होंने कहा कि मृत्युंजय कुमार की इस पुस्तक और फ्रंट में छपी तस्वीर भले आप महज तस्वीर में देख रहे हो लेकिन मैंने तो उस घटना स्थल पर पहुंच कर नरसंहार और बिखरे शवों को देखा है। उन्होंने यह भी कहा कि मैंने जब रांची में पत्रकारिता शुरू की तो मैं जिस अखबार में था तो मेरे लिए स्थानीय घटना महत्वपूर्ण होती थी जिसे पहले पेज पर जगह देता था। वहीं पद्मश्री अशोक भगत ने पुस्तक के बाहने कांग्रेस पर प्रहार किया और कहा कि कि। तरह से बाहुबली के दम पर बिहार में बूथ लूटने का काम होता था। वहीं आज के युवा पल भी कहा कि मुझसे कहते हैं सर चिंता नहीं कीजिए पांच दस हजार रुपए दिलवा दीजिए बूथ मैनेज कर देंगे। आप समझ सकते हैं कि चुनाव आज कहां आ गया है। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जिस दौर की बातें लिखी गई इस। पुस्तक में उस दौर में कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों ने जो आरजकता फैलाई है उस की सच्ची दास्तां हैं इस पुस्तक में।इस मौके पर रांची विधायक सीपी सिंह, कांके पूर्व विधायक जीतू चरण राम, पत्रकार निराला,अजय सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# लूटी गई मोटरसाइकिल के साथ एक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** खलारी थाना अन्तर्गत ग्राम भेलवाटांड तीन मुहान मेन रोड के पास से रमेश गंझू एवं भरत कुमार, दोनो थाना- खलारी, जिला- रांची को अपराधकमियों द्वारा मोटरसाईकिल रजि0 नं0- जेएच01एवाई 2210, टीवीएस राईडर की लूट लिया गया था। इस संबंध में खलारी थाना काण्ड संख्या 44/2024 दर्ज किया गया है। वरीय पुलिस पदाधिकारी के आदेशानुसार काण्ड का उदभेदन हेतु पुनि सह



थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी के क्रम में लूट की गई मोटरसाईकिल रजि0 नं0- जेएच01एवाई 2210, टीवीएस राईडर को मां मृत्युजंय मंदिर के नीचे एदलहातु थाना- बरियातु, जिला- रांची से बरामद किया गया एवं लूट गये मोटरसाईकिल के साथ अप्राथमिकी अभियुक्त फैसल अंसारी उर्फ राईडर विठा बस्ती नियर पुरानी मस्जिद, थाना गोन्दा, जिला- रांची को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त अपने साथी अभियुक्तों के साथ मिलकर अन्य अपराधी काण्ड भी किये है।

**छापामारी दल में सम्मिलित सदस्य:** विजय कुमार सिंह (पुनि सह थाना प्रभारी, खलारी थाना, रांची)देव कुमार दास (पुअनि खलारी थाना) शंकर राम (पुअनि खलारी थाना)सशस्त्र बल खलारी थाना शामिल थे।

# कांग्रेस की नजर देश की जनता की कमाई और उसकी संपत्ति पर : संजय सेठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने रांची के हटिया, नामकुम, हाजी चौक, किशोरगंज ,होठवासी, क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया तथा विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। सांसद सेठ ने कहा कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है। कांग्रेस परिवारवादी ने देश को लूट कर अपना साम्राज्य खड़ा कर लिया देश को कुछ नहीं दिया । कांग्रेस ने देश की जनता के धन को लुटा, देश को लुटा, सिर्फ भ्रष्टाचार इनका एक काम था। गरीबी हटाओ का नारा 70 साल से कांग्रेस का नारा ही बनकर रह गया। कांग्रेसी अमीर होते गए और गरीब और गरीब होता गया। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही मोदी ने गरीबों को सम्मान दिया उनके मूलभूत सुविधा को ध्यान में रखते हुए छोटी-छोटी चीजों को ध्यान में रखते हुए गरीबों के लिए काम किया चाहे वह शौचालय, के रूप में हो उज्ज्वला योजना, हो प्रधानमंत्री आवास हो, जनधन खाता हो, या मुफ्त में अनाज हो, ऐसे कई कार्य किया जा रहे हैं देश को मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने की जरूरत है । आज के इस कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष बरुण साहू, रोमित नारायण सिंह, सुरेंद्र राम ,पप्पू वर्मा, नरेश साहू, प्रमोद सिंह ,गोरखनाथ सिंह ,विनोद सिंह ,मीनू सिंह, अनंत रंजन, माया घोष ,सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एक मई से लागू होगी पार्किंग की नई व्यवस्था

**रांची :** राजधानी रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डा के वाहन पार्किंग एवं आवागमन में बढ़ती परेशानियों को देखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने एक मई से वाहन आवागमन एवं पार्किंग की व्यवस्था में बदलाव किया है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्री टर्मिनल भवन के पास जाम को कम करने के लिए पुराने टर्मिनल बिल्डिंग के सामने 350 वाहनों के लिए अतिरिक्त पार्किंग स्थान आवंटित किया है। इस संबंध में एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि आने वाले समय में एयरपोर्ट पार्किंग शुल्क के लिए एक निर्धारित स्वचालित व्यवस्था लागू होगी।

# अल्लाह एक, कुरान एक है और हम टुकड़ों में बंटे हुए हैं : तहजीबुल हसन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रसिद्ध समाज सेवी एवं प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी शिक्षक संघ सैयद शारूख हसन रिजवी के आवास पर मजलिस जिक्र इमाम हुसैन बयान सैयद हसन अली रिजवी की इसाले सवाब का आयोजन किया गया। सोज खानी सैयद अत्ता इमाम रिजवी ने की। सैयद निहाल हुसैन सरियावी, अमूद अब्बास, कासिम अली, हाशिम अली ने कलाम पेश किया। मजलिस को ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन हजरत मौलाना अल्हाज सैयद तहजिबुल हसन



रिजवी ने मजलिस को संबोधित करते हुए कहा, ऐ लोगों, अल्लह की रस्सी को मजबूती से पकड़ो. अत्याचारी चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, वह सफल नहीं हो सकता। जो अत्याचारी का साथ देता है, वह अत्याचारी है। देखो आज कौन ज़ालिम है। फ़लिस्तीन के उत्पीड़ितों के साथ कौन खड़ा है? ईरान अकेला उसके साथ खड़ा है। आज मुसलमानों को एकता बनाने की जरूरत है। हम मुसलमानों का अल्लह एक है, कुरान एक है, धर्म एक है, लेकिन हम संप्रदाय और मजहब में बंटे हुए हैं। जिन लोगों की न तो एक किताब है, न ही एक ईश्वर, न ही एक धर्म, वे आज एक हैं। अमीर गोपालपुरी ने नौहा खानी की। सैयद शारख हसन रिज़वी ने आये हुए सभी लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर मौलाना नूरुल्लह कासमी, हाफिज नासिर, कारी जैनुल आबिदीन, मौलाना कुर्बान, सैयद हसनैन जैदी, जावेद हैदर, नकी रिजवी समेत कई लोग मौजूद थे।

# पति की हत्या में शामिल पत्नी ने ही थाने दिया था आवेदन, सभी हुए गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ओरमांझी पुलिस ने अशेश्वर महतो की हत्या की गुत्थी सुलझाने में सफल रही। इस पूरे मामले अशेश्वर महतो की पत्नी सीता देवी ने पति की हत्या की लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। सीता देवी ने ही अपने पुरुष साथियों से मिलकर पति की हत्या की थी। पुलिस ने सीता देवी सहित उसके दोनों सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, ने पत्रकारों को बताया कि यह जो मृतक की पत्नी हैं सीता देवी ने ओरमांझी थाना में लिखित आवेदन दिया । इसके आधार पर कांड दर्ज किया गया था । ग्राम-बहू के दक्षिण सनोज महतो के बारी में वादिनी सीता देवी के पति अशेश्वर महतो आये थे और उसके बाद पूरब खेत की ओर चले गये थे जो फिर वापस नहीं आये और -23.04.24 को करीब 10 00 बजे दिन में सपाही नदी के शमशान घाट में उनका शव मिला। इस संबंध में उक्त कांड अज्ञात अपराधियों के विरूद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई।घटना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल के




निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली रणवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, ओरमांझी के साथ टीम का गठन कर छापामारी किया गया। छापामारी दल के द्वारा ग्राम-बहू से कांड के आप्राथमिकी अभियुक्तों क्रम सं0-01 से लेकर 03 तक को बारी-बारी से गिरफ्तार किया गया एवं इनके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर बरामद सामान में अंकित सभी सामान क्रम सं0-01 से लेकर 06 तक को भिन्न-भिन्न जगहों से बरामद किया गया। गिरफ्तारी के पश्चात तीनों अभियुक्तों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया है कि इनके द्वारा ही अशेश्वर महतो को -22.04.24 को अभियुक्त सनोज महतों के खेत में ही दिन में करीब 11.00 बजे मृतक की पत्नी सीता देवी एवं पुरुष मित्र मिलकर टांगी एवं हथौडा से मारकर हत्या कर दिया था।

## जनसमस्याओं का त्वरित निदान होगी प्राथमिकता : यशस्विनी सहाय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शहर के अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड स्थित शिव मंदिर के निकट मालती तेल मिल का उद्घाटन रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय व रांची संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सहाय ने कहा कि लघु एवं मध्यम उद्यमियों द्वारा इस तरह के प्रतिष्ठानों के संचालन से काफी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होते हैं। मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री सहाय का अभिनंदन किया गया। उन्होंने



कहा कि जन समस्याओं का त्वरित निष्पादन उनकी प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर तेल मिल के संचालक प्रदीप साहू, धर्मदयाल साहू, शंकर साहू, अभिलाष साहू, परवेज, रामस्वरूप, शिवचरण, कार्तिक, विशाल सहित अन्य मौजूद थे।

## संगठित व असंगठित मजदूरों की हुई बैठक

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संगठित व असंगठित मजदूरों की बैठक भूतनगर में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी के अध्यक्षता में हुयी.बैठक में मुख्य रूप से मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी उपस्थित थे.बैठक के दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा किया गया।मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि इस बार कांग्रेस पार्टी ने सुश्री यशस्विनी सहाय को प्रतियाशी बनाया गया है वह काफी शिक्षित और कर्मठ है.इन्हें जिताने के लिये सभी लोग एकजुट होकर लग जाये. अंसारी ने कहा कि आज महंगायी चरम सीमा पर पहुँच गयी है.संगठित असंगठित कामगारों को सुबिधा जो मिलना चाहिए वह मिल नही रहा है.बैठक के अंत मे लोगों ने संकल्प लिया कि इस बार खलारी प्रखंड से सभी बूथों से कांग्रेस को जीत दिलाया जायेगा.इस बैठक में मुख्य रूप से अशोक सिंह, मनोज बैठा, कमलेश यादव,सलामत अंसारी, अमजद खान, अरबिंद कुमार, मिथुन राणा ,राजू तुरी, अनिल तुरी, शिवा तुरी, अफजल अंसारी, राजेश कुमार, सोनू ठाकुर, विकास कुमार, संदीप कुमार, प्रवीण सिंह, जय कुमार, सिलदेव गंझू, उदय सिंह, जगमोहन उरांव,विजय शंकर उरांव, धर्मेंद्र चौहान, प्रमोद कुमार, गुड्डू चौहान, राकेश चौहान, कुंदन चौहान, दिनेश महतो, सुनील कुमार, मनोज चौहान, समीम अंसारी, मुमताज अंसारी आदि लोग उपस्थित थे.

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में गायत्रीपीठ परिवार डकरा के सौजन्य से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2023 -24 के सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया. पुरस्कार प्राप्त करने में पंचम वर्ग के रितिका कुमारी एवं शुभराज गुप्ता को प्रथम, सोनू कुमार गुप्ता को द्वितीय, एवं लक्ष्मी कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया . छठे वर्ग के अर्चना कुमारी को प्रथम आरोही प्रिया को द्वितीय एवं जयकुमार तिवारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया . सप्तम वर्ग में आदित्य कुमार चौहान को प्रथम मानव राम को द्वितीय एवं नैना कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया .अष्टम वर्ग के आदित्य पासवान को प्रथम नौशीन फिरदौस को द्वितीय और रेंसी कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया . नवम वर्ग के नैंसी कुमारी एवं सतीश कुमार चौहान प्रथम , प्रीति कुसुम गंझू द्वितीय एवं शुभम कुमार यादव को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया .दशम वर्ग के संजना कुमारी को प्रथम ,नीलम कुमारी को द्वितीय और गजला प्रवीण को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया . पुरस्कार देने वालों में गायत्रीपीठ परिवार के नव कुमार बनर्जी , मिथिलेश प्रजापति और राजकुमार यादव उपस्थित थे . विद्यालय के प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने गायत्री पीठ परिवार के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के माध्यम से बच्चों में संस्कार दिए जाने की जो बीड़ा उठाया है, वह सराहनीय है क्योंकि वर्तमान समय में बच्चों में संस्कार धीरे-धीरे कम होती जा रही है . विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह ने कहा कि संस्कारों के द्वारा मनुष्य अपनी सहज प्रवृत्तियो का पूर्ण विकास करके अपना और समाज दोनों का कल्याण करता है .शिक्षक समर सेन ने कहा कि संस्कार इस जीवन में ही मनुष्य को पवित्र नहीं करते हैं बल्कि उसके पारलौकिक जीवन को भी पवित्र बनाते हैं . गायत्रीपीठ परिवार की ओर से अपनी कार्य कुशलता के कारण प्रधानाध्यापक , शिक्षक समर सेन एवं रेणुका सिंह को मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया . मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित ।

## अप्रैल माह में ही मई, जून की गर्मी का हो रहा है एहसास

**खलारी :** खलारी कोयलांचल में तेज धूप व लू के थपेड़ों के साथ बढ़ती गर्मी अप्रैल माह में मई , जून की गर्मी का एहसास करा रही है. सुबह से ही तेज धूप में घर से निकलना मुश्किल हो रहा है.मानो अप्रैल माह में ही मई-जून जैसी तपिश और लू के थपेड़ों से लोगों का बुरा हाल है.दिन प्रति दिन गर्मी बढ़ती जा रही है. लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है. शुक्रवार को खलारी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक रहा . आसमान से बरसती आग ने घर से निकलना मुश्किल कर दिया है. दोपहर में सड़कें सुनसान हो जा रही हैं.हाट बाजार में भी बंद जैसा स्थिति देखी जा रही है. लोग जरूरी कार्य से बाहर निकल रहे हैं. युवतियां, महिलाओं के साथ पुरुष भी मुंह बांधकर निकल रहे हैं. बीते एक सप्ताह से अधिकतम तापमान लगभग 40 तो न्यूनतम तापमान लगभग 25 डिग्री सेल्सियस रहा. पछुआ हवा के कारण तपिश और भी ज्यादा महसूस हो रही है.तीखी धूप से चंद कदम चलने के बाद ही गला सूख जा रहा है. वहीं गांव एवं कस्बे में लगे अधिकतर सरकारी हैंडपंप खराब होने से शुद्ध पानी भी मयस्सर नहीं हो पा रहा है.सुबह छह बजे के बाद ही धूप इतनी तेज हो जा रही है कि मानों त्वचा ही झुलस जा रही हो. धूप में खड़े वाहन तवे की तरह से जलने लगते हैं एवं जानवर प्यास से तड़फड़ाने लग रहे हैं. वही लोग घर से बाहर निकल रहे हैं जिनको जरूरी काम है. कुछ लोग तो सुबह आठ-नौ बजे के बीच ही अपने कार्य को निबटा रहे हैं.पिछले एक पखबारे से यही स्थिति चल रही है. सुबह के नौ बजने के बाद घर से निकलना मुश्किल हो गया.इस भीषण गर्मी के कारण सबसे ज्यादा परेशानी कोयला खदान में काम करने वाले कामगारों को हो रही है .एक तो खुले आसमान के बीच काम करना दूसरी तरफ खदानों व कोयला स्टॉक में आग लगा हुआ है जिसके कारण और गर्मी बढ़ जा रही है ऐसे हालात में ड्यटी करना कामगारों को काफी परेशानी हो रही है. इधर स्कूली बच्चे भी इस भीषण गर्मी से खासे परेशान है .सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों को स्कूल छुट्टी के समय हो रही है. इधर जरूरी काम से निकलना जिनकी मजबूरी रह रही है वे बचाव के लिए गमछा, टोपी और धूप का चश्मा लगाकर निकले. प्याऊ की व्यवस्था न होने से राहगीर इधर-उधर पानी के लिए भटक रहे हैं. लेकिन जिम्मेदार इसका ध्यान नहीं दे रहे.

खलारी पीएचसी के चिकित्सक डॉ.इरशाद ने बताया कि धूप से बचने के लिए पूरी बांह के कपड़े पहनना अनिवार्य है. लोग ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ का सेवन करें.प्रतिदिन चार से पांच लीटर पानी के साथ ही नींबू, चीनी व नमक का घोल बनाकर सेवन करें जिससे लू से बचा जा सके.

## रीतम बनर्जी ने ऑल इंडिया रैंक 102 के साथ पश्चिम बंगाल के जेईई मेन टॉपर के रूप में अपनी चमक बिखेरी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आकाश डिजिटल के छात्र रीतम बनर्जी संयुक्त प्रवेश परीक्षा मेन 2024 के दूसरे सत्र के लिए पश्चिम बंगाल में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने 102 की प्रभावशाली अखिल भारतीय रैंक हासिल की है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म आकाश डिजिटल, रीतम की उत्कृष्ट उपलब्धि का जश्न मनाता है, जो संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता की विरासत में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। रीतम बनर्जी की शानदार उपलब्धियों में एक असाधारण 99.99 प्रतिशत स्कोर शामिल है, जो उन्हें राज्य में अग्रणी प्रदर्शनकर्ता के रूप में प्रतिष्ठित करता है। उल्लेखनीय रूप से, रीतम ने गणित में भी पूर्ण 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, जो परीक्षा के महत्वपूर्ण विषयों में से एक में उनकी असाधारण दक्षता को दर्शाता है। आकाश डिजिटल की सफलता की कहानी रीतम की जीत से आगे बढ़ती है, जिसमें छह छात्रों ने भौतिकी, रसायन विज्ञान या गणित में पूर्ण 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

# फूड सेफ्टी प्रशिक्षण के नाम पर ले रहे थे पैसे, पुलिस ने करवाए वापस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** होटलों एवं खाने पीने की दुकानदारों से फूड सेफ्टी के प्रशिक्षण करवाने के नाम पर रुपए ऐंठने वाले तीन लोगों को स्थानीय लोगों ने शनिवार को मुरी जीआरपी को सौंप दिया। बाद में पुलिस ने सबके पैसे वापस करवा दिया।पुलिस को सौंपे लोगों में मूल निवासी पटना एवं वर्तमान पंचशील नगर रांची में रह रहे संजीव कुमार, धनबाद निवासी रिंकू कुमार एवं धनबाद निवासी प्रीतम कुमार शामिल है। जीआरपी थाना प्रभारी ने लोगों से पूछताछ की, मामले पर राजकीय रेल थाना प्रभारी सुनील कुशवाहा ने सिल्ली के चिकित्सा पदाधिकारी डा मुकेश कुमार से भी बातचीत की।

थाना प्रभारी के मुताबिक चिकित्सा प्रभारी ने उनको बताया कि इस तरह के किसी भी सरकारी आदेश नहीं है न तो इन लोगों ने इस तरह योजना की जानकारी दी है। पुलिस द्वारा सख्ती किए जाने के बाद तीनों लोगों ने सभी दुकानदारों के पैसे वापस कर दिए। समाचार लिखे जाने तक पुलिस लोगों से पूछताछ कर रही थी। ज्ञात हो कि ये लोग मुरी बाजार में शनिवार की शाम कुछ दुकानदारों को फूड सेफ्टी लाइसेंस की जांच करके उनको ट्रेनिंग के नाम पर चार दुकानदारों से प्रति दुकानदार 956 रुपए फूड सेफ्टी प्रशिक्षण करवाने के नाम पर ले चुके थे।साथ ही दुकानदारों से लेने का प्रयास कर रहे थे। इसी क्रम में बजार मे भीड़ लग गई।ठगे जाने का संदेह होने पर लोगों ने तीनों युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया।

कुछ दुकानदारों ने बताया कि पहले भी इस तरह के प्रशिक्षण के नाम पर कुछ लोग पैसे लेकर चले गए है। थाना प्रभारी ने सभी लोगों से आग्रह किया है कि अनजान व्यक्ति द्वारा पैसे मांगे जाने पर सावधानी बरतें और पुलिस को सुचित करें।

# रांची सांसद व भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के नामांकन व जनसभा की भाजपा ने की तैयारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व सांसद संजय सेठ के नामांकन एवं जनसभा के लिए शनिवार को भाजपा सिल्ली विधानसभा स्तरीय तैयारी बैठक पतराहातू स्थित कार्यालय में संयोजक विनय महतो धीरज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संजय सेठ 2 म?ई को नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे ।नामांकन के बाद मोराबादी मैदान में आयोजित जनसभा को केंद्रीय नेता,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य भाजपा नेता संबोधित करेंगे। सांसद संजय सेठ ने कहा कि जनसभा ऐतिहासिक हो भारी भीड़ जूटे इसके लिए प्रयास करें। यह चुनाव देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है ।भाजपा के राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता अबकी बार 400 पर को लेकर लग गए हैं।लोकसभा सह संयोजक रामाकांत महतो ने जनसभा में हर बूथ से कार्यकर्ता पहुंचे। इसके लिए मंडल कमेटी के सभी मोर्चा की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मंडल अध्यक्ष को निर्देश दिए।विधानसभा प्रभारी जितेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि नामांकन कार्यक्रम ऐतिहासिक होगी।सिल्ली विधानसभा से 5000 भाजपा कार्यकर्ता सभा में शामिल होंगे। मौके पर विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज,प्रदेश मीडिया प्रभारी संजय जायसवाल,चौधरी महतो,प्रताप कुशवाहा, सृष्टिधर प्रजापति, विनोद साहू, चित्तरंजन महतो, दिलेश्वर कोईरी, मनोज महतो, वीणा देवी,कोर कमिटी के सदस्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ग्रामीणों ने किया बेड़ो विद्युत सब स्टेशन का घेराव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बिजली की समस्याओं से त्रस्त ग्रामीणों ने रविवार को बेड़ो विद्युत सब स्टेशन का घेराव किया। विद्युत स्टेशन का घेराव में काफी संख्या में आम जनता और किसान उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि लगातार इस गर्मी में बहुत ही कम वोल्टेज मिल रहा है जिससे कार्य नहीं हो पा रहा है। इधर किसान कम वोल्टेज से बोरिंग व मोटर पम्प नहीं चल पा रहा है। जिससे खेत में लगे फसल बर्बाद हो रहे हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी नहीं चलेगी। 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय। लो वोल्टेज बर्दाश्त नहीं होगा। किसानों ने कहा की स्थिति नहीं सुधरी तो सब स्टेशन में ताला बंद कर दिया जाएगा। इधर विद्युत विभाग के जे ई और एसडीओ के आश्वासन के पश्चात ग्रामीण वापस लौट गये।

# नामकुम प्रखण्ड राजाउलातु में 22 पंचायत के ग्राम प्रभारी प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** नामकुम प्रखंड में आजसू पार्टी की पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारीयों का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रखण्ड़ अध्यक्ष रतनलाल सिंह होण्डा ने किया। संचालन केन्द्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डा देवशरण भगत ने अपने संबोधन में कहा आजसू पार्टी की नीति और सिद्धांतों मे जन जन की सेवा दीखता है जो हमारे पंचायत एवं ग्राम प्रभारी में में दिखता है झारखंड जल रहा है जिस सपना के साथ आजसू ने लड़कर अलग राज्य लिया था वो सपना पूरा नही हुआ है इसको पूरा धरातल पर हमारे गाँव प्रभारी करेंगे इसके लिए उनके दायित्व के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी का बोध कराया, विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय उपाध्यक्ष हसन अन्सारी ने कहा हमारा पिलर मेम्बर ही पार्टी का रीढ़ है जिससे झारखंड में नया बदलाव आजसू पार्टी लेकर आयेगी केन्द्रीय महासचिव राजेन्द्र मेहता,केन्द्रीय महासचिव रामजी यादव,केन्द्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह,केन्द्रीय सचिव सह नामकुम प्रखण्ड प्रभारी रामदूर्भ सिंह मुण्डा,एवं राँची जिला महिला मोर्चा वीणा कुमारी ने भी संबोधन किया। इस मौके पर राँची जिला उपाध्यक्ष डॉ पार्थ परितोष, जिला प्रवक्ता रोसनलाल मुंडा, कुदरत अंसारी, जगरनाथ महतो,राजू उराँव, गणेश महतो,किरण देवी,उमेश महतो,बीरबल बैठा, सुनीता हंसः,कुसुम बड़ा,मंटू पाहन, सोहन महतो,धीरज नाग, छेदी सिंह बिंझिया,सरस्वती देवी,विवेक गोप,बसन्ती देवी, आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

# पिपरवार मे मनाया गया विश्व स्वास्थ्य व सुरक्षा दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया में रविवार को विश्व स्वास्थ्य एवं सुरक्षा दिवस मनाया गया।इस मौके पर पिपरवार एरिया के अशोक परियोजना सीएचपी/सीपीपी परियोजना व बचरा परियोजना में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मिली जानकारी के अनुसार विश्व स्वास्थ्य एवं सुरक्षा दिवस के मौके पर सबसे पूर्व परियोजना कार्यालय में खान सुरक्षा ध्वज फहराया गया, जिसके बाद परियोजना कार्यालय में उपस्थित कोयला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा से संबंधित शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम मे सुरक्षा से संबंधित बैनर पोस्टर लगाकर उच्च तापमान से सावधानी और खान सुरक्षा के प्रति कोयला कर्मचारियों को जागरूक किया गया।इस संबंध मे पिपरवार एरिया के सेफ्टी ऑफिसर मुकेश तोषांण ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 28 अप्रैल को कोल इंडिया मे विश्व स्वास्थ्य एवं सुरक्षा दिवस (आईएलओ विश्व दिवस) मनाया जाता है, जिसने कोयला अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद और सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बी. वीरा रेड्डी के द्वारा जारी किए गए संदेश को भी सुनाया गया।जिसके बाद अशोक पीट ऑफिस, वर्कशॉप,सीएचपी/सीपीपी कार्यालय,पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय,बचरा भूमिगत खदान सहित अन्य जगहों पर सुरक्षा से संबंधित संदेश का बैनर पोस्टर चिपकाया गया।इस मौके पर अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, सीएचपी/सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार, बचरा परियोजना पदाधिकारी पीके चौधरी,एरिया सेफ्टी ऑफिसर मुकेश तोषांण, खान प्रबंधक एसके सिंह, राजेन्द्र कश्यप,सुनील कुमार, एके श्रीवास्तव,मुनमुन सिंह, सतीश पाण्डेय,आनन्द सिंह, मोहम्मद आलम,मिथिलेश सिन्हा,कयुम अंसारी,दिलिप महतो,हैदर अली सहित काफी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## मरीजों के बीच फाइलेरिया किट का वितरण



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली सामुदायिक अस्पताल की ओर से फाइलेरिया मरीजों के बीच फाइलेरिया किट का वितरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश कुमार एवं अन्य अस्पताल कर्मियो द्वारा बड़ा मुरी में फाइलारिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया।इस मौके पर डॉ मुकेश कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किये गये सर्वे के मुताबिक सर्वे लिस्ट में शामिल फाइलेरिया मरीजों को कीट दिया जाना है। फाइलेरिया ग्रस्त लोगों को फाइलेरिया किट इस्तेमाल करने की विधि तथा फाइलेरिया से बचाव की जानकारी दी गई। इस मौके पर सुरेन्द्र नाथ महतो , संजीव कुमार महतो , शशिभूषण चौबे , एनएम स्नेह निशा लकड़ा एवं क्षेत्र की सहिया उपस्थित थे।

## महाशिव मंडा पूजा का भव्य आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिव मंडा पूजा समिति टाटी द्वारा महा शिव मंडा पूजा का भव्य आयोजन ई ई एफ मैदान में 30 अप्रैल को फूल खुन्दी, लोटन सेवा, रात्री मे छौ नृत्य, नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम 01 मई को भोक्ता झुलन का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे समिति के पदाधिकारी बसंत मिश्रा, सनील जाय, बिगना महतो, जगदीश नायक, धीरेंद्र त्रिपाठी, मनोज महतो, मोहन महतो, अमित मिश्रा, मुखिया कृष्णा पाहन, रंजित लोहरा, अजय पाहन, बलजित लोहरा इत्यादि सदस्यगण लगे हुए है।

## आजसू नेता देवव्रत चौधरी का आकास्मिक निधन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के पूर्व बुद्धि जीवी मंच के अध्यक्ष देवव्रत चौधरी का आकस्मिक निधन पर नामकुम प्रखंड में शोक का माहौल है।एक अच्छा नेता को खो दिया है हमेशा हमारे दिल में उसकी यादें रहेगा। नामकुम प्रखंड कमिटी की ओर से शौक व्यक्त रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, केंद्रीय सदस्य छोटू सिंह, प्रखंड अध्यक्ष रतन लाल होणडा, केंद्रीय सदस्य राजू नायक,जिला संगठन सचिव मुकेश नायक,नगर उपाध्यक्ष प्रदीप जसवाल,जिला कोषाध्यक्ष विकास साहू, राकेश सिंह, कुसुम मुण्डा,दीपा देवी, शान्ति देवी, माधुसिंह बिजिया मंगल हेमरोम, विवेक गोप,नयूम खान ने शोक व्यक्त किया।

## खलारी से मोटरसाइकिल लूटने वाला बरियातु से गिरफ्तार

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी थानाक्षेत्र अंतर्गत भेलवाटांड़ तीनमुहान के निकट से लूटी गई मोटरसाइकिल को खलारी थाना पुलिस ने बरामद कर लिया है. साथ ही लूट को अंजाम देने के एक आरोपित को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. इस संबंध में खलारी थाना पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि 20 अप्रैल को भेलवाटांड़ तीनमुहान मेन रोड के पास से खलारी के ही रमेश गंझू व भरत कुमार से अपराधियों ने टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल संख्या जेएच01एवाई/2210 लूट लिया था. इस संबंध में खलारी थाना काड संख्या 44/2024 दर्ज किया गया ळें वरीय पुलिस पदाधिकारियों के आदेशानुसार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजयकुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया. छापेमारी के क्रम में बरियातु (रांची) थानाक्षेत्र के एदलहातु स्थित मां मृत्युंजय मंदिर के नीचे से लूटी गई मोटरसाइकिल टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल संख्या जेएच01एवाई/2210 को बरामद कर लिया गया, साथ ही लूट के आरोपित फैसल अंसारी (19 वर्ष) उर्फ राईडर को गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपित फैसल गोन्दा थानाक्षेत्र के विठा बस्ती, पुरानी मस्जिद के निकट का रहने वाला है. थाना प्रभारी ने बताया कि फैसल ने अपने साथी अभियुक्तों के साथ मिलकर अन्य अपराधिक घटनाओं को भी अंजाम दिया है.सभी संलिप्तों का सत्यापन कर लिया गया. सभी के विरूद्ध लगातार छापेमारी भी चल रही है. संभावना है कि शीघ्र ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. छापेमारी दल में थाना प्रभारी के अलावा पुअनि देवकुमार दास, पुअनि शंकर राम व खलारी थाना के सशस्त्र बल शामिल थे.

## चिलचिलाती धूप व गर्म हवाओं के कारण आम जनजीवन प्रभावित

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा में गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है. भीषण गर्मी, चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के कारण आम जनजीवन प्रभावित होने लगा है. आलम यह है कि दिनभर सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है.अप्रैल महीने के शुरुआती दिनों से ही भीषण गर्मी का एहसास कोडरमा के लोगो को होने लगा था और अब अप्रैल महीने के अंतिम दिनों में गर्मी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है. चिलचिलाती धूप और लू के रूप में बहने वाली गर्म हवाओं से आम जन जीवन प्रभावित होने लगा है. आमतौर पर दिन के वक्त सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है, तो दूसरी तरफ जो भी लोग अपने काम के लिए निकल रहे हैं, वे गर्मी से बचने के उपाय के साथ बाजारों में निकल रहे हैं.बढ़ती गर्मी और चढ़ने पारा के साथ लोग भी गर्मी में अपने शरीर के डिहाइड्रेशन सिस्टम को बनाए रखने के लिए शीतल पेय पदार्थ का सेवन कर रहे हैं. गर्मी के इस मौसम में बाजारों में अलग-अलग तरह के जूस और फलों के कई अस्थाई दुकानें भी लग गई है, जहां लोगों की भीड़ उमड़ रही है. लोग जूस और फलों के सहारे अपने सूखे गले की तारावट करने में जुटे हैं. इसके अलावा गर्मी के इस मौसम में घड़ो की बिक्री भी बढ़ गई है. सेहत के लिहाज से लोग फ्रिज के पानी के जगह घड़े के ठंडे पानी का इस्तेमाल करना पसंद कर रहे हैं. इधर जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए जिले के चिकित्सक भी आम लोगों से बेवजह धूप में बाहर नहीं निकलने की अपील कर रहे हैं. सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर रंजीत कुमार ने बताया कि जिन्हें बाहर निकालने की आवश्यकता हो, वे गर्मी से बचने के तमाम उपायों के साथ-साथ पानी और तरल पदार्थ का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें, ताकि लू और गर्मी का असर काम हो. गर्मी के बढ़ते हैं असर के साथ हीटवेव का खतरा भी मंडराने लगा है.

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डस्ट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## झारखंड में टाटा स्टील की लौह अयस्क माइंस ने एमईएमसी सप्ताह के अंतिम दिन जीते 10 पुरस्कार

*- नोआमुंडी आयरन माइन को ए-1 माइंस ग्रुप में समग्र प्रदर्शन श्रेणी में विजेता घोषित किया गया*

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर/ रांची :** झारखंड में टाटा स्टील की नोआमुंडी आयरन माइन और विजया-2 आयरन माइन ने शनिवार को रांची में भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम), रांची क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित 30वें खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण (एमईएमसी) सप्ताह, 2022-23 के अंतिम दिन के कार्यक्रम में 10 पुरस्कार जीते हैं।नोआमुंडी आयरन माइन को ए-1 ग्रुप ऑफ माइंस में समग्र प्रदर्शन श्रेणी में विजेता घोषित किया गया। इसी तरह, माइंस को इसी समूह में तीन अन्य श्रेणियों- खनिज संरक्षण, माइंस बेनिफिसिएशन और सतत विकास में विजेता घोषित किया गया।इसके अलावा, ए-1 ग्रुप के तहत वनीकरण और पुनर्ग्रहण एवं पुनर्वास श्रेणी में उपविजेता का पुरस्कार नोआमुंडी आयरन माइन को प्रदान किए गए। इसी तरह, विजया-2 आयरन माइन को व्यवस्थित और वैज्ञानिक खनन में विजेता घोषित किया गया और दो श्रेणियों- वेस्ट डंप मैनेजमेंट और प्रचार तथा प्रसार में ए-1 समूह में उपविजेता घोषित किया गया। टाटा स्टील ने स्टॉल डिस्प्ले में प्रथम पुरस्कार जीता, जिसे खदानों और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए इस अवसर पर लगाया गया था। टाटा स्टील के अधिकारियों ने आईबीएम के पूर्वी क्षेत्र के खान नियंत्रक शैलेंद्र कुमार से पुरस्कार प्राप्त किए, जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 75 पुरस्कार दिए गए, जिसमें राज्य भर की 31 माइंस ने भाग लिया। इस अवसर पर आईबीएम के रांची क्षेत्र के क्षेत्रीय खान नियंत्रक सलिल संदीप कुजूर, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के निदेशक संजीव कुमार सिंह, टाटा स्टील के जेनरल मैनेजर (ओएमक्यू) अतुल कुमार भटनागर, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के गुआ आयरन माइन के चीफ जेनरल मैनेजर (सीजीएम) कमल भास्कर, सेल के किरीबुरू आयरन माइन के सीजीएम कमलेश राय, हिंडाल्को के जेनरल मैनेजर आरआर अंबष्ठ, हिंडाल्को के जेनरल मैनेजर बासुदेव गंगोपाध्याय, टाटा स्टील के नोआमुंडी आयरन माइन के चीफ डी विजयेंद्र और राज्य भर की विभिन्न खदानों के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे।




### सुजुकी एक्सेस 125 का कम पीता है माईलेज कॉनटेस्ट संपन्न

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से कंपनी के अधिकृत डीलर ज्वाला सुजुकी एवं माँ कल्याणी सुजुकी के द्वारा रविवार को एक्सेस 125 स्कूटर माईलेज कॉनटेस्ट का आयोजन जमशेदपुर मे किया गया ।इस कॉनटेस्ट मे कुल 50 प्रतिभागी पूरे दम-खम एवं उत्साह के साथ शामिल हुए, 28 लोगों ने ऑन स्पॉट टेस्ट राइड किया एवं 5 लोगों ने आयोजन स्थल से ही एक्सेस 125 खरीदा एवं कई लोगों ने आने वाले दिनों के लिए खरीदारी सुनिश्चित भी किया ।प्रतिभागोयों द्वारा 22 किलोमीटर का नगर भ्रमण करने के पश्चात ग्राहकों का सुजुकी के माईलेज के प्रति एक अटूट विस्वास देखने को मिला । इस माईलेज कॉनटेस्ट मे प्रथम 5 सर्वाधिक माईलेज पाने वाले प्रतिभागियों को परुस्कृत किया गया, बाकी सभी प्रतिभागीयो को निश्चित उपहार एवं फूल टैंक पेट्रोल दिया गया।




### चालक को झपकी आने से बाइक सड़क किनारे बोर्ड से टकराई, पीछे बैठे सवार की हुई मौत

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला कांड्रा मुख्य सड़क पर सरायकेला ब्लॉक ऑफिस के पास एक बाइक दुर्घटना में बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार यह दुर्घटना रविवार दोपहर लगभग दो बजे की है। दुर्घटना में बाइक के पीछे बैठे 55 वर्षीय अनंत बेहरा की मौत हो गई। वह राजनगर प्रखंड के गाजीडीह गांव के निवासी थे। जबकि इस दुर्घटना में बाइक चला रहे 20 वर्षीय राहुल सीट को हल्की चोटें आई है। दुर्घटना के बाद दोनो को सदर अस्पताल सरायकेला लाया गया था। जहां जांचोपरांत अनंत बेहरा को मृत बताया गया। तथा राहुल का इलाज किया जा रहा है। राहुल सीट मुसाबनी के खड़ीदा गांव निवासी है तथा गुजरात के किसी कंपनी में काम करता है। रविवार सुबह वह गुजरात से अपने मामा घर गाजीडीह पहुंचा था। दोपहर को उसके नाना अनंत बेहरा बाइक से उसके साथ अपनी बेटी के घर दुगनी जा रहे थे। तीन दिन के ट्रेन की सफर से थका राहुल को बाइक चलाते समय नींद की झपकी आ जाने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बोर्ड से टकरा गई थी।

### अंडर 15 एआईएफएफ जूनियर लीग ग्रुप जे में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार जमशेदपुर एफसी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर एफसी अंडर 15 के खिलाड़ी एआईएफएफ जूनियर लीग 23-24 ग्रुप जे में भाग लेने के लिए तैयार हैं, जो 30 अप्रैल से उत्तराखंड के रुद्रपुर में एमेनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड में शुरू होने वाला है. ग्रुप जे में रोमांचक मुकाबले होने की उम्मीद है, क्योंकि जमशेदपुर एफसी अंडर 15 बड़वानी एफसी, के.आर. लीडर्स एफए, कॉर्बेट एफसी और श्रीनिदी एफसी सहित मुश्किल प्रतिद्वंद्वियों के साथ आमने-सामने होगी. जमशेदपुर एफसी की यात्रा 30 अप्रैल को केआर के खिलाफ शुरू होगी. शाम 4 बजे लीडर्स एफए के साथ मुकाबला उनके अभियान की दिशा तय करता है, जिसमें टीम एक मजबूत शुरुआत करने और टूर्नामेंट के बाकी हिस्सों के लिए एक मार्कर बनाने के लिए उत्सुक है. मई को, जमशेदपुर एफसी सुबह 8 बजे श्रीनिदी डेक्कन एफसी से भिड़ेगी. जमशेदपुर एफसी का सामना 4 मई को शाम 4 बजे बड़वानी एफसी से होगा, इसके बाद 6 मई को सुबह 8 बजे कॉर्बेट एफसी के खिलाफ मुकाबला होगा।

### बोड़ाम के डांगडुंग में धूमधाम से मनाया गया सरहुल उत्सव

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड के डांगडुंग गांव में रविवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से सरहुल उत्सव मनाया गया। इस दौरान लाया भक्तु सिंह व कूड़ान लाया बुडगा सिंह, रतिरमण सिंह, दिलीप सिंह, जनक सिंह व विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा की उपस्थिति में जाहेरथान में सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा प्रकृति की पूजा की गई। ग्रामीणों ने मन्नतें पूरी होने पर मुर्गी, बत्तख व बकरे की बलि चढ़ाई और देर शाम तक गांव में प्रसाद ग्रहण किया गया। इस संबंध में रतिरमण सिंह ने बताया कि गांव के महिला-पुरुषों ने सरहुल गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस पर्व को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है।



### बेलटांड़ साप्ताहिक हाट में उमड़ी ग्राहकों की भीड़, लोगों को आवागमन में हुई परेशानी

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के बेलटांड़ चौक पर खस्सी, भेड़ बकरी व मुर्गियों के लिए लगने वाली साप्ताहिक हाट में रविवार को ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ने से सुबह करीब 8 बजे तक सड़क में जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान रास्ते से गुजरने वाले सभी वाहन व बाइक चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मामलें की जानकारी पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत को मिलने के बाद तुरंत पुलिस जवान भेजकर सड़क के बीच से सभी व्यापारी व ग्राहकों को साइड कर दिया। इसके बाद आवागमन सुचारू रूप से शुरू हुई। व्यापारी लक्ष्मण कुंभकार ने बताया कि रविवार को शादी का लग्न होने के कारण पटमदा, बोड़ाम, जमशेदपुर के अलावे पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, बंदवान, बलरामपुर आदि क्षेत्रों से ग्राहकों की भीड़ जुटी थी। लग्न होने के कारण अन्य दिनों की तुलना में खस्सी की आमदनी भी बहुत हुई थी और दोपहर तक ऊंची दामों पर अधिकांश खस्सीयों की बिक्री भी हुई ।



## पटमदा के सालबनी में आयोजित बाहा बोंगा कार्यक्रम में उमड़ी भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा के सालबनी में बारहा दिशोम जाहेरथान कमेटी पटमदा की ओर से रविवार को पहली बार वृहद स्तर पर बाहा बोंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर पटमदा, बोड़ाम समेत विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में संथाल समुदाय के लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम नायके बाबा पूर्ण चंद्र हेंब्रम, माझी बाबा अनाथ मुर्मू की देखरेख में जाहेरथान में पूजा अर्चना की गई। इस संबंध में कमेटी के अध्यक्ष टीकाराम मुर्मू ने बताया कि पहले यहां गांव के लोगों द्वारा ही प्रकृति का पर्व बाहा बोंगा का आयोजन किया जाता था लेकिन इस साल पहली बार वृहद स्तर पर किया गया अब अगले साल से और भी बेहतर ढंग से किया जाना है। मौके पर महिला-पुरुषों ने बाहा व पाता नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्रशेखर टुडू, जीतूलाल मुर्मू, सिजेन हेंब्रम, सुधीर हांसदा, सुधीर माझी, रूपलाल बेसरा, परगना ललित मुर्मू, सवर्धन हांसदा, चैतन बेसरा, हरिहर टुडू, दिवाकर टुडू, सुफल टुडू, बुद्धेश्वर टुडू, सुकदेव हेंब्रम, छुटुलाल हांसदा, सागर मांडी, लंबोदर मांडी, हेमंत शेखर मुर्मू, मुनीलाल सोरेन, दशरथ बेसरा, टीकाराम मुर्मू, अमर शंकर बेसरा, चुनाराम टुडू, उदय मुर्मू, दिवाकर हांसदा, कानुराम बेसरा, प्रदीप बेसरा, भानू हेंब्रम, धीरेंद्र नाथ टुडू, राजू हांसदा, विदु भूषण हांसदा, शंभू नाथ सोरेन आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## अमल संघ के रक्तदान शिविर में 82 यूनिट रक्त संग्रहित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में रक्त की भीषण संकट को देखते हुए अमल संघ, सिदगोड़ा की ओर से रविवार की सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को जमशेदपुर ब्लड सेंटर, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन, सुधा डेयरी तथा साधन टेन्ट हाउस ने सहयोग प्रदान किया। इस संबंध में संघ के महासचिव संदीप सिन्हा चौधरी ने बताया कि बीते कई दिनों से जमशेदपुर में भीषण गर्मी के बावजूद अमल संघ के शिविर में कुल 82 रक्तवीरों ने अपना बहुमूल्य रक्तदान कर एक मिसाल कायम किया है। विशेषकर महिला रक्तदाता तापती सरकार, उपासना सरकार को संघ ने सम्मानित किया। शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से विश्वनाथ गुप्ता, आलोक दत्ता, मनोरंजन सरकार, संतोष पात्रा, तरूण विश्वास, रंजन बनर्जी, शुभम, ज्ञानेंद्र मालाकार, बादल पात्रा, बप्पादित्य पाल, प्रबीर दास, सुखदेव सरकार, खोकना दा, शुभेंदु, संदीप सिन्हा चौधरी और अरिजीत सरकार ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## इचाडीह गांव में आयोजित कीर्तन कार्यक्रम में शामिल हुए कल्याण चंद्र सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कुकरू प्रखंड के इचाडीह गांव में श्री श्री राधा कृष्ण हरि नाम कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से ईचागढ़ राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह उपस्थित हुए। इनके अलावा काशीनाथ गोस्वामी, रघुवर कुमार, सदानंद कुमा,र सोनू देवी, खगेन महतो, समीर कुमार, कृष्ण चंद ताति, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशोक साह और रामगोपाल मौजूद थे।राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह ने कहा, इस तरह के कार्यक्रम से गांव सुख शांति होती है। इस दौरान आसपास के गांव लोगो की काफी संख्या में उपस्थिति थी।

## मानगो नगर निगम ने खराब पड़े स्ट्रीट लाइटों को किया दुरुस्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मानगो नगर निगम के द्वारा समाजसेवी मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में मानगो के कई क्षेत्रों में खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराया गया। अंसार खान ने बताया आज एन एच कॉलोनी पारडीह चौक चेपा पुल, गुलाब बाग फेस 2, जवाहर नगर रोड नंबर 13, जवाहर नगर रोड नंबर 14 और क्रॉस रोड नंबर 14, जवाहर नगर रोड नंबर 15 मुस्लिम कब्रिस्तान, डिमना बस्ती रोड नंबर 5 झारखंड कॉलोनी इन क्षेत्रों में स्थित लाइटों को ठीक कराया गया। बाकी बचे लाइट को एक हफ्ते के अंदर अंदर ठीक किया जाएगा। इस दौरान मानगो नगर निगम से ऑटो ड्राइवर संजय और इलेक्ट्रीशियन गणेश को भेजा गया। अंसार खान का सहयोग बस्ती वासियों ने किया।

## राजेश सिंह राजू को दुबारा मिली जमशेदपुर इंटक अध्यक्ष की जिम्मेदारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर महानगर इंटक के पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह राजू को एक बार फिर से महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। रविवार को टिनप्लेट यूनियन कार्यालय में आयोजित ज्वाइंट एक्शन कमेटी की मीटिंग मे झारखंड प्रदेश इंटक अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने राजेश सिंह 'राजू' को दूसरे टर्म की जिम्मेदारी सौंपी। श्री पांडेय ने कहा की राजेश सिंह 'राजू' का विगत तीन साल का कार्यकाल काफी अच्छा रहा है और उन्हें विश्वास है कि अपनी दूसरी पारी में इनके नेतृत्व में जमशेदपुर महानगर इंटक और मजबूत होगा।दोबारा महानगर अध्यक्ष बनाए जाने पर जुस्को यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पाण्डेय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामाश्रय प्रसाद, प्रदेश इंटक के संयुक्त महासचिव महेंद्र मिश्रा, उपाध्यक्ष विनोद राय, प्रदेश प्रवक्ता जम्मी भास्कर, कोल्हान प्रभारी राणा सिंह, टिनप्लेट यूनियन के महामंत्री मनोज सिंह, डिप्टी प्रेसिडेंट परविंदर सिंह सोहल, तार कंपनी यूनियन के महामंत्री पंकज सिंह, डिप्टी प्रेसिडेंट श्रीकांत सिंह, टाटा पावर यूनियन के महामंत्री पिंटू श्रीवास्तव, प्रदेश इंटक की उषा सिंह, मीरा तिवारी, टाटा रायसन के महामंत्री अमन सिंह, होटल क्लब यूनियन के अध्यक्ष ददन सिंह, पूर्वी सिंहभूम जिला ग्रामीण अध्यक्ष बीरबल सिंह, सरायकेला खरसांवा जिला अध्यक्ष केपी तिवारी आदि ने उन्हें बधाई दी।



## करीम सिटी कॉलेज में इग्नू का परिचय सत्र आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** इग्नू (इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी) के करीम सिटी कॉलेज अध्ययन केंद्र में आज रविवार को वर्तमान सत्र के विद्यार्थियों के लिए कॉलेज ऑडिटोरियम में परिचय सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नवनामांकित छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। इग्नू के समन्वयक डॉ एस एम यहिया इब्राहीम ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। उसके बाद उन्होंने पाठ्यक्रम तथा पाठ्य पुस्तकों से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमारा अध्ययन केंद्र सोमवार से शनिवार तक अपराह्न 4ः00 बजे से 6ः00 बजे तक खुला रहता है और रविवार को इग्नू कार्यालय का समय 10ः00 बजे से 2ः00 बजे तक है तथा प्रत्येक शुक्रवार को साप्ताहिक अवकाश रहता है। इग्नू की परीक्षा का समय निश्चित है इसकी परीक्षाएं जून में और दिसंबर में होती हैं। मार्च और सितंबर में असाइनमेंट जमा करना है, परीक्षा के लिए फॉर्म भरना है और रीरजिस्ट्रेशन भी करना है। डॉ इब्राहीम ने अंत में अपने अध्ययन केंद्र पर कार्यरत इग्नू के जिम्मेदार जमशेद अली, शमीम और जावेद से परिचित कराया। समन्वयक के अलावा काउंसलर डॉ कौसर तस्लीम, डॉ बसूधरा राय तथा डॉ संध्या सिंहा ने भी सभा को संबोधित किया और आवश्यक जानकारियां विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई। सभा में डॉ उधम सिंह तथा शेख मसूद के अलावा कई प्राध्यापक मौजूद थे।




## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जोबा मांझी ने गम्हरिया क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** इंडिया गठबंधन की साझा झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी के गम्हरिया क्षेत्र में दो दिवसीय दौरे के क्रम में आदित्यपुर नगर निगम के वार्डों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान मांझी ने लोगों से विकास के लिए वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बसे सभी जाति, धर्म के निवासियों के विकास के लिए चुनाव मैदान खड़ी है। औद्योगिक क्षेत्र के मजदूरों की आवाज बनाकर उन्हें न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने में जनसंपर्क अभियान के क्रम में कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार के आवास पर पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जन संपर्क अभियान के तहत राहेडगोड़ा, कृष्णापुर, आसंगी, इच्छापुर, बंता नगर, ट्रांसपोर्ट कॉलोनी के चार नंबर रोड, गुमटी बस्ती, शिव मंदिर आदित्यपुर 2, सालडीह, भाटिया बस्ती, बेलडीह, बड़ा गम्हरिया आदि क्षेत्र का दौरा किया गया। इस दौरान गम्हरिया के लाल बिल्डिंग चौक पर महिलाओं ने जोबा मांझी का स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी केपी सोरेन, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अंबुज कुमार, झामुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष रंजीत प्रधान, बुद्धिजीवी मंच के जिलाध्यक्ष छायाकांत गोराई, नगर अध्यक्ष दीपक मंडल, सचिन महतो, राजेश गोप, संजय दास, दीपक नायक, सुरेश धारी, बीटी दास, पितोबास प्रधान, रश्मि मुर्मू, राहुल यादव, तारक मुखी, आकाश दास, दिलीप गोराई समेत काफी संख्या में गठबंधन के कार्यकर्ता शामिल थे।



## खरसावां में उत्कल गौरव मधुसूदन दास की 176वीं जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** रजवाड़ी परिसर में रविवार को उत्कल सम्मिलनी के द्वारा उत्कल गौरव मधुसूदन दास की 176वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उड़िया समाज के लोगों ने उत्कल गौरव मधुसूदन दास की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उत्कल सम्मिलनी सरायकेला खरसावां के जिला उपदेष्टा कामाख्या प्रसाद षड़ंगी ने कहा कि मधुसूदन दास के प्रयास से 1903 में उत्कल सम्मिलनी का गठन हुआ था। इसके बाद 1 अप्रैल 1936 को स्वतंत्र ओडिशा प्रदेश के गठन में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ओड़िया समुदाय के सभी लोगों ने उत्कल गौरव मधुसूदन दास के बताए मार्ग पर चलकर भाषा,साहित्य व संस्कृति के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। वहीं इस उत्कल सम्मिलनी जिला परिदर्शक सुशील षड़ंगी ने बताया कि उत्कल सम्मिलनी ओडिशा सरकार के एक मान्यता प्राप्त संस्था है। इसके द्वारा झारखंड छत्तीसगढ़ आंध्र एवं बंगाल में ओडिशा सरकार के शिक्षा विभाग के और विभिन्न विद्यालय में ओड़िया शिक्षक नियुक्ति करके उत्कल सम्मिलनी के और से ओड़िया भाषा के छात्र-छात्राओं को ओड़िया भाषा की शिक्षा दिया जा रहा है। जो की ओड़िया भाषा के लिए काफी महत्वपूर्ण है। साथ ही ओडिशा सरकार के शिक्षा विभाग एवं उत्कल सम्मिलनी के द्वारा कक्षा एक से आठ तक बच्चों को निशुल्क साहित्य किताब वितरण किया जाता है। इस दौरान मुख्य रूप से हरिश्चंद्र आचार्य सुमन महांती सुशील षड़ंगी अजय प्रधान बिरोजा पति सपन मंडल लखीद्रं नायक रंजीत मंडल सुशांत प्रधान भरत चंद्र मिश्रा चंद्रभानु प्रधान रश्मि रंजन मिश्रा आदि उपस्थित थे।



## कुरान की तिलावत से शुरू हुआ बादशाह अब्दुर्रहीम रह. उर्फ चुनाशाह बाबा का 55वां सालाना उर्स शरीफ

*- जमशेदपुर समेत पड़ोसी राज्यों से अकीदतमंदों का आना शुरू*

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** हज़रत बादशाह अब्दुर्रहीम रह. उर्फ चुनाशाह बाबा का 55वाँ सालाना उर्स शरीफ बिष्टुपुर स्थित दरगाह में रविवार को सुबह 8 बजे कुरान ख्वानी के साथ शुरू हो गया है। इस अवसर पर दरगाह कमेटी के गद्दी नशी ताज अहमद, अध्यक्ष हाजी अब्दुल लतीफ़, उपाध्यक्ष मो नेयाज खान, महासचिव हाजी एस.एम. कुतबुद्दीन, संयुक्त सचिव डॉ जिया अहमद, कोषाध्यक्ष अब्दुल वहाब अंसारी- उप कोषाध्यक्ष हाजी मो वसी के अलावा मदरसा फैज उल उलूम धातकीडीह, कुरान एकेडमी कपाली, जियाइया दारुल किरात आजादनगर के बच्चे, बिष्टुपुर मस्जिद के पूर्व ख़तीब इमाम मौलाना हफीजुद्दीन, बिष्टुपुर मस्जिद के ख़तीब इमाम मौलाना मोहम्मद इजहार अहमद, मौलाना मोहम्मद कलीम कैंसर, हाफिज इबरार अहमद आदि मुख्य रूप से शामिल हुए और कुरान पाक की तिलावत कर फातिहा पढ़ा गया। वहीं सुबह से ही जमशेदपुर के अलावा झारखंड, उड़ीसा, बंगाल और बिहार से अकीदतमंदों का उर्स में शामिल होने के लिए आना शुरू हो गया। चुनाशाह बाबा के दरगाह पर दूर दूर से जायरीन अपनी मुराद लेकर आते है और दरगाह पर चादर पेश करते है। कल सोमवार को रात 9 बजे से तकरीर का आयोजन होगा जिसमे मुख्य रुप से मौलाना अलाउद्दीन चतुर्वेदी के अलावा बिस्तुपुर मस्जिद के इमाम शिरकत करेंगे।इस अवसर दरगाह कमेटी के गद्दी नशी ताज अहमद, अध्यक्ष हाजी अब्दुल लतीफ़, उपाध्यक्ष जमुना प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष मो नेयाज खान, महासचिव हाजी एस.एम. कुतबुद्दीन, संयुक्त सचिव डॉ जिया अहमद, कोषाध्यक्ष अब्दुल वहाब अंसारी- उप कोषाध्यक्ष हाजी मो वसी के अलावा सदस्यों में राजू चंद्र कुमार, शेख सलाहुद्दीन, विश्वनाथ प्रसाद, मो अब्बास, इम्तियाजुद्दीन, फ़ारूक़ अहसान, कासिम, पी वेंकट राव, मो हनीफ, गुलाम मुश्तुफा, मो अफजल, अजीबुल अंसारी, राम अवतार और ए. एस खान आदि शामिल हुए।



## आरडीडीई ने गैर मान्यता प्राप्त संचालित स्कूलों की जांच कर बंद कराने के लिए डीएसई को दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** जिले में कुकुरमुत्ते की तरह अवैध रूप से निजी स्कूल खुल गए हैं। ये स्कूल न केवल उचित सरकारी अनुमति के बिना संचालित हो रहे हैं बल्कि न्यूनतम शिक्षा मानकों को पूरा करने में भी विफल हैं। आदित्यपुर, गम्हरिया और कांड्रा समेत कई अन्य जगहों पर ऐसे स्कूल अवैध रूप से चल रहे हैं। कोल्हान प्रमंडल की क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक (आरडीडीई) निर्मला कुमारी बरेलिया ने इसे गंभीरता से लिया है। उन्होंने डीएसई को ऐसे स्कूलों की जांच कर तत्काल प्रभाव से उसे बंद कर कठोर कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया है। आरडीडीई निर्मला कुमारी बरेलिया ने बताया कि यह बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम आरटीई -2009 के उल्लंघन का एक गंभीर मामला है, जो बच्चों के शिक्षा के अधिकार को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 19(4) स्पष्ट है कि बिना अनुमति या मान्यता प्राप्त किए कोई भी स्कूल नहीं चला सकता है। जो व्यक्ति इस कानून का उल्लंघन करेगा वह 1 लाख रुपए तक के जुर्माने के साथ-साथ प्रत्येक अतिरिक्त दिन के लिए 10 हजार रुपए तक के दैनिक जुर्माने के लिए भी दायी होगा। उन्होंने कहा कि यह बच्चों के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को ऐसे किसी भी अवैध और गैर-मान्यता प्राप्त स्कूल में दाखिला न कराने की अपील की है। बच्चे का दाखिला करने से पहले हमेशा स्कूल की सरकारी मान्यता की जांच करें।



### उपायुक्त ने जिलावासियों से की अपील, लू से बिगड़ सकता है स्वास्थ्य, रहें सजग एवं सावधान

**जमशेदपुर :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने तापमान में बढ़ोत्तरी और गर्म हवा/ लू को लेकर जिलावासियों से अपने स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सावधान रहने की अपील की है। उन्होने कहा कि लू और अत्यधिक गर्मी में घर से बाहर निकलना आपके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह है । जरा सी लापरवाही लू की चपेट में आने का कारण हो सकता है, इसके गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं । स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तत्काल अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सकों से संपर्क करने को कहा है।

संपादकीय

# मोटे मुनाफे के लिये सेहत से खिलवाड़

**हाल** के दिनों में देश में आई जागरूकता के चलते कई ऐसे खुलासे हुए हैं, जिसमें बहुराष्ट्रीय खाद्य उत्पादों के हथकंडों का पता चला है। जिन खाद्य उत्पादों को दशकों से बच्चों की सेहत का राज बताया जा रहा था, परीक्षणों में पाया गया कि तेज मीठे की लत डालकर बच्चों को स्थायी ग्राहक बनाया जा रहा था। जांच के बाद सरकार ने बॉर्नविटा को सेहतवर्धक बताने वाले प्रचार को रोकने के लिये कहा था। अब इस कड़ी में बहुराष्ट्रीय कंपनी नेस्ले ने सफाई दी है कि उसके शिशु आहार उत्पादों में चीनी की मात्रा घटाई गयी है। यानी इससे पहले बच्चों को इस उत्पाद की आदत डालने के लिये भारत में इसमें अधिक चीनी की मात्रा मिलायी जा रही है। दरअसल, हाल ही में एक स्विस स्वयं सेवी संगठन 'पब्लिक आई' और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क के निष्कर्षों से खुलासा हुआ कि नेस्ले कंपनी ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत तथा अन्य विकासशील देशों, अफ्रीका व लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। नेस्ले इंडिया का दावा है कि उसने अब अपने उत्पादों में तीस फीसदी तक चीनी की कटौती की है। उल्लेखनीय है कि यह कंपनी नेस्कैफे, सेरेलैक व मैगी जैसे चर्चित उत्पादों का कारोबार करती है। इस बहुराष्ट्रीय कंपनी का रवैया कितना भेदभावपूर्ण व दुराग्रह से भरा हुआ है कि छह महीने के बच्चों को दिया जाने वाला नेस्ले का गेहूं पर आधारित उत्पाद सेरेलैक ब्रिटेन तथा जर्मनी में बिना किसी अतिरिक्त चीनी के बेचा जाता है। लेकिन भारत में सेरेलैक के 15 उत्पादों के अध्ययन के बाद खुलासा हुआ है कि एक बार के खाने में औसतन 2.7 ग्राम चीनी थी। अन्य विकासशील देश फिलीपीन्स में चीनी की मात्रा 7.3 ग्राम पाई गई। ऐसा शिशुओं को इसकी लत लगाने और लागत घटाने के मकसद से किया गया। जो निश्चित रूप से शिशुओं के जीवन से खिलवाड़ ही है। जिससे कई तरह के रोगों का भी जन्म होता है। यह विडंबना ही है कि उपनिवेशवाद के चलते पूरी दुनिया का शोषण करने वाले यूरोपीय व पश्चिमी देश लोकतांत्रिक स्वरूप वाले विश्व में भी व्यापारिक हथकंडों के जरिये विकासशील देशों का दोहन कर रहे हैं। दरअसल, खाद्य पदार्थों व शीतल पेयों में अधिक चीनी व नमक के जरिये युवाओं को भी इन उत्पादों की लत लगाई जाती है। इससे उन्हें एक अलग से खुशी का अहसास होता है। जिससे कालांतर गैर संक्रमणीय रोगों का खतरा बढ़ जाता है।

खाद्य उत्पादों को दशकों से बच्चों की सेहत का राज बताया जा रहा था, परीक्षणों में पाया गया कि तेज मीठे की लत डालकर बच्चों को स्थायी ग्राहक बनाया जा रहा था। जांच के बाद सरकार ने बॉर्नविटा को सेहतवर्धक बताने वाले प्रचार को रोकने के लिये कहा था। अब इस कड़ी में बहुराष्ट्रीय कंपनी नेस्ले ने सफाई दी है कि उसके शिशु आहार उत्पादों में चीनी की मात्रा घटाई गयी है। यानी इससे पहले बच्चों को इस उत्पाद की आदत डालने के लिये भारत में इसमें अधिक चीनी की मात्रा मिलायी जा रही है। दरअसल, हाल ही में एक स्विस स्वयं सेवी संगठन 'पब्लिक आई' और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क के निष्कर्षों से खुलासा हुआ कि नेस्ले कंपनी ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत तथा अन्य विकासशील देशों, अफ्रीका व लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। नेस्ले इंडिया का दावा है कि उसने अब अपने उत्पादों में तीस फीसदी तक चीनी की कटौती की है। उल्लेखनीय है कि यह कंपनी नेस्कैफे, सेरेलैक व मैगी जैसे चर्चित उत्पादों का कारोबार करती है। इस बहुराष्ट्रीय कंपनी का रवैया कितना भेदभावपूर्ण व दुराग्रह से भरा हुआ है कि छह महीने के बच्चों को दिया जाने वाला नेस्ले का गेहूं पर आधारित उत्पाद सेरेलैक ब्रिटेन तथा जर्मनी में बिना किसी अतिरिक्त चीनी के बेचा जाता है।

इस अस्वस्थ खाना-पान से कई रोग उत्पन्न होते हैं। इन स्वास्थ्य समस्याओं में वजन बढ़ना, मोटापा और कालांतर मधुमेह जैसे रोग हो सकते हैं। इसी तरह शीतल पेय, डिब्बा बंद जूस तथाकथित एनर्जी ड्रिंक्स तथा बिस्कुट में चीनी की मात्रा काफी अधिक होती है। इन उत्पादों की गिनती अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के रूप में होती है। हाल के दिनों में एक ब्रिटिश जनरल में खुलासा हुआ कि ऐसे खाद्य पदार्थों से उम्र पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। भारतीय चिकित्सक खुलासा कर रहे हैं कि यदि आपकी डाइट में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की मात्रा दस प्रतिशत से ज्यादा होती है तो व्यक्ति के शरीर में कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग व अवसाद जैसे रोग उत्पन्न हो सकते हैं। भारत में हाल के दिनों में इन रोगों से ग्रस्त लोगों की संख्या में तेजी से विस्तार हुआ है। इस संकट का समाधान तभी हो सकता है जब हम देश में उपभोक्ताओं को जागरूक करें। साथ ही हर उत्पाद में इस बात का उल्लेख होना चाहिए कि किसी खाद्य या पेय पदार्थ में कितनी मात्रा में नमक या चीनी का उपयोग किया गया है। यदि कम शर्करा वाली वस्तु है तो स्पष्ट होना चाहिए कि यह मात्रा कितना रखी गई है। दरअसल, इन उत्पादों में चीनी-नमक की मात्रा की निगरानी वाले तंत्र को मजबूत बनाने की जरूरत है। साथ ही देश में ऐसे प्रयोगशालाओं की स्थापना हर राज्य में की जाए जो लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले उत्पादों की जांच-पड़ताल कर सके। साथ ही दोषी पाये जाने वाली कंपनियों पर कठोर कार्रवाई की भी व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही भ्रामक विज्ञापन करने वाले लोगों पर भी कार्रवाई हो।

# सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारी और कठिनाई पर चर्चा जरूरी

हृदयनारायण दीक्षित

वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक प्रशासन का मुख्य लक्ष्य लोकहित ही रहा है। उनकी योग्यता और प्रतिभा बेजोड़ रही है। लेकिन तमाम ज्ञान गरिमा से युक्त होने के बावजूद वे भारतीय जनमानस के आत्मीय हित साधक नहीं बन सकते। प्रशासन और भारतीय जनता के मध्य दूरी है। प्रशासन एक तरह से स्थाई कार्यपालिका है। इसके कामकाज में आमजनों के साथ सम्पर्कों में संवेदनशीलता का अभाव देखा गया है। संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था, "हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है।"

**भारतीय** प्रशासनिक सेवा ने बड़ा लम्बा सफर तय किया है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक प्रशासन का मुख्य लक्ष्य लोकहित ही रहा है। उनकी योग्यता और प्रतिभा बेजोड़ रही है। लेकिन तमाम ज्ञान गरिमा से युक्त होने के बावजूद वे भारतीय जनमानस के आत्मीय हित साधक नहीं बन सकते। प्रशासन और भारतीय जनता के मध्य दूरी है। प्रशासन एक तरह से स्थाई कार्यपालिका है। इसके कामकाज में आमजनों के साथ सम्पर्कों में संवेदनशीलता का अभाव देखा गया है। संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था, "हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है।" पटेल ने स्वतंत्र भारत के सिविल अधिकारियों की पहली खेप को 21 अप्रैल को 1947 में सम्बोधित किया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसीलिए इस तिथि को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से 77 वर्ष बीत गए। संवेदनशील प्रशासन राष्ट्रीय अपरिहार्यता है। उत्कृष्ट प्रशासन प्राचीन काल से ही किसी न किसी रूप में समाज के लिए जरूरी रहा है। भारत का वर्तमान प्रशासन प्राचीन काल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विकास है। इसका प्राचीनतम स्वरूप ऋग्वैदिक काल में भी मिलता है। ऋग्वेद के समाज की सबसे छोटी इकाई कुटुम्ब या परिवार थी। परिवार का सबसे वरिष्ठ कुटुम्ब का प्रधान संचालक होता था। घर के मुखिया की बात सब लोग मानते थे। अनेक परिवारों से मिलकर बनने वाली राजनीतिक इकाई 'ग्राम' थी। राजनीतिक दृष्टि से ग्राम का प्रमुख ग्रामणी कहलाता था। वह स्वयं ग्राम का प्रशासनिक अधिकारी भी था। अनेक ग्रामों से बनी बड़ी इकाई विश कहलाती थी। विश के प्रशासनिक अधिकारी को विशपति कहते थे। विश से बड़ी इकाई जन होती थी। जन के संचालक प्रशासनिक अधिकारी को गोप कहा जाता था। गोप प्रायः राजा ही होते थे। ऋग्वैदिक समाज में गणतंत्र भी थे। राजा निरंकुश नहीं था। राजा राज्याभिषेक के समय प्रजा के हित में काम करने की शपथ लेता था। राजा को जवाबदेह बनाने वाली दो लोकतांत्रिक संस्थाएं भी थीं। इन्हें सभा और समिति कहा गया। लुडविग ने लिखा है, "समिति जनसाधारण की संस्था थी। सभा वरिष्ठों की संस्था थी।" उस समय के नियम सबको मान्य थे। नियम या विधि को ऋग्वेद में 'धर्मन' कहा गया है। ग्रिफ्थ ने धर्मन का अनुवाद लॉ या लॉज किया है। ग्राम में न्याय




करने के लिए ग्रामवादिन नाम की न्यायायिक संस्था भी थी। वैदिक काल के बाद सिन्धु घाटी की सभ्यता का समय (2250 ईसापूर्व से 1750 ईसापूर्व तक) आता है। व्हीलर और पिगट के अनुसार मोहनजोदड़ो और हड़प्पा के राज्य ठीक से संचालित थे। सिन्धु सभ्यता में सड़कें सुनियोजित थी। जल निकासी की व्यवस्था थी। अनुमान किया जाता है यहां नागरिक संस्थाएं थीं। पिगट के अनुसार व्यवस्थित निर्माण कार्य से अनुमान लगता है कि यहां नगर पालिकाएं जैसी संस्थाएं भी रही होंगी। सम्पूर्ण सिन्धु क्षेत्र में प्रशासन व्यवस्थित था। उत्तर वैदिक काल में शक्तिशाली राजाओं का उदय दिखाई पड़ता है। उत्तर वैदिक काल में प्रशासनिक काम करने वालों की संख्या बड़ी है। महाभारत में बड़े राज्यों का उल्लेख है। चन्द्रगुप्त मौर्य के काल में भारत ने पहली बार राजनैतिक एकता हासिल की। यह विशाल साम्राज्य था। चन्द्रगुप्त मौर्य स्वयं में योग्य प्रशासक थे। कौटिल्य का अर्थशास्त्र, मैगस्थनीज की इंडिका, अशोक के शिलालेख व यूनानी साहित्य में मौर्य शासन व्यवस्था की तमाम जानकारी हैं। भारतीय प्रशासन के विकास में मौर्य शासन के अनेक तत्व हैं। भारत परम्परा प्रिय देश है। यहां के समाज में कालवाह्य को छोड़ने और कालसंगत को जोड़ने की क्षमता रही है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक लोक प्रशासन को जनोन्मुखी बनाने के प्रयास चलते रहे हैं। आदर्श राजव्यवस्था के संवेदनशील प्रशासन के विवरण कौटिल्य के अर्थशास्त्र में मिलते हैं और महाभारत में भी। कौटिल्य संवेदनशील प्रशासन के व्याख्याता हैं। वाल्मीकि की रामायण में श्रीराम की आदर्श राजव्यवस्था के उल्लेख हैं। वाल्मीकि द्वारा लिखी आदर्श राजव्यवस्था काल्पनिक नहीं है। तुलसीदास ने आज से 450 वर्ष पहले रामचरितमानस लिखी थी। रामचरितमानस में भी आदर्श राजव्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं। अंग्रेजी सत्ता के समय भारत को साम्राज्यवाद का शोषण क्षेत्र बनाने की कोशिशें की गईं। अंग्रेजी सत्ता का उद्देश्य भारत की जनता को सुन्दर प्रशासन देना नहीं था। वे यहां से कच्चा माल इंग्लैंड ले जाते थे। उसके उपयोग से अंग्रेजी ब्रांड की वस्तुएं बनाते थे। यहाँ से कपास इंग्लैंड जाता था। वहां से 'मेड इन इंग्लैंड' के कपड़े बनकर आते थे। भारतीय व्यापारी और किसान कर्ज में डूब गए थे। अंग्रेजों का प्रशासन संवेदनहीन था। ईसाई मिशनरी अंग्रेजी सत्ता के दुरुपयोग से धर्मांतरण कराते थे। लेकिन भारतीय संस्कृति और दर्शन का डंका चारों ओर पिट रहा था। भारतीय प्रशासन के लिए इंग्लैंड से सिविल अधिकारी आते थे। मैक्समूलर भारतीय दर्शन और संस्कृति के व्याख्याता थे। उन्होंने भारत आने वाले सिविल अधिकारियों को पढ़ाया था कि दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मस्तिष्क भारतवासियों का है। संस्कृत दुनिया की आदर्श भाषा है। भारतीय दर्शन विज्ञान को ध्यान से समझ कर स्वयं का निजी जीवन और समाज को श्रेष्ठ बनाया जा सकता है। यह बातें भारत का कोई व्यक्ति नहीं कह रहा था। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर भारत जाने वाले सिविल अधिकारियों को भारत को समझने की प्रेरणा दे रहे थे। उनका सारा भाषण 'व्हाट इंडिया कैन टीच अस' के नाम से संकलित है। अंग्रेजी प्रशासकों को भारत समझना जरूरी था। मोटे तौर पर अंग्रेजी शासन और वैधानिक व्यवस्था की वास्तविक शुरुआत भारत शासन अधिनियम 1935 से होती है। संविधान निर्माताओं ने भारतीय प्रशासन के गठन में 1935 के अधिनियम की बातें लगभग यथावत रखी हैं। राजनैतिक कार्यपालिका विधायी सदनों के प्रति जवाबदेह है। मंत्रीगणों को सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर तैयार कराने में प्रशासन की मुख्य भूमिका होती है। प्रश्नोत्तरों की तैयारी में हुई त्रुटि का खामियाजा सदन में मंत्री को भुगतना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य भी उत्साहवर्द्धक सम्बंध नहीं दिखाई पड़ते। बहुधा विधायकों और सांसदों से प्रशासनिक अधिकारियों के बीच अप्रिय कलह की खबरें आती रहती हैं। टेलीफोन न उठाने और जनप्रतिनिधियों के पत्रों के उत्तर न देने की शिकायतें पुरानी हैं। विधायी सदनों की समितियों में प्रशासनिक अधिकारियों को सम्बंधित विषय पर साक्ष्य के लिए आमंत्रित किया जाता है।

दृष्टि कोण

# चुनावों में धर्म और जाति का उपयोग गलत परंपरा

**अभी** हाल ही मे चल रहे लोकसभा चुनावो के समय गुजरात के एक वरिष्ठ नेता पुरुषोत्तम रुपाला ने ब्रिटिश काल मे राजपूतो की नीति और स्थिति के बारे में एक विवादित बयान दे दिया, जिसके कारण उन्हे देश के क्षत्रिय समाज का विरोध झेलना पड़ रहा है, हो सकता है कि उन परिस्थितियों मे मजबूरी के कारण वुछ क्षत्रियों को ऐसा करना पड़ा हो पर पूरे क्षत्रिय समाज के लिए ऐसी धारणा बनाना सरासर गलत था। यहाँ तक इतिहास जानता है कि मुगलो और उसके पूर्व के अव्रांताओ के विरुद्ध मेवाड के राजपुतानो ने जिस साहस का परिचय दिया वह हिदुत्व की रक्षा के लिए ऐतिहासिक त्याग व बलिदान माना जायेगा, 7वी सदी मे बप्पा रावल से लेकर 17वी सदी तक महाराणा प्रताप और उनके बेटे अमर सिह तक यह संघर्ष कायम रहा। यही नही मेवाड के पर्वतीय वन प्रदेशों में बसने वाले भील, जो धनुष विदृा मे प्रवीण और अचुक निशाने बाज होते थे तथा पहाड़ों और जंगलो के बीहड़ रास्तो के जानकर होते थे, ने मुस्लिम आमण कारियो के विरुद्ध लडाईं में अपने राजपूत राजाओं के साथ संघर्ष किया और बलिदान दिया और संक्षिप्त रूप मे यह कहा जा सकता है कि अपनी सनातनी संस्वृति की रक्षा के लिए सभी हिदुओ ने राजपूत राजाओं के नेतृत्व मे वंधे से वंधा मिलाकर संघर्ष किया। यही कारण है कि लगातार 9 सदियो तक मुस्लिम आंताओ के अत्याचार और लूटमार के बावजूद हिदू सनातनी संस्वृति विनष्ट होने से बची रही। पर वर्तमान समय में क्षत्रिय परिवारों मे जन्म लेने वाले वुछ युवा जिन्हे राजपूताना संघर्ष के बारे मे वुछ नही पता वे राजपूताना संघर्ष को सभी हिदुओ का संघर्ष मानने के बजाय सिर्प क्षत्रियों का संघर्ष मानते है और निम्न जातियों में पैदा होने वालो को सनातनी संघर्ष का हिस्सा नही मानते और कभी कभी तो शुद्रो और भीलो को हिदू धर्म का हिस्सा नही मानते और अपने वर्ग को अन्य जातियों से श्रेष्ठ समझते है और उनकी यही सोच हिदू समाज और सनातनी संस्वृति को तार तार कर रही है। उन लोगो को यही बड़बोलापन राष्ट्रवाद और हिदुत्व मे आस्था रखने वाले रुपाला जैसे नेता को भी स्वाभिमानी राजपूत समाज के लिए अवांछित टिप्पड़ी करने के लिए उकसाया, जिसका परिणाम यह है कि पूरे राजपूत समाज द्वारा जगह जगह पर रुपाला का विरोध हो रहा है और जो राजपूत समाज भाजपा का वैडर वोट माना जाता रहा है वह अपनी ही पाटा के विरोध मे खड़ा हो गया है। इसी कड़ी मे उप के वरिष्ठ सपा नेता जो तीन बार सांसद रह चुके है और वर्तमान मे विधायक तूफानी सरोज ने यह कह कर विवाद पैदा कर दिया कि हमारी जीत मे सवर्ण ब्राrण ठावुरो का कोईं योगदान नही है अब यह प्रश्न उठता है कि भारत जैसे लोकतंत्र मे चुनाव के दौरान धर्म और जाति का उपयोग कितना जायज है जबकि चुनाव जाति व धर्म के बजाय शिक्षा, स्वास्थ, रोजगार और आर्थिक विकास के मुद्दों पर लड़े जाने चाहिए परंतु इस समय चुनाव पूर्ण रूप से धर्म और जाति के आधार पर लड़े और जीते जाते है। सनातन संस्वृति वाले इस देश मे मे भगवान राम त्रेता युग से पूजे जाते रहे है और लगभग 9 शताब्दियों तक देश बाहरी मुस्लिम अव्रांताओ के कब्जे मे रहा फिर भी देश मे न सनातन खत्म हुआ और न ही और न ही लोगो के मन मे भगवान राम के प्रति श्रद्धा ही कम हुईं और युगो से लोगो के दिल मे भगवान राम का वास रहता है पर वुछ स्वयंभू सनातन के ठेकेदार अयोध्या मे भगवान राम की जन्म भूमि पर बन रहे भव्य मन्दिर के निर्माण का श्रेय स्वयम लेने का प्रयास कर रहे है और इसके लिए हमारे साधु संतो और महान नेताओ की वुर्बानियों को नजर अंदाज कर रहे है और चुनावी फायदे के लिए भगवान राम का उपयोग कर रहे है जो अनैतिक भी है और सनातनी मांयताओ के विरुद्ध भी है। धर्म को चुनाव मे इस्तेमाल करने के मामले मे 1995 मे सर्वोच्च न्यायालय की बेंच जिसकी अध्यक्षता जस्टिस जी एस वर्मा कर रहे थे ने निर्णय दिया कि हिदुत्व धर्म नही है अपितु यह जीवन शैली है और यह कहा हिदुत्व को एक धर्म तक सीमित नही रखा जाना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय की इस गहन व्याख्या ने यह तो स्थापित कर दिया कि हिदुत्व भारत मे जीवन के सांस्वृतिक, सामाजिक और राजनीतिक पहलुओ को शामिल करता है पर उन्होंने कही भी चुनाव मे धर्म के इस्तेमाल को जायज नही ठहराया, नतीजन हिदू और हिदुत्व के उपयोग को भले ही असंवैधानिक न करार दिया जाए पर चुनाव मे इसका उपयोग अनैतिक है और सनातनी मांयताओ के खिलाफ है। यह पैसला दूसरी ओर धरमिक अपिलो और सामाजिक व सांस्वृतिक मांयताओ से जुड़ी अभिव्यत्ति के बीच अंतर को स्पष्ट कर दिया था और चुनावी प्रव्रिया की अखंडता बनाये रखने के लिए जाति और धर्म से संबंधित संवेदन शील मुद्दों को संबोधित करते समय राजनेताओ को सावधानी बरतनी चाहिए। शीर्ष अदालत का यह पैसला अभिवयत्ति की स्वतंत्रता और चुनाव के दौरान भ्रष्ट आचरण को रोकने के लिए आवश्यकताओ के बीच नाजुक संतुलन को दर्शाता है।

कुछ अलग

# पर्यावरण बचाइए जीडीपी बढ़ाइए

**उत्तराखंड** के जंगलों में भीषण आग लगी हुईं है। भारत समेत सम्पूर्ण धरती का तापमान बढ़ रहा है। अगले वर्षो में इस प्रकार की आपदाएं बढ़ेंगी। इन विध्वंसक प्रावृतिक घटनाओं के कारण पर्यटन और निवेश दोनों में गिरावट आती है। घरेलू निवेशक उन स्थानों को रहने के लिए चुनते हैं जहां उनको स्वच्छ पर्यावरण, साफ पानी और साफ हवा मिले। इसलिए अपने देश से तमाम अमीर लोग अपनी पूंजी लेकर विदेशों में जाकर बस रहे हैं। यहां निवेश कम हो रहा है और हमारा जीडीपी पिछले 6 वर्षो में लगातार गिर रहा है। लेकिन सरकार पर्यावरण और निवेश दोनों की चिता न करते हुए बड़ी योजनाओं को त्वरित स्वीवृतियां देने का प्रयास कर रही है और इन स्वीवृतियों को देने में पर्यावरण की अनदेखी कर रही है। सरकार समझ रही है कि बड़ी योजनाएं लगेंगी तो आर्थिक विकास चल निकलेगा। लेकिन बड़ी योजनाओं द्वारा स्वयं निवेश के बावजूद उनके द्वारा की जाने वाली पर्यावरण की हानी से वुल निवेश घाट रहा है। जैसे सरकार ने थर्मल पावर प्लांट द्वारा जहरीली गैसों के उत्सर्जन के मानकों को ढीला कर दिया है। इससे देश में बिजली का उत्पादन तो सस्ता हो जाएगा लेकिन साथ-साथ हवा प्रदूषित होगी। बिजली सस्ती होने से उद्योग लग सकते हैं; लेकिन प्रदूषण के विस्तार के कारण अमीर लोग यहां से बाहर जाने को मजबूर होंगे। इन दोनों विपरीत प्रभाव में अमीरों का बाहर जाना ज्यादा प्रभावी ही। इसलिए विकास दर घाट रही है। किसी बड़ी इकाईं को लगाने के लिए पर्यावरण मंत्रालय से पर्यावरण स्वीवृति लेना होता है। इस स्वीवृति को हासिल करने के लिए उद्यामी को पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट प्रस्तुत करनी पड़ती है। इसके बाद पर्यावरण मंत्रालय की कमेटी निर्णय करती है कि परियोजना को स्वीवृति दी जाए या नहीं। वर्तमान में इन कानूनों में सरकार ने कईं परिवर्तन प्रस्तावित किए हैं। जैसे पर्यावरण प्रभाव आकलन के बाद जनसुनवाईं करने की जरूरत को कईं परियोजनाओं के लिए निरस्त करने का प्रस्ताव है। कईं पुरानी परियोजनाएं बिना पर्यावरण स्वीवृति के चल रही हैं उन्हें पोस्ट पैक्टों यानि चालू होने के बाद भी पर्यावरण स्वीवृति देने की व्यवस्था की जा रही है। सिचाईं और नदियों की ड्रेजिग के लिए पर्यावरण स्वीवृति की जरूरत को समाप्त किया जा रहा है। इन सब कदमों के पीछे सरकार का मंतव्य है कि इस प्रकार की परियोजनाएं शीघ्र लागू हों और देश का आर्थिक विकास बढ़े। लेकिन इन परियोजनाओं के पर्यावरण प्रभाव आकलन को ढीला करने से देश का जल और वायु प्रदूषित होगा। अपने देश के अमीर विदेश को चले जाएंगे जैसा कि पिछले छह वर्षो से तेजी से हो रहा है और हमारा जीडीपी बढ़ने के स्थान पर गिरेगा जो पिछले छह वर्षो के रिकॉर्ड से ज्ञात होता है। हमें ध्यान देना चाहिए कि ताजमहल, वाराणसी, समुद्र तटों पर बीच, पहाड़ों पर बर्प इत्यादि उपलब्धियों के बावजूद अपने देश में विदेशी पर्यटकों का आगमन बहुत ही कम संख्या में होता है क्योंकि यहां का सामाजिक और भौतिक पर्यावरण अनुवूल नहीं है। ट्यूनीशिया और मालद्वीप जैसे छोटे छोटे देश हमारे समकक्ष अपनी प्रावृतिक उपलब्धयों से 100 गुना रकम अर्जित कर रहे हैं। इस परिप्रेक्ष में पर्यावरण प्रभाव आकलन को और सख्त बनाना चाहिए। मैं आपके सामने राष्ट्रीय जलमार्ग एक जो कि वाराणसी से हल्दिया तक बनाया जा रहा है का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहूंगा। इस जलमार्ग को बनाने के पीछे आधार यह था कि जलमार्ग से माल की ढुलाईं का खर्च 1.06 रुपए प्रति टन प्रति किलोमीटर लगेगा जबकि रेल से इसका खर्च 1.36 प्रति टन प्रति किलोमीटर लगता है।

देश दुनीया से

# ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अंवुश जरूरी

व्यवहारिक पक्ष को हम सभी ने कोरोना काल में विशेष तौर पर महसूस किया जब घर बैठे कार्य करने के लिए वर्चुअल और ऑनलाइन मीटिंग्स, स्कूल की कक्षाओं का संचालन या फिर वर्व प्रॉम होम जैसे विभिन्न माध्यम अस्तित्व में आए। इतना ही नहीं कल तक जो फिल्में और टीवी विश्व भर में मनोरंजन का सबसे लोकप्रिय साधन थे आज इंटरनेट और विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म उनकी जगह ले चुके हैं। जब 2008 में भारत में पहला ओटीटी प्लेटफॉर्म लांच हुआ था तब से लेकर आज जबकि लगभग 40 ओटीटी प्लेटफॉर्म हमारे देश में मौजूद हैं, इसने काफी लंबा सफर तय किया है। केजीएमजी मीडिया एंड एंटरटेनमेंट की2018 की एक रिपोर्ट का कहना था कि भारत का ओटीटी बाजार 2023 तक 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करेगा।

**आज** के युग में तकनीक जिसे टेक्नोलॉजी कहते हैं वो लगातार और तीव्रता के साथ बदल रही है। इसके व्यवहारिक पक्ष को हम सभी ने कोरोना काल में विशेष तौर पर महसूस किया जब घर बैठे कार्य करने के लिए वर्चुअल और ऑनलाइन मीटिंग्स, स्वूल की कक्षाओं का संचालन या फिर वर्व प्रॉम होम जैसे विभिन्न माध्यम अस्तित्व में आए। इतना ही नहीं कल तक जो फिल्में और टीवी विश्व भर में मनोरंजन का सबसे लोकप्रिय साधन थे आज इंटरनेट और विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म उनकी जगह ले चुके हैं। जब 2008 में भारत में पहला ओटीटी प्लेटफॉर्म लांच हुआ था तब से लेकर आज जबकि लगभग 40 ओटीटी प्लेटफॉर्म हमारे देश में मौजूद हैं, इसने काफी लंबा सफर तय किया है। केजीएमजी मीडिया एंड एंटरटेनमेंट की2018 की एक रिपोर्ट का कहना था कि भारत का ओटीटी बाजार 2023 तक 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करेगा। लेकिन कोरोना काल में इसने यह लक्ष्य समय से पहले ही प्राप्त कर लिया। दअरसल लॉकडाउन के दौरान सिनेमा और मल्टीप्लेक्स बंद होने के कारण ओटीटी प्लेटफॉर्म ने भारत समेत सम्पूर्ण विश्व में हर आयु वर्ग के आकर्षण के साथ-साथ जबरदस्त स्वीकार्यता भी प्राप्त की। लेकिन जहां एक ओर इसने मनोरंजन और इस क्षेत्र में संघर्षरत युवाओं के लिए नए आयाम खोले हैं वहीं कईं विवादों और चिताओं को भी जन्म दिया है। जिस प्रकार हर सिक्के के दो पहलू होते हैं उसी प्रकार ओटीटी प्लेटफॉर्म के भी सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही पहलू हैं। अगर इसके सकारात्मक पक्ष की बात करें तो फिल्म और सीरियल जगत में वैरियर बनाने की इच्छा रखने वाले हर उम्र के लोगों के लिए इसने बगैर किसी भेदभाव के अनेकों द्वार खोल दिए हैं। आज एक आम चेहरे अथवा साधारण आवाज या फिर बिल्वुल आम शारीरिक बनावट के साथ किसी भी आयु वर्ग के व्यक्ति के लिए यहां असीमित अवसर हैं। जहां फिल्म इंडस्ट्री पर नेपोटिज्म और कास्टिंग काउच के चलते बहुत से प्रतिभावान युवा मायूस हो जाते थे आज इन्हीं ओटीटी प्लेटफॉर्म के दम पर उन्होंने अपनी पहचान बना ली है। वहीं दर्शकों को भी एक फिल्म देखने के लिए टिकट के भारी-भरकम पैसों के अलावा इंटरवल में कोक कॉफी पॉपकार्न जैसी चीजें मल्टीप्लेक्स में कईं महंगे दामों पर खरीदनी पड़ती थीं आज वो लगभग मुफ्त में घर बैठे इन चीजों का आनंद ले रहा है। अगर ओटीटी के नकारात्मक पक्ष की बात करें तो मनोरंजन, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर जिस प्रकार की सामग्री इनके माध्यम से आज परोसी जा रही है वो देश के आमजन से लेकर बुद्धिजीवियों और अब तो सरकार तक के लिए भी चिता का विषय बनती जा रही है। यह विषय इसलिए भी गंभीर हो जाता है क्योंकि भारत सरकार का इन पर कोईं नियंत्रण नहीं है। क्योंकि ये ओटीटी प्लेटफॉर्म देश के वर्तमान कानूनों के दायरे के बाहर हैं। दअरसल फिल्मों के लिए सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन है, टीवी के लिए न्यूज




ब्रॉडकास्टिंग स्टैंडर्डस अथॉरिटी है, प्रिंट मीडिया के लिए प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया है लेकिन ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नजर रखने के लिए कोईं संस्था नहीं है। और तो और इनको अपनी सामग्री दर्शकों तक पहुंचाने के लिए केबल ऑपरेटर या सैटेलाइट कनेक्शन जैसे किसी माध्यम की आवश्यकता भी नहीं होती। ये दर्शकों तक स्मार्ट फोन, लैपटॉप एवं स्मार्ट टीवी जैसे साधनों से आसानी से पहुंच जाते हैं। आज ओटीटी प्लेफॉर्म ही नहीं आज बल्कि कोईं भी व्यक्ति इंटरनेट पर जो चाहे अपलोड कर सकता है। इसी बात का लाभ इन ओटीटी प्लेटफॉर्म को मिल जाता है। यही कारण है कि फिक्शन या कल्पना या कलात्मक सृजनात्मकता के नाम पर ये प्लेटफॉर्म वुछ भी दिखाने का साहस कर पाते हैं। चाहे हिन्दू धर्म और उसके देवी देवताओं का अपमान हो या फिर ऑनलाइन प्रॉड के तरीके दर्शकों को सिखाना (जामताड़ा) या फिर हत्या और व्राइम करके कानून से बचने के तरीके दिखाना। यही कारण है कि कईं बार मिर्जापुर पाताल लोक या तांडव जैसी सीरीज के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की जाती हैं। लेकिन अगर कोईं स्पष्ट और सख्त कानून मौजूद होता जो इनकी रचनात्मकता, अभिव्यक्ति और सृजनात्मकता को सीमाओं के साथ परिभाषित करता तो लोगों या संस्थाओं को ओटीटी प्लेटफॉर्म के खिलाफ

आप का नजरीया

# उदासीनता

**उदासीनता** शनिवार को पंजाब के दो नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए। इनमें दोनों ही कांग्रेस के प्राभावशाली नेता रहे हैं। इनमें एक हैं तजिन्दर बिट्टू जो पंजाब प्रादेश कांग्रेस के महासचिव, पाटा के राष्ट्रीय सचिव रहे हैं और हिमाचल प्रादेश कांग्रेस के सह प्राभारी थे। दूसरी हैं करमजीत कौर जो सांसद संतोख चौधरी की पत्नी हैं। संतोख चौधरी की मौत कांग्रेस नेता राहुल गांधी के न्याय यात्रा के दौरान हुईं थी फिर रिक्त हुईं जालंधर की संसदीय सीट से उपचुनाव में कांग्रेस ने करमजीत कौर को उतारा था। असल में पंजाब में जिस तरह जमीनी नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं, वह निाति रूप से पंजाब कांग्रेस के लिए ही चिन्ता का विषय नहीं हो सकता। इसके लिए कहीं न कहीं पाटा के वेंद्रीय नेतृत्व की उदासीनता भी जिम्मेदार है। कांग्रेस को यह समझ नहीं आ रहा है कि जितने लोग पाटा छोड़कर गए हैं वे पूंके कारतूस नहीं हैं। वे जमीन से जुड़े और अनुभवी तथा ज्यादा दिन राजनीति करने वाले लोग हैं। हैरानी की बात तो यह है कि जिनकी तीन-तीन पीढ़ियां कांग्रेस से जुड़ी थीं उन्होंने तो पाटा छोड़ी ही साथ ही पाटा के दलित और जाट नेताओं के जाने से भी पाटा में बेचैनी का माहौल नहीं दिख रहा है। पंजाब में जनसंख्या की दृष्टि से दलित सर्वाधिक हैं तो प्राभावशाली जाति के रूप में पंजाब में जाट सिख सबसे ज्यादा दबदबा रखते हैं। कांग्रेस को दलित और जाट दोनों ही छोड़ते जा रहे हैं। पहले राज्य में आम आदमी पाटा (आप), अकाली दल और कांग्रेस में ही सिख नेता और कार्यकर्ता होते थे। अब सिख भाजपा में चले गए। मतलब यह कि राज्य में आम आदमी पाटा, अकाली और भाजपा के बीच संघर्ष होने की संभावना बन रही है। भाजपा जानबूझकर रणनीति के तहत कांग्रेस के जाट और दलित आधार को खोखला करने पर तुली है ताकि वह उसके द्वारा खाली स्थान को भाजपा हासिल कर सके। दुर्भाग्य की बात तो यह है कि इस तरह की भगदड़ के बाद भी नवजोत सिह सिद्धू और प्राताप सिह बाजवा के बीच लड़ाईं सड़क पर है। बहरहाल यदि कांग्रेस पाटा जल्दी से नहीं चेती तो पंजाब में यह पाटा चौथे स्थान पर चली जाएगी। राज्य के लिए कांग्रेस का मजबूत होना जरूरी था क्योंकि आप और अकाली दल अतिवादी सिख नेताओं पर निर्भर करते हैं। कांग्रेस में सिख नेता ही अकाली दल को संतुलित करने में सक्षम थे। किन्तु अब जिस तरह कांग्रेस पाटा में सिखों का पलायन और भाजपा में शामिल होने का सिलसिला शुरू हुआ है वह कांग्रेस के लिए पंजाब में खतरे की घंटी है। मामला गंभीर इसलिए भी है क्योंकि पाटा छोड़ने वाले ज्यादातर लोग वे हैं जिनके राहुल गांधी अथवा प्रियंका व सोनिया के साथ अच्छे संबंध थे। कांग्रेस से जनाधार वाले नेताओं के निकलने पर प्रायः प्रावक्ता सफाईं देते हैं कि प्रावर्तन निदेशालय, वेंद्रीय जांच ब्यूरो अथवा इनकम टैक्स के छापों के डर से उनके नेता ने दल बदल लिया। लेकिन ये जो कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी पाटा छोड़ रहे हैं, उन पर तो किसी तरह का कोईं मामला ही नहीं है। लब्बोलुआब यह है कि कांग्रेस के जिन नेताओं को अपने राजनीतिक भविष्य की चिन्ता दिख रही है वे कांग्रेस के भविष्य की चिन्ता नहीं कर रहे हैं क्योंकि कांग्रेस नेतृत्व उनकी चिन्ता दूर करने के लिए गंभीर ही नहीं है।

संक्षिप्त खबरें

### युवती के साथ किया गया दुष्कर्म, कार्रवाई की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड के कसारी गांव की एक युवती ने अपने ही समुदाय के युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। और सिमरिया थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। अपने आवेदन में युवती ने कहा है कि लोहंसिंगना गांव के युवक सलमान जो उसके पिता का रिश्तेदार है शादी का झांसा देकर उसके साथ लगभग दो वर्षों से जबरन शारीरिक संबंध बना रहा था। इधर उससे जब भी शादी की बात कर रही हूं वह टाल मटोल का रवैया अपना रहा है। पिछले 27 अप्रैल की रात भी उसने मुझे फोन कर घर से बाहर बुलाया और जबरदस्ती दुष्कर्म किया। हो हल्ला मचाने के बाद मेरे परिवार के लोग आए और उसे पकड़ लिया। परिवार के बीच सुलह समझौते में शादी पर सहमति हुई किंतु फिर उसने इंकार कर दिया। और बात बढ़ने पर जान से मारने की धमकी दी है। युवक द्वारा झांसा देकर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से मैं आहत हूं। युवती ने थाना प्रभारी से जांच पड़ताल कर युवक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

चतरा संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी के एन त्रिपाठी और मंत्री सत्यानंद भोक्ता का संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस

# भाजपा ने देश के साथ किया है आर्थिक अपराध, संविधान और आरक्षण बदलने का किया जा रहा है प्रयास : प्रत्याशी के एन त्रिपाठी

हेमंत सरकार ने दिया पेंशन, भाजपा ने दिया टेंशन, भाजपा का 10 वर्ष गुजर गया, गरीब और गरीब हो गया : मंत्री सत्यानंद भोक्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** चतरा संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी और मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने जिला मुख्यालय में संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस किया है। इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा है कि झारखंड कहा है कि केंद्र सरकार के 10 वर्ष में गरीब भूखे उजड़ गया है ।उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने सरकारी सेवा में काम करने वाले कर्मचारियों को पेंशन दिया जबकि भाजपा की सरकार ने उन्हें टेंशन दिया है। उन्होंने बताया कि अबुआ आवास योजना के तहत तकरीबन प्रदेश में 20 लाख लोगों के लिए आवास बनाए जा रहे हैं ।उन्होंने सांसद के क्रियाकलापों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सांसद आदर्श ग्राम में पीने का पानी नहीं है ना बिजली है ना मूलभूत सुविधाएं हैं।इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पिछले 10 वर्षों से चतरा संसदीय क्षेत्र से सांसद रहे हैं लेकिन उन्होंने ऐसा काम नहीं है जिससे इस क्षेत्र की जनता को लाभ मिला हो। उन्होंने बताया कि चतरा - गया रेल मार्ग,चतरा में स्टील प्लांट लगाने काला ,धन लाने, सभी के अकाउंट में 15 - 15 लाख रुपया देने, दो करोड़ रोजगार देने सहित वादों के साथ भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र में अपनी सरकार बनाई थी। लेकिन सभी दावे खोखले साबित हुए हैं । उन्होंने झारखंड की हेमंत सोरेन और चंपई सोरेन के कार्यों के बारे में बताया कि सभी बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग जैसी कई ऐसी योजनाएं हैं जो गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है ।इस मौके पर चतरा संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी और पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने देश के प्रति आर्थिक अपराध किया है। उन्होंने बताया कि हजारों करोड़ रूपया चुनाव प्रचार पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा खर्च किया जा रहा है और विपक्षी नेताओं पर ईडी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों को दुरुपयोग कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संविधान बदलने की कोशिश की जा रही है ।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनता से तीन चौथाई बहुमत की अपील कर रहे हैं ताकि देश में आरक्षण की व्यवस्था, देश के संविधान की मूल संरचना, प्रस्तावना और लोकतांत्रिक ढांचे को ध्वस्त करने की इच्छा है।उन्होंने देश की जनता से अपील की है कि वोट के माध्यम से ही भारतीय जनता पार्टी के केंद्र की सरकार को उखाड़ सकते हैं ।उन्होंने चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता से अपील की है कि आने वाले 20 मई को कांग्रेस के प्रति अपना समर्थन वोट देकर करें ताकि एक विकसित और खुशहाल चतरा का निर्माण हो सके। महागठबंधन के प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति, राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

## इंडिया गठबंधन को मिला राजद कार्यकर्ताओं का अपार समर्थन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड राजद कमिटी ने प्रखण्ड अध्यक्ष गुड्डू आलम के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में राजद कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जिताने का निर्णय लिया। कहा कि जीत के लिए हम कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार हैं। और मतदाताओं के पास भाजपा के सांसद सुनील सिंह का 10 वर्ष का कार्यकाल का बात सामने रखेंगे और लोगों को अपील करेंगे कि भाजपा को वोट ना करें चुकी भाजपा के सांसद पूर्व में भी थे और वर्तमान में भी भाजपा अपना प्रत्याशी दिए है। वैसे में चतरा लोक सभा के लोग ठगे के ठगे रह जाते हैं मौके पर सुबोध कुमार पांडेय, मो अख्तर हुसैन, नागेश्वर महतो, टिंकू यादव, राजेश कुमार, नरेश यादव, वीरेंद्र यादव, सुरेश पासवान, विवेक कुमार, मादी सिह भोगता, मिन्हाज अंसारी, रामनरेश कुमार, मो जब्बार, अब्दुल कयूम, अब्दुल अजीज, रफीक मियां, जवाहर यादव के अलावे अन्य लोग शामिल थे।

## इंडी एलायंस के साथ कार्यकर्ताओं ने की बैठक आगामी 2024 लोकसभा को लेकर हुई चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत दानापुर पेट्रोल पंप स्थित भवन में महागठबंधन कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता चंद्रमणि यादव व संचालन सुधीर कुमार ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी 30 अप्रैल को चतरा समाहरणालय नामांकन पत्र दाखिल करेंगें। बैठक कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष लक्ष्मी साव, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष बेझनाथ यादव, जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष सुधीर कुमार ने कहा कि आगामी 30 अप्रैल को पत्थलगड़ा प्रखण्ड से भारी से भारी जनसंख्या में हम सभी कार्यकर्तागण चतरा पहुचेंगे ओर सफल बनाएंगे। बैठक में राजद प्रखण्ड उपाध्यक्ष दुलारचंद यादव, जेएमएम नेता अनिल दांगी, बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, उपाध्यक्ष जितेंद्र दांगी, कांग्रेस नेता शैलेश चंद्रवंशी, रामजीत दांगी, राजकुमार यादव, जेएमएम प्रखण्ड सचिव बिमल राणा, महेंद्र यादव, विजय भोक्ता, बिरसा मुंडा, शशि कुमार, अजय साव, राधेश्याम यादव, हरिनाथ यादव, मो0 सलाउद्दीन अंसारी, मो0 कुदुस, पीयूष कंजूर, नंदकिशोर यादव व भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक जय प्रकाश सिंह भोक्ता चतरा संसदीय क्षेत्र से लड़ेंगे चुनाव, भारतीय जनता पार्टी का छोड़ेंगे दामन

**चतरा और सिमरिया विधानसभा से विधायक रह चुके हैं जयप्रकाश सिंह भोक्ता**

**बाबूलाल मरांडी के काफी करीबी माने जाने वाले पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोक्ता के निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा से दिलचस्प हुआ चतरा संसदीय क्षेत्र का चुनाव**

**कांग्रेस के जिला महामंत्री राजवीर, पूर्व सांसद पर प्रतिनिधि ग्रामीण और भाजपा नेता संजय कुमार यादव, भाजपा के जिला कार्य समिति सदस्य पंकज साह ने भी अपने अपने पार्टी से दिया इस्तीफा**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं चतरा और सिमरिया से विधायक रह चुके जयप्रकाश सिंह भोक्ता ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उनकी इस घोषणा से राजनीतिक हलकों में नया समीकरण को जन्म दे दिया है।दरअसल झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के काफी करीबी माने जाने वाले जयप्रकाश सिंह भोक्ता का भाजपा से बगावत की खबर आ रही थी। लेकिन आज जिला मुख्यालय में एक निजी होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सबको चौंका दिया है। हालांकि उनकी इस घोषणा से चतरा संसदीय क्षेत्र के चुनाव में नए समीकरण बनने के आसार भी नजर आ रहे हैं। गौरतलब है कि जयप्रकाश सिंह भोक्ता वर्ष 2009 से 2014 तक सिमरिया विधानसभा से विधायक रह चुके हैं और वर्ष 2014 से 2019 तक चतरा विधानसभा से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर विधानसभा की चौखट तक पहुंचे थे। भोक्ता जाति की आबादी काफी तादाद में है और भोक्ता जाति को आदिवासी जाति की श्रेणी में डाल देने के बाद से उनके राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई सामने आ गई है।गौरतलब है कि चतरा और सिमरिया दोनों विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। ऐसे में जयप्रकाश सिंह भोक्ता आने वाले समय में विधानसभा चुनाव भी नहीं लड़ सकते थे। यही वजह है कि जयप्रकाश सिंह भोक्ता ने भारतीय जनता पार्टी से लोकसभा के लिए टिकट की मांग की थी। लेकिन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनकी इस मांग को ठुकरा दिया। जिससे जयप्रकाश सिंह भोक्ता काफी नाराज थे और अंतत उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के विरुद्ध अपना मोर्चा खोलते हुए चतरा संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि लोगों की जन भावनाओं और अपार समर्थन को देखते हुए लोकसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय मतदाताओं से विचार विमर्श और गहन चिंतन मंथन के बाद ही जनता के बीच जाने का फैसला किया है और जनता का निर्णय सर्वोपरि होगा। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र में हर किसी को चुनाव लड़ने का अधिकार है और क्षेत्र की जनता के विश्वास पर खड़ा उतरने के लिए एक बार फिर लोकसभा से चुनाव में मैदान में डटे हैं।पत्रकारों के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उनका चुनाव लड़ने का यह अंतिम फैसला है और अब किसी तरह चुनाव से वापस होने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता है। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव राजवीर, भारतीय जनता पार्टी जिला कार्य समिति सदस्य पंकज साह और भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद प्रतिनिधि ग्रामीण संजय कुमार यादव ने भी अपने-अपने पार्टी से इस्तीफा देकर जयप्रकाश सिंह भक्ति के समर्थन का ऐलान किया है।

## इक्को पॉर्क से दो सोलर प्लेट की चोरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड के देवनद दामोदर तट के समीप स्थानीय लोगों की पहल पर जिला प्रशासन व हिंडालको चकला कोल माइंस के द्वारा चंदवा वासियों को समर्पित इक्को पार्क में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने इक्को पार्क में लगे सोलर लाइट से 2 सोलर प्लेटों की चोरी कर ली। लोगों को चोरी की भनक रविवार की सुबह उस समय हुई जब पार्क में पानी पटाने के लिए कर्मी राहुल कुमार इक्को पार्क पहुंचे तो उन्होंने दो सोलर प्लेट को गायब पाया। इधर उदंड युवकों की इस करतूत के बाद चंदवा वासियों में रोष देखने को मिल रहा है। लोगों ने कहा कि चंदवा का इक्को पार्क शहर की धरोहर है, चंदवा का एकमांत्र ऐसा स्थान है जहां पर अभिभावकों अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर मनोरंजन व सैर सपाटे को लेकर आते हैं। उदंड युवकों को यह करतूत कहीं से सही नहीं है। उनके खिलाफ प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। बता दें कि इक्को पार्क एनएच के किनारे स्थित है व एनएच पर 24 घंटे पेट्रोलिंग होती रहती है साथ ही इक्को पार्क के समीप ही पुलिस की गाड़ी हमेशा खड़ी रहती है। इसके बावजूद पार्क में लगातर हो रही तोड़फोड़ व चोरी की घटना से लोगो में आक्रोश है। विदित हो कि पूर्व में भी इक्को पार्क में पूर्व में भी तोड़ फोड़ की घटना हो चुकी है। इधर इको पार्क प्रबंधन समिति ने घटना के संबंध चंदवा पुलिस को आवेदन देने की बात कही है।

# बंदरों ने मचाया उत्पात घर को किया क्षतिग्रस्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत छिपादोहर में बंदरों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है।आए दिन किसी न किसी घर को क्षतिग्रस्त किया है जिससे ग्रामीण काफी परेशान हो गए हैं। एक ऐसा ही मामला छिपादोहर पंचायत के छिपादोहर ग्राम का है जहां पिछले एक महीना से बंदरों का आतंक जारी है आए दिन किसी न किसी घर को क्षतिग्रस्त किया है जिससे ग्रामीण काफी परेशान हो गए हैं वहीं ग्रामीण सुनील कुमार पिता चलित्र प्रसाद ने बताया कि लगभग 40 से 50 की संख्या में बंदरों का झुंड हमारे गांव आ जाते हैं और घर में रखे खाना-पीना के साथ-साथ खपरैल मकान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। जिससे हमारा घर पूरी तरह बर्बाद हो गया है ठाट बांस को भी तहस-नहस कर दिया है। जिससे हल्की बारिश होने के बाद भी बरसात का पानी घर के अंदर प्रवेश कर जाता है। जिससे हम लोगों को घर में रहने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है आगे उन्होंने बताया कि इनका उत्पात लगभग एक महीना से जारी है जब हम लोग भागने का प्रयास करते हैं तो हम लोगों के ऊपर ही झपट जाते हैं। डर के मारे कुछ नहीं कर पाते हैं जिससे हम लोगों को रहना दुभर हो गया है आगे श्री कुमार ने कहा कि इस समस्या को लेकर हम लोगों ने वन विभाग को भी जानकारी दिया था लेकिन वन विभाग के द्वारा बंदरों को भगाने में किसी प्रकार की कोई पहल नहीं की गई है। सुनील कुमार व उनके परिजनों ने वन विभाग से घर कि मरोम्मती एवं मुआवजे कि मांग किया है।

## चापाकल खराब होने के कारण ग्रामीणों को पानी के लिए हो रही है परेशानी



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भीषण गर्मी के बीच गारू प्रखंड के क्षेत्र में पेयजल की समस्या गहराती जा रही है। पेयजल की किल्लत के कारण लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गारू प्रखंड के धांगरटोला पंचायत के सुरकुमी गांव में चापानल खराब होने के कारण पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है।ग्रामीणों का कहना माने तो सुरकुमी गांव के मोहन बृजिया के घर के सामने लगा चापाकल खराब हो गया है। इसके अलावा सुशील बृजिया घर के सामने, पीयूष बृजिया के घर के सामने व सुमति देवी के घर के सामने लगा चापाकल खराब हो गया है। जबकि आदिम जनजाति क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति योजना से बने पानी टंकी भी खराब हो गया है ग्रामीणों ने बताया है कि सभी चापाकल मरोमती करने की आवश्यकता है सभी में पाइप कम होने के कारण पानी कम निकलता है या फिर एक बूंद भी नहीं निकलता है।सुशील बृजिया, बबीता देवी,ऊषा ठीठीयों सिबिस्तियानी तेलरा मोहन बृजिया सहित कई ग्रामीणों ने जल्द से जल्द चापाकल ठीक कराने की मांग की है।

## मकरा गावं के खुठनिया टोला में चापनल खराब, पानी के लिए मचा हाहाकार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातु :** प्रखंड क्षेत्र के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा के टोला खुठनिया मे चापानल की जल स्तर निचे चले जाने एवं चापनल की हैडल खराब होने के कारण पानी के लिए हाहाकार मची हुई है. इस सम्बन्ध मे ग्रामीण तुलेश्वर तुरी, कार्तिक कुमार, दीपक तुरी, राकेश तुरी, कुलेश्वर राम, सुरेंद्र कुमार, नागेश्वर तुरी, रेणु कुमारी, बसंती देवी, गीता देवी, यशोदा देवी, चौठी राम, रीना देवी, राहुल कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की यहाँ हमलोग लगभग 13 घर की परिवार रहते हैं. जिसमे इतना परिवार के बिच मात्र एक ही चपनाल नल है जो एक वर्ष मे लगभग 4 सें 5 बार ख़राब हो जाती है. चापानल ख़राब होने सें हम सभी लोगो के बिच पेजल की समस्या काफ़ी बढ़ जाती है. फिर हमलोग सभी ग्रामीण आपस में चंदा कर के ख़राब चापानल को मरम्मती करवाते है तब पानी की जरूरत पूरी करते है. इस वर्ष भी भीषण गर्मी के कारण सें अभी से जल स्तर काफी नीचे चला गया है जिसके कारण प्रति दिन मात्र एक दो घंटे की पानी की निकासी होती है सभी घर वालो को पर्यास मात्रा में पानी नही मिल पाता है। जिससे सभी ग्रामीणों के बिच पेयजल व अन्य कार्यों के लिए परेशानी बढ़ गई इस टोले मे एक जलमिनार की बहुत ही ज़्यदा जरूरत है. जिसको लेकर अपना पंचायत मुखिया सें बात किया गया हैं लेकिन अभी कोई पहल नहीं हुआ।

## लाइफलाइन सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने उठाया सवाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** इसी वर्ष 7 जनवरी को लाइफलाइन कहे जाने वाले प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत प्रखंड मुख्यालय के भगतसिंह चौक से छिपादोहर भैंसाखाड़ तक सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा अपने लाव-लश्कर और ढोल बाजे के साथ किया गया था जिससे क्षेत्र के लोगों, राहगीरों में ख़ासा उत्साह देखा जा रहा था पर महीनों बाद शुरुआती दौर में सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता व पारदर्शिता की अनदेखी का मामला सामने आया है जिसे लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने घटिया सड़क निर्माण कार्य करने और ठेकेदार द्वारा लीपापोती कर खानापूर्ति करने और बिना जल छिड़काव कराये सड़क निर्माण कार्य किये जाने पर कड़ा विरोध किया है। जहां नाराज ग्रामीणों ने कार्य स्थल पर पहुंच कर जिप सदस्य कन्हाई सिंह के साथ जमकर विरोध किया और निर्माण कार्य को विभागीय अधिकारियो के आने तक बंद कराया। इस दौरान सिंह ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य स्थल पर अबतक योजना बोर्ड भी नही लगाया गया।जिससे प्रतीत होता है कि संबंधित अधिकारी पूरी तरह से बेखौफ़ हैं या लापरवाह हैं या फिर संवेदक की चलती है।इस मामले पर वरीय अधिकारी की कार्रवाई कहां तक होती है जागरूक ग्रामीणों का इंतजार रहेगा।

## जर्जर बिजली तार का मेंटेनेंस कार्य शुरू नियमित बिजली आपूर्ति में लगा ग्रहण



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में अघोषित बिजली कटौती का दौर शुरू हो गया है अब विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों को लोड शेडिंग जर्जर तार का मेंटेनेंस कार्य पेड़ पौधे की कटाई, आंधी तूफान और कई बहाने ढूंढने की लगातार कोशिशें शुरू हो गई हैं। जहां एक तरफ सरकार द्वारा भयंकर गर्मी, हीट वेव को देखते हुए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं दूसरी तरफ उपभोक्ताओं को नियमित बिजली आपूर्ति नहीं होने से उनके सेहत पर गहरा असर पड़ा है साथ ही बच्चों की पढ़ाई लिखाई में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसे लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। वहीं रेल विभाग को बिजली आपूर्ति करने वाली हाई टेंशन की जर्जर तार बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य मार्ग स्थित जयनाथ सिंह के घर के पास गिरने से उनके परिवार बाल बाल बचे। उन्होंने बताया कि बिजली प्रवाहित तार गिरने से हमारा जनरेटर,सिंगल फेज का मीटर जल गया है। उन्होंने बताया कि महीने में लगभग दो तीन बार जर्जर तार टूट कर गिरा है। बताते चलें कि क्षेत्र में बिजली प्रवाहित हाई टेंशन तार कई वर्षों से जर्जर हालत में है।एक पोल के दुसरे पोल की दूरी ज्यादा होने से तार झुलते नजर आते हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण बिजली तार को दुरूस्त नहीं किया जाता है साथ ही ठंडी और बरसात के दिनों में कर्मी कुंभकरणी निंद में सोते रहते हैं और उमस भरी गर्मी में जर्जर तार का मेंटेनेंस कार्य का हवाला देकर घंटों बिजली कटौती करते हैं। ऐसे में सरकार का निर्बाध बिजली आपूर्ति का दावा खोखला नजर आता है साथ ही सरकार की 100 यूनिट मुफ्त बिजली बिल योजना पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

## सेवा सहयोग समिति सौजन्य से ठीक कराया गया खराब चापाकल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** बढ़ती गर्मी में खराब पड़े हुए चापाकलो की समस्या से सेवा सहयोग समिति के सदस्य लगातार जूझ रहे हैं। पिछले दिनों कटकमसांडी कटकमदाग प्रखंड के कई गावों में दसियों चापाकलों की मरम्मत सेवा सहयोग समिति ने अपने स्तर से करवाया है,इसी क्रम में रविवार को कटकमसांडी के झारदाग गांव में काफी दिनों से बेकार पड़े एक चापाकल की मरम्मत कराई गई। जिससे ग्रामीण पानी की किल्लत से राहत पा रहे हैं। इस बाबत संस्था के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने बताया कि चापाकलो की मरम्मत का कार्य लगातार चल रहा है,सूचना मिलते ही हम लोग हर समस्या में ग्रामीणों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि न सिर्फ पेयजल बल्कि अन्य तरह की सेवायें भी हमारी संस्था कटकमसांडी, कटकमदाग,सदर ,शहर ,और दारू के लोगों लिये दे रही है। उन्होंने बताया कि भविष्य में कार्यक्षेत्र के विस्तार की भी योजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# बरही में पासवान समाज ने धूमधाम से मनाया बाबा चौहरमल की जयंती





प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** गया रोड स्थित रेलवे स्टेशन रोड के निकट पप्पू होटल के पीछे उत्तरी छोटा नागपुर पासवान समाज के लोगों ने बाबा चौहरमल की जयंती सह सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष कार्तिक पासवान व संचालन बैजू गहलोत ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान व एसडीपीएस सुरजीत कुमार भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा चौहरमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमंडल के सभी अतिथियों को स्थानीय कमेटी के लोगों ने पगड़ी व माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं एसडीपीओ सुजीत कुमार को कमेटी के द्वारा बाबा साहेब के द्वारा लिखी गई संविधान की पुस्तक भेट की गई। मौके पर मुख्य अतिथि केदार पासवान ने कहा कि वीर शिरोमणि चौहरमल पासवान समाज के धरोहर थे, उन्होंने समाज के उत्थान में अच्छी भागीदारी निभाई। आज हम लोग उनके वीर गाथा का वर्णन करते आ रहे हैं, बाबा चौहरमल का जीवन त्याग बलिदान एवं सामाजिक सद्भाव के रूप में जाना जाता है। उन्होंने समाज की रक्षा की, आज उनके बताएं मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इसके अलावा श्री पासवान ने महिला उत्थान, समाज में फैली कुप्रथा पर चर्चा करते हुए राजनीतिक रूप से मजबूत होने का संदेश लोगों को दिया। सभा की समाप्ति होने के बाद बरही में बाबा चौहरमल की प्रतिमा के साथ, गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो चारों मुख्य मार्गो का भ्रमण किया। मौके पर कुंदन पासवान, प्रकाश पासवान, मिस इंडिया 2019 के परी पासवान, मुकेश पासवान रामस्वरूप पासवान, शेखर पासवान, श्रीराम पासवान, जयप्रकाश पासवान, जिला परिषद सदस्य शांति प्रिया, जिप सदस्य चौपारण आर्थिक कौशल, भानुमति पासवान, सिमरिया प्रभारी राधा देवी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

## वेक्टर क्लासेस में 11वीं कक्षा के लिए इंटर विज्ञान की पहली बैच की शुरुआत 1 मई से



**बरही :** हजारीबाग रोड स्थित वेक्टर क्लासेस में 11 वीं छात्रों के लिए इंटर विज्ञान एंव आर्ट्स की पहली बैच आगामी 1 मई से शुरू होंगा। उक्त जानकारी वेक्टर क्लासेस के निदेशक दीपक कुमार गुप्ता ने दिया। उन्होंने बताया कि बीते 10 वर्षो से संस्थान बेहतर शिक्षकों की मेहनत के कारण छात्र-छात्राएं एक बेहतर रिजल्ट करते आ रहे हैं। पिछले साल के कई छात्रों को नामांकन देश के राष्ट्रीय शैक्षिक संस्थानों में हुई हैं। प्रबंधक ने बताया की इस वर्ष राजस्थान कोटा और बिहार के शिक्षकों के साथ बरही में मेडिकल, आईआईटी और इंटर विज्ञान की तैयारी कराई जायेगी साथ ही छात्रों को सिलेब्स अनुरूप शिक्षा सामग्री भी उपलब्ध होगी। छात्रों के लिए साप्ताहिक सभी विषयों पर जैक एंव सीबीएसई पर आधारित टेस्ट, छात्रों के बीच ग्रुप में चर्चा, संदेश क्लासेस, ऑनलाइन सुविधा के साथ छात्रों को मोटिवेशन की विशेष कक्षा भी दिया जाएगा। फाउंडेशन क्लासेस के रूप में 6वीं से 10वीं तक भी क्लासेस दी जाएगी।

## राज्यसभा सांसद सह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे हजारीबाग लोस चुनाव कार्यालय

**हजारीबाग :** भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल भारी मतों से जीतेंगे । जीतने के बाद नरेंद मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में हजारीबाग का यह सांसद महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। उक्त बातें रविवार को हजारीबाग के झंडा चौक स्थित भाजपा के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रधान चुना कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के बदौलत पार्टी सदैव चलायमान है। सच कहा जाय तो पार्टी का सबसे बड़ा चेहरा हमारे बूथ के निष्ठावान कार्यकर्ता ही होते हैं। नीव हमारी कार्यकर्ताओं के बदौलत ही खड़ी है जो विशाल बटवृक्ष का रूप ले लिया है। दीपक प्रकाश ने कहा कि एक मई को प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन के सुअवसर पर ऐतिहासिक भीड़ होगी। इस मौके पर पार्टी के पार्टी के कई बड़े चहरे उपस्थित होकर आयोजित संकल्प सभा मे प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों व कार्यप्रणाली को जनता के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षो के शासनकाल की प्रसंशा चारो दिशा में हो रही है। देश की जनता ने ठान लिया है कि इसबार भी मोदी को ही बागडोर सौपना है। अतः मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा सीट से जीतकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे। एक सवाल के जवाब में राज्यसभा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि दीपक और मनीष दो तन एक जान हैं। कोडरमा जाने के क्रम में यहां पहुंचे दीपक प्रकाश का भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने स्वागत किया। तत्पश्चात वे कई महत्वपूर्ण बैठकों में भी शामिल हुए ।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की हुई मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** शनिवार को रात्रि करीब 8 बजे बरही रेलवे स्टेशन के नजदीक ट्रेन की चपेट के आने से एक महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान कोडरमा जिला के डोमचांच थाना अंतर्गत महेशपुर गांव निवासी स्व. संजय प्रसाद की 40 वर्षीय पत्नी मुन्नी देवी के रूप में हुई। बताया जाता है की मृतक मुन्नी देवी अपने 12 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार के साथ कोडरमा से बरही अपने मायके आ रही थी, इसी दौरान बरही रेलवे स्टेशन पर उतरने के दौरान पैर फिशल गया और ट्रेन के चपेट में आ गई और मौके पर ही उक्त महिला की मौत हो गई। ट्रेन की चपेट में आने के बाद उसका पुत्र काफी चिल्लाया जिसके बाद इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका गया, तब तक काफी लेट हो चुकी थी।

## गोविंदपुर निवासी ने बिना दहेज के शादी कर पेश की मिसाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** दहेज उन्मूलन का अभियान सरकार की ओर से लगातार चलाये जाते है,परन्तु इस कुरीति को खत्म नही किया जा सका है। दहेज लेना-देना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है,परन्तु जब तक दहेज उत्पीड़न के मामले प्रकाश में नही आते तब तक कोई इसकी पुष्टि नही करता,अपितु समाज दहेज प्रथा को सही ठहराता है। दहेज की वजह से आज के दौर में बेटियां परिवार में काफी हद तक बोझ मानी जाती है,जिसकी वजह से बालिकाओं की या तो कम उम्र में शादी या हेय दृष्टि से देखा जाता है।अधिकतर लोग तो आज की टेक्नोलॉजी का उपयोग कर लिंग पता कर लड़कियों को पैदा होने से पहले ही मार दिया जाता है,इस पर समाज एवं परिवार दोषी है,परन्तु इस कुकृत्य पर भी पर्दा डाल दिया जाता,जो सच है। इस वजह से भारत के हर प्रदेश में लिंगानुपात में भारी अंतर पैदा हो गया है। ऐसे में विष्णुगढ़ प्रखण्ड से आज एक अच्छी और दिल को सुकून देने वाली खबर आई,जिसमे दो परिवार की आपसी सहमति से बिना दहेज लिए-दिए हरिहर धाम में 26 अप्रैल 2024 को शादी सम्पन्न हुई। इसकी जानकारी देते हुए विष्णुगढ़ उप-प्रमुख ने बताया कि विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर पंचायत के जितेंद्र साव पिता घनश्याम साव एवं बुलबुल कुमारी टुपकाडीह बोकारो सात जन्मों के पवित्र बंधन में बंध गए। साथ ही उप-प्रमुख ने कहा कि अच्छी-अच्छी बातें हर कोई करता है,अच्छा सुनना हर कोई चाहता है,परन्तु तारीफ उसी की होती है जो अच्छा काम करता है। आज मेरा मन अतिप्रसन्न है,कि दो परिवारों ने अच्छी पहल कायम कर एक मिसाल पेश की है। मेरी यही शुभकामना है,दोनो दम्पति हमेशा खुश रहे,ईश्वर से यही कामना है,मेरी।इस शुभ घड़ी में मुख्य रूप से उप-प्रमुख सरयू साव, विजय कुमार, सोनू (माही), दशरथ महतो, सोनू साव, मुकेश समेत परिजन सगे संबंधी एवं आस-पड़ोस लोग शामिल थे।

## इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल निश्चित तौर पर चुनाव जीत रहे हैं : यशवंत सिन्हा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जे पी पटेल की जीत सुनिश्चित करने को लेकर झामुमो केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया ने पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा से मुलाकात किया। हजारीबाग लोकसभा का सीट इंडिया गठबंधन के खाते में कैसे आए उसी को लेकर विचार विमर्श किया गया। सर्वप्रथम संजीव बेदिया और संजय सिंह ने यशवंत सिन्हा का गुलदस्ता देखकर स्वागत अभिनंदन किया। यशवंत सिन्हा ने कहा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल चुनाव निश्चित तौर पर जीत रहे हैं इसमें किसी प्रकार का कोई शक नहीं है। वहीं पर विचार विमर्श के दौरान संजीव बेदिया ने कहा हमारे तरफ से जितना भी प्रयास है हम पूरा कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि इस बार हजारीबाग लोकसभा सीट इंडिया गठबंधन के खाते में निश्चित रूप से जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह, नयूम राही आदि उपस्थित थे।

## झापा हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार ने चलाया कटकमसांडी के सुदुरवर्ती क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान



हजारीबाग। झारखंड पार्टी हजारीबाग लोक सभा प्रत्याशी राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा ने रविवार को कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत डांड़, गुरूडीह आदि सुदुरवर्ती क्षेत्रों में चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया और सभी से जनसमर्थन की अपील करते हुए भारी बहुमत से जीत दिलाने की अपील किया। कहा कि आप सभी के आशीर्वाद और जनसमर्थन से लोकसभा चुनाव जीतकर आपकी आवाज बुलंद करने का काम करूंगा। इस दौरान राजकुमार सुदुरवर्ती क्षेत्र के आदिवासी बहुल क्षेत्रों की जनता से मिलकर उनकी जन समस्याओं से रूबरू हुए इस बीच वे ऐसी ऐसी जनसमस्याओं से रूबरू हुए जिसको देखकर ऐसा प्रतीत हुआ कि विकास के मायने कितने अधूरे हैं। अभी तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने इन क्षेत्रों के जनता का हाल पूछने का काम नहीं किया सिर्फ वोट बैंक के रूप में यह लोग इस्तेमाल होते रहे हैं। क्षेत्र वासियों ने एक स्वर में संकल्पित होकर कहा कि इस बार झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी झारखंड पार्टी को जीताने का काम करेंगे जो हमारी जन समस्याओं का निदान करें। इन सुदुरवर्ती क्षेत्र में बदहाली की जिंदगी जी रहे आदिवासी समाज के लोगों ने कहा की जो हाल हमारा आज से 75 बरस पहले यानी की आजादी से पूर्व था आज भी आजाद भारत में हम लोग गुलामी की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। हम लोग खेती किसानी कर अपना जीविकोपार्जन करते हैं मगर हमें खेती का सही दाम नहीं मिल पाता जिस कारण हम लोग आज पिछड़ेन के शिकार है चाहे लोकसभा हो चाहे विधानसभा चुनाव कोई भी प्रत्याशी सिर्फ चुनाव के समान अपनी शक्ल दिखाते हैं और दोबारा इस ओर देखने का भी काम नहीं करते इस कारण हमारा क्षेत्र विकास से कोसों दूर है। राजकुमार कुशवाहा ने हर संभव उनकी जन समस्याओं का निदान का भरोसा जताया और जन समर्थन की अपील करते हुए कहा कि आपके आशीर्वाद से ही जीत संभव है जनता जनार्दन होती है जनता के हाथ में चुनाव का परिणाम घोषित होता है। क्षेत्र की बदहाली का कारण उन्होंने राष्ट्रीय पार्टियों को बताया कहा कि राष्ट्रीय पार्टियां सिर्फ ठगने का काम करती है और जनता उनके छलावे में आकर वोट देने का काम करती है वैसे लोगों को विकास से क्या मतलब जो स्थानीय है ही नहीं, तो फिर स्थानीय जन समस्याओं के बारे में उन्हें क्या जानकारी होगी और उसका क्या निदान होगा इसलिए झारखंड की पार्टी माटी की पार्टी है, जल जंगल जमीन की संघर्षो की पार्टी है, आदिवासी मूल वासियों की पार्टी है।

## हज़ारीबाग की जनता के दिल में हैं एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल : विकास राणा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के राजग प्रत्याशी मनीष जायसवाल रविवार को आजसू पार्टी के लोकसभा प्रभारी सह जिलाध्यक्ष विकास राणा के बंशीलाल चौक स्थित आवास पर मुलाकात कर लोकसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा की।सभी ने कहा कि आजसू पार्टी और भारतीय जनता पार्टी गठबंधन के लोकप्रिय उम्मीदवार मनीष जायसवाल इस बार रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीतेंगे।वहीं मनीष जायसवाल ने कहा कि पुरे लोकसभा क्षेत्र में आजसू कार्यकर्ताओं का भरपूर साथ मिल रहा है हज़ारीबाग लोकसभा को जीतकर केन्द्र में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमन्त्री बनाना है। मुझे अपने लोकसभा क्षेत्र से सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है।मौके पर विकास राणा ने कहा कि इस बार के चुनाव में पिछले सभी रिकॉर्ड टूटेंगे, पाँच लाख से ज्यादा वोट से मनीष जायसवाल चुनाव जीतेंगे ।ये जनता के दिल में बैठे हैं, इनकी जीत सुनिश्चित है।आजसू पार्टी के लोकसभा प्रभारी सह हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा के आवास पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा, केन्द्रीय सचिव सह लोकसभा प्रभारी परमेश्वर महतो, केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह, मनीष जायसवाल के मिडिया प्रभारी रंजन चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, महिला मोर्चा की संगीता बारला, सुहानी एक्का, विवेक कुमार राणा, आफताब आलम, राजू प्रसाद, जितेन्द्र कुमार, धीरेन्द्र सिंह, मो यूनुस हुसैन गुड्डू सहित कई अन्य लोग जुटे थें।

## अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ धूम धाम से मनाएगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की एक बैठक रविवार को बड़ा अखाड़ा परिसर में प्रदेश सलाहकार समिति सदस्य महंत विजयानंद दास की अध्यक्षता एवं प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में किया गया।सर्व प्रथम स्वस्तिवाचन व शांति पाठ के साथ सभा को प्रारंभ किया गया।बैठक में आगामी 10 मई को बड़ा अखाड़ा परिसर में धूम धाम से भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया।जिस में पूजा अर्चना के बाद महत्वपूर्ण विषयों पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में हजारीबाग जिले के सभी प्रखण्ड से संगठन के विप्र बन्धु भाग लेंगे साथ ही प्रदेश के भी कई पदाधिकारी सम्मिलित होंगे ।

## झामुमो समेत अन्य दलों से भाजपा में शामिल हुए 50 कार्यकर्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित झारखंड मैरेज हॉल में भाजपा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत,लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप,जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के.पी ओझा, ज्वाइनिंग कमिटि संयोजक सह जिलाउपाध्यक्ष राजेश गुप्ता,जिला मंत्री अरविंद कुमार पप्पू की मौजूदगी में राजू श्रीवास्तव एवं सुनील अकेला के नेतृत्व में प्रखण्ड के भिन्न-भिन्न पंचायतों से 50 की संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने किया। जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने इंडी गठबंधन से नाता तोड़कर राजू श्रीवास्तव एवं सुनील अकेला के साथ आये लोगो का अभिनंदन करते हुए फूलों की माला पहनाकर,अंगवस्त्र देकर भाजपा परिवार में स्वागत किया गया। इस मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए राजू श्रीवास्तव ने कहा कि हमलोग पूर्व में जिस पार्टी में थे,हमारी विचारधारा पार्टी के साथ मेल नही खाती थी। उस पार्टी में रहकर ऐसा लगता था जैसे मैं जंजीरों में जकड़ा हूँ,आज मैं भाजपा में शामिल होकर आजाद महसूस कर रहा हूँ। मोदी जिस प्रकार कार्य कर रहे है,2047 तक भारत जरूर विकसित राष्ट्र बनेगा ये पूरा विश्वास है। सुनील अकेला ने कहा कि मैं झामुमों के प्रखण्ड उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर मोदी के सपनो का भारत बनाने में एक गिलहरी की भांति कार्य करता रहूँगा। भाजपा में शामिल होने वालों में राजू श्रीवास्तव, सुनील अकेला, चंद्रिका साव( टार्जन),मुन्ना सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, सतेंद्र कुमार, अरविंद लाहकार, ढालचंद राणा, गुलाब महतो, प्रकाश सिंह, सुमित साव, टिंकू पाण्डेय, प्रकाश यादव, सीमा देवी, नीतू बर्मन, आशा वर्मा, सुमित साव, जगदीश शर्मा, इंद्रदेव अम्बर,प्रयाग साव, बासुदेव साव, रंजीत झा, मनोज शीतल, मनोज सोनी, निजाम सिद्धकी, रीता देवी, पिंकी सिन्हा, सुधीर गोस्वामी, किशोर कुमार, चंपा देवी, नवीन मिश्रा, किरण देवी, संतोष कुमार साव, भुनेश्वर साव, राजकुमार राणा, कुन्दन वर्मा, कुंजलाल ठाकुर, सुनील कुमार सिन्हा, शिव शंकर प्रसाद बरनवाल, संजय सिंह, विक्की पासवान, राजकुमार श्रीवास्तव, उमेश प्रसाद स्वर्णकार, दीपक बरनवाल, अनिल सिंह, नीलकंठ राणा, जितेंद्र राणा, दौलत राणा। इस मौके पर मुख्य रूप से साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, राजेश सोनी, जीवन सोनी, संदीप कुमार कसेरा, सुनील कुमार मिश्रा, अनूप कुमार कसेरा, अंजू देवी, गायत्री देवी, दीपक कुमार रजक, कन्हाई यादव, बबलू सोनी, राजेन्द्र प्रसाद, राजेन्द्र यादव, रविन्द्र कुमार बरनवाल(दीपू भाई), लखन कुमार,जितेंद्र कुमार राय, डॉ. ए जब्बार,गौतम वर्मा समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे। विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

## हजारीबाग लोकसभा सहित इंडिया गठबंधन संपूर्ण भारत में जीतेगी : डॉ आरसी मेहता




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग सहित झारखंड के सभी सीटों पर 2024 के चुनाव में मजबूत स्थिति में है हजारीबाग लोकसभा में कांग्रेस उम्मीदवार जेपी भाई पटेल निश्चित जीतेंगे। यह आकलन समीकरण सामर्थ्य आचरण के आधार पर किया जा रहा है हजारीबाग लोकसभा में पांच विधानसभा है जिसमें पांच में चार विधानसभा गठबंधन के पाले में जीता हुआ है एक विधानसभा हजारीबाग में मैं उप विजेता हूं यह बातें वरिष्ठ कांग्रेस नेता हजारीबाग विधानसभा के उपविजेता डॉ आरसी मेहता ने हजारीबाग कांग्रेस के कार्यकारिणी के सभा में कहा। मेहता ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा में कांग्रेस का जीत निश्चित है बाकी 13 झारखंड के लोकसभा में इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है इस लोकसभा में पिछले लोकसभा के तुलना में तिन गुना मत कांग्रेस को मिलेगा। संपूर्ण भारत में दो तिहाई मतों से इंडिया गठबंधन जीतेगी और भारत के भावी प्रधानमंत्री राहुल गांधी होंगे। सभा में मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा के प्रभारी अजय सिंह लोकसभा जीतने के लिए अनेकों सुझाव दिए मंच का संचालन हजारीबाग के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने किया। अध्यक्ष ने निष्पक्ष पूर्वक संगठन के सदस्यों को मान सम्मान देते हुए एक सूत्र में पिरोने का काम करते हुए भूत जीतने का सुझाव दिए। धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद ,बरही विधायक उमाशंकर अकेला, विधानसभा प्रभारी कमल ठाकुर ,महिला प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ,अनुसूचित प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, महासचिव विनद कुशवाहा अल्पसंख्यक अध्यक्ष साजिद अली खान ,प्रो बीके मेहता , मनोज नारायण भगत, एडवोकेट इजहार अंसारी, इत्यादि दर्जनों लोगों ने चुनाव जीतने का सुझाव दिये. सैकडो कार्यकारिणी के सदस्यों ने अपना बूथ जीतने का संकल्प लिए।

## बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के कई पंचायतों में भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के जरजरा, पोटंगा, उरीमारी एवं तलसवार पंचायत में मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिसके तहत ग्राम तलसवार पंचायत में एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुसूचित मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बढ़न तुरी ने किया। बैठक में क्लस्टर प्रभारी सीताराम साहू ने कहा कि प्रत्येक बूथ में 10 पन्ना प्रमुख बनाया जा रहा है। जिसकी मुख्य भूमिका मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाना और मतदान कराना है। साथ ही उन्होंने कहा कि मोदी जी का सबका साथ सबका विकास एक नारा नहीं बल्कि एक संकल्प है। सभी बूथों में ज्यादा वोट देकर मोदी जी को प्रचंड जीत दिलाकर देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील की गई। मौके पर क्लस्टर प्रभारी गजाधर प्रसाद, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव, सांसद प्रतिनिधि बेचन साहू, महामंत्री सुमन गिरी, दिनेश करमाली, हीरालाल साव, एस टी मोर्चा अध्यक्ष बढ़न तुरी, किशुनतुरी, सुरेश महतो, ज्ञानचंद कुमार, मनोज प्रभाकर, रंजीत साव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली में हुई संकुल शिशु वाटिका आचार्य कार्यशाला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,कुम्हार टोली में संकुल स्तरीय शिशु वाटिका आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आरंभ अतिथिगण सरिता कुमारी, प्रांतीय सह प्रमुख, वाटिका शिक्षा, संकुल संयोजक, डॉक्टर बी के विश्वकर्मा, रश्मि कुमारी, विभाग प्रमुख , संगीता कुमारी, संकुल प्रमुख चतरा, विद्यालय के सदस्य, संजय उपाध्याय एवं विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर राजीव रंजन के द्वारा मां भारती, माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यशाला में सरिता कुमारी,प्रांतीय सह प्रमुख ने बताया कि चित्र के द्वारा शिशु वाटिका के बच्चों को हम धार्मिक बातों की जानकारी के साथ- सर्वांगीण विकास कैसे कर सकते हैंद्य मौके पर संकुल संयोजक,डॉक्टर बी के विश्वकर्मा ने कहा- शिशु वाटिका के बच्चों को क्ले एवं मिट्टी के माध्यम से कलाकृति बनाकर उन्हें शिक्षा प्रदान करें द्य वही रश्मि कुमारी, विभाग प्रमुख ने विभिन्न प्रकार के क्रिया आधारित शिक्षण के द्वारा बहनों के योग्यता विकास की बात कही द्यउन्होंने आनंदमय शिक्षा, चित्र पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, वस्तु प्रदर्श, शिशु वाटिका शिक्षा की बारह व्यवस्थाएं, साधन सामग्री, प्रयोग एवं खेल- खेल में शिक्षा आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला । मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर राजीव रंजन ने कहा शिशुओं के सीखाने की 12 व्यवस्थाओं के माध्यम से शिशुओं को हम शिक्षा प्रदान करें । इससे शिशुओं का ज्ञानेंद्रियों के साथ उनके कर्मेंद्रियों का विकास होता है। उन्होंने शिशु वाटिका आचार्य कार्यशाला के महत्व और उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आप सभी यहां जो प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं उसका उपयोग शिशुओं में दिखना चाहिए।

## एनटीपीसी मजदूर यूनियन हुई बैठक




**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को यूनियन कार्यालय पीटीपीएस में एनटीपीसी मजदूर यूनियन (एटक ) की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाकपा अचंल सचिव सह एटक राज्य कार्यकारिणी सदस्य कामरेड मनोज कुमार महतो ने किया। इस बैठक में एनटीपीसी मजदूरों के समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। बैठक के दौरान यूनियन द्वारा कहा गया कि एनटीपीसी (पीवीयूएनएल) प्रबंधन द्वारा यहां के स्थानीय युवाओं को नियोजन में बहाल नहीं कर, बाहरी लोगों को लगातार बहाल कर रही है। जिसे लेकर स्थानीय मजदूर व स्थानीय लोगों में काफी रोष है। वही कामरेड मनोज कुमार महतो ने कहा कि आए दिन मजदूरों से शिकायत मिलती है कि मजदूरों का 10 -20 दिन का पेमेंट नहीं दिया जाता है। जिसे लेकर एनटीपीसी मजदूर यूनियन (एटक) गंभीर है। इस बारे में यूनियन श्रम आयुक्त से मिलकर यूनियन द्वारा शिकायत की जाएगी। मौके पर रमेश महतो,मनोज पहान,किशोर महतो, नरेश बेदिया,सनी लाल बेदिया, प्रदीप सिंह,सुजीत बेदिया,दिलीप महतो और राजू पाल आदि लोग उपस्थित थे।

## किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए एसएसवीएम के छात्र रांची रवाना



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार सुबह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू बाजार स्कूल की ओर से 18 भैया और 6 बहने स्कूल बॉक्सिंग कोच कृष् कुमार सिंहा के नेतृत्व में खेल गांव रांची रवाना हुए। जंहा सभी भैया-बहन रविवार शाम से होने वाले पांच दिवसीय राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेगे। इसके पूर्व विद्यालय प्रधानाचार्य उपेन्द्र पांडे,विद्यालय कोषाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह और पतरातू मुखिया गिरजेश कुमार ने सभी भैया-बहनो शुभकामनाए देते हुए खेल गांव रांची के लिये रवाना किए।

## बीमार से ग्रस्त व्यक्ती की इलाज के दौरान हुई मौत



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां पंचायत स्थित सोसो खुर्द गांव निवासी कजरू महतो पिता स्वर्गीय मुखलाल महतो उम्र 65 वर्ष की मौत रविवार की सुबह 5 बजे कोलकाता में ईलाज के दौरान हो गई। इस संबंध में मृतक के बड़े पुत्र राजेश महतो ने बताया की पिता जी लंबे दिनों से बीमार थे जिनका इलाज़ डाक्टरों के द्वारा चल रहा था। बीच में उनकी हालात को बिगड़ते हुए देखकर उन्हें रिम्स में भर्ती किया गया जहां कुछ दिनों के पश्चात घर लाया गया। एक सप्ताह के अंतराल में इनकी गंभीर हालत को देखते हुए शनिवार को कोलकाता मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया जहां ईलाज के दौरान रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मृत्यु के पश्चात घर वालों में मातम छा गया। इधर रिती रिवाज के अनुसार स्थानीय मुक्तिधाम में उसे अंतिम संस्कार किया गया। इनके मृत्यु के पश्चात त्रिभुवन महतो, धुमा महतो, सोहन महतो, राजेश महतो, श्याम सुन्दर महतो, दिनेश महतो, शाली ग्राम महतो, राधा महतो आदि शौक संवेदना व्यक्त किया है।

## सीसीएल की भुरकुंडा परियोजना में मना विश्व कार्य स्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल भुरकुंडा परियोजना की बलकुदरा खुली खदान में रविवार को विश्व कार्य स्थल और सुरक्षा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कर्मियों को कार्य स्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। वहीं झंडोत्तोलन कर सभी ने कार्य स्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने कीशपथ ली।मौके पर अतिरिक्त खान प्रबंधक अविनाश चंद्रा, बबलू कुमार, अंकुर विश्वनाथ, रिशु कुमार सिंह, शशि भूषण सिंह, पप्पू सिंह, एस एम राजकुमार, ओम प्रकाश, बलवंत पासपत, रामानुज प्रसाद, रामदेव महतो, अरविंद, शिव कुमार, पंकज, सुरेंद्र, उपेंद्र, बुधनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## आज झामुमो में शामिल होंगे पूर्व विधायक जानकी यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** भाजपा विधायक रहे जानकी यादव सोमवार को गिरिडीह में आयोजित कार्यक्रम में झामुमो का दामन थामेंगे. इस बाबत उन्होंने बताया कि वे गिरीडीह में अपने वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा(झामुमो) में शामिल होंगे.ज्ञात हो कि झारखंड राज्य आवास बोर्ड अध्यक्ष सह बरकट्ठा से भाजपा के विधायक रहे है. बताया जाता है कि वे 29 अप्रैल को सुबह 08ः00 बजे तेतरोंन चौक(जयनगर) से गिरीडीह के लिए प्रस्थान करेंगे । उन्होंने सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आग्रह किया है कि ससमय पहुंचने का कष्ट करें।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

सूचना सं. एस.जी.–664–02–संकेत–2024–25
भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. कार्य का नाम: धनबाद मंडल में विभिन्न स्वीक्रत मुख्य इंजीनियरिंग प्राकलन संख्या 18, 09, 21, 12, 14, 11 and 13 /TR/DHN of 2023-24 और संकेत उप प्राकलन संख्या 47, 34, 31, 33, 37, 38 and 36/S&T/DHN of 2023-2024 के अधीन CTR, TTR(TWS+ WCMSC), TRR, TSR से संबंधित सिगनलिंग कार्य हेतु, 2. कार्य का आकलित मूल्य: Rs. 1,73,55,269.91 (लगभग), 3. कार्य का अग्रधन राशि: Rs. 2,36,800.00, 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 16.05.2024 (12:30 बजे), 5. ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगें। द्रष्टव्य: प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम–से–कम दस दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

कृते वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/00170/डीएचएन/एसएण्डटी/टी/24–25/36

# लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर बनाए गए चेकनाकों का अनुमंडल पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के मद्देनजर जिले की अलग-अलग सीमाओं पर बनाए गए हैं कुल 6 चेक नाके, उड़न दस्त दलों द्वारा भी चलाया जा रहा है औचक जांच अभियान।**

प्रभात मंत्र संवाददाता





**रामगढ़ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में स्वच्छ, स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर रामगढ़ जिले के अलग-अलग सीमाओं को चिन्हित कर कुल 6 चेक नाके बनाए गए हैं। इसी क्रम में रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार ने चेकनाकों का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त स्टेटिक सर्विलांस दलों द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया वहीं उन्होंने स्वयं भी विभिन्न वाहनों की जांच कर नाके पर प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए जांच अभियान चलाने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौरतलब होकि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर रामगढ़ जिले में प्रवेश करने हेतु निर्धारित अलग-अलग सीमाओं पर कुल 6 चेक नाकें बनाए गए हैं जिनमे पुनदाग टोल प्लाजा के समीप एक, पतरातू प्रखंड के तालाटांड एवं खलारी रोड में एक - एक, गोला प्रखंड अंतर्गत चौपादारू में एक, दुलमी प्रखंड में कुल्हि क्षेत्र में एक तथा मांडू प्रखंड अंतर्गत मांडू थाना के समीप एक, चेक नाके स्थापित किए गए हैं वही स्वतंत्र वह निष्पक्ष निर्वाचन के मध्य नजर प्रतिनिधित्व उड़न दस्ता दलों द्वारा भी जिले के अलग-अलग क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## 15 फिट गढ़े में गिरा कार बाल बाल बचे लोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सतगावां :** बिहार के शराबियों ने सतगावां थाना क्षेत्र के पेट्रो जलप्रपात में रविवार को जम कर शराब पिया और पेट्रो जलप्रपात से आने के क्रम में बदाल गांव के लोगों से उलझते हुए तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए गया देवघर रोड पर सिहास स्थित पुल के समीप लगभग 15 फिट गढ़े में गाड़ी को छलांग लगा दिया जिससे वाहन पर सवार नशेड़ियों में प्रतीक कुमार पिता विनोद प्रसाद ग्राम मथुरिया जिला नालंदा, रौशन कुमार 17वर्ष पिता लीबू चौधरी बिहार शरीफ जिला नालंदा , शिवम कुमार 16वर्ष पिता विनोद प्रसाद , राहुल कुमार 26वर्ष पिता अर्जुन चौधरी , राहुल कुमार 21वर्ष पिता विजय प्रसाद तीनों रामचन्द्रपुर जिला नालंदा को चोटें भी आई और गाड़ी किया कार जिसका नम्बर बी आर 01एच आर 2360की प्रखच्चे उड़ गए।

## बरकाकाना मुरी रेलखंड के सोनडीमरा रेलवे स्टेशन में है मूलभुत सुविधाओं का अभाव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गोला :** बरकाकाना मुरी रेलखंड के नावाडीह पंचायत स्थित सोनडीमरा रेलवे स्टेशन में कई मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इस स्टेशन में यात्रियों को बैठने के लिए कोई सुविधा नहीं है जबकि यात्रियों के लिए यहां प्रतीक्षालय की व्यवस्था होनी चाहिए।स्टेशन मास्टर के रहने की उचित व्यवस्था यात्रियों को पीने का पानी, सुलभ शौचालय की व्यवस्था नहीं है।पूर्व से जो भी व्यवस्था है उसमें मरम्मती की अवश्यकता है। इस स्टेशन मे लगभग 20 गांव की जनता ट्रेन पकड़ने आते है रात्रि में स्टेशन पर लाइट की व्यवस्था नहीं है।वर्तमान समय में प्राइवेट स्टेशन मास्टर नरेश महतो की ताबित ख़राब होने के कारण बुकू महतो डिमरा ने पैसेंजर ट्रेन का टिकट काट रहा है।आज से 20 साल पहले से इस स्टेशन पर बहुत ही सुंदर देखने के लिए नजारा मिलता था चारों तरफ देखने में गुलजार था लेकिन आज यह खुशहाली बदहाली में बदल चुका है। इस स्टेशन को अचानक किस कारण से बंद कर दिया गया पर ट्रेन अभी भी रूकती है जिसके कारण सवारियों को टिकट का समस्या उठना पड़ता है। स्थानीय विधायक, सांसद को सोनडीमरा स्टेशन की विधि व्यवस्था पर किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं है सिर्फ मतदान का समय जब आता है उस समय गांव गांव में जाकर अपने पक्ष में वोट मांगते है जीतने के बाद पुन इस क्षेत्र में उनकी दर्शन नहीं होती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अगर पूर्व की तरह स्टेशन का रंगो रोगन कर मरम्मती की जाय तो स्टेशन फिर गुलजार हो जायेगा।

## ज्ञान महिला समिति के द्वारा गरीब बिटिया की शादी में किया सहयोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रविवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ दहेज प्रथा खत्म हो कार्यक्रम के तहत वार्ड नंबर 4 कुंवर टोला निवासी स्वर्गीय गोपाल गंजू की पुत्री आरती कुमारी का दहेज मुक्त विवाह संपन्न हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता बसंती देवी ने किया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर अस्पताल कार्यरत सर्जन डॉ अभिषेक अग्रवाल उपस्थित होकर आरती कुमारी का पांव पूजन कर फूलों की वर्षा कर सम्मानित किया ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने बताया कि वार्ड नंबर 4 कुंवर टोला निवासी स्वर्गीय गोपाल गंजू की पुत्री आरती कुमारी का विवाह दहेज मुक्त विवाह संपन्न हुआ ज्ञान महिला समिति के अध्यक्ष प्रयास से वार्ड नंबर 4 के मुखिया चंदन उर्फ कैलाश मुंडा के सौजन्य से आरती कुमारी के विवाह को लेकर ड्रेसिंग टेबल डाइनिंग टेबल कुर्सी का सेट बक्सा 18 कैरेट सोने का नोज पिन चांदी का अंगूठी आर्टिफिशियल जेवर का सेट नगद 1500 सो सहयोग स्वरूप दिया गया सर्जन डॉ अभिषेक अग्रवाल ने कहां के ज्ञान महिला समिति के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ दहेज प्रथा खत्म हो कार्यक्रम के तहत गरीब बेटियों के विवाह में मदद करना रामगढ़ जिले में



मिल का पत्थर साबित हो रहा है साथ ही डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल ने स्वर्गीय गोपाल गंजू की पुत्री आरती कुमारी का पाव पूजन कर फूलों की वर्षा कर बुक के देकर सम्मानित किया साथ ही विवाह के मौके पर डॉ अभिषेक अग्रवाल झूमें और ढोल बजा बजाकर आरती कुमारी को बधाई दी महिलाओं ने भी ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल डॉ अभिषेक अग्रवाल को आरती कर फूलों की वर्षा कर सम्मानित किया इस मौके पर महिलाओं ने भी कहा बेटी बचाएंगे बेटी पढ़ाएंगे दहेज प्रथा समाज से खत्म करेंगे इस मौके पर आरती देवी गुड़िया देवी बसंती देवी शोभा देवी अंजू देवी अंजू देवी पूजा देवी रीना देवी मीना देवी अंजू देवी देवी रूबी देवी सहित सैकड़ो महिलाएं शामिल थी।

## सौंदा बस्ती सरैया टोला स्थित सीसीएल व आरए माइनिंग द्वारा किए जा रहे हैवी ब्लास्टिंग का ग्रामीणों ने किया विरोध





प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के सौंदा बस्ती सरैया टोला स्थित रविवार को आरए माइनिंग द्वारा किए जा रहे हैवी ब्लास्टिंग का ग्रामीणों ने विरोध किया। आपको बता दें कि सौंदा बसंत टोंगरी टोला में किए जा रहे ब्लास्टिंग का रविवार ग्रामीणों ने विरोध किया। कहा खुली खदान से सटे सैंकड़ों घर के लोग जान हथेली पर रखकर यहां के ग्रामीण रह रहे हैं। ब्लास्टिंग के दौरान हमेशा पत्थर उड़कर घर के आंगन और छत पर गिर रहें हैं जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। पूरे मामले पर ग्रामीणों द्वारा पीओ को ज्ञापन सौंपने का तैयारी की जा रही है। पूरे मामले को लेकर सीसीएल के पदाधिकारी का कहना है प्रबंधक द्वारा इन सभी ग्रामीणों के लिए पुनर्वास का व्यवस्था की जा रही है। और टोंगरी टोला सीमाक्षेत्र स्थित ब्लास्टिंग पर रोक लगाई गई है।जबतक इन सभी को पुनर्वास नहीं हो जाता ब्लास्टिंग बंद किया गया। पुर्व में सीसीएल प्रबंधन के द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया था की इसका छतीपूर्ति पुनर्वास की जाएगी। और टोंगरी टोला के लोगो को किसी सुरक्षित स्थान पे पुनर्वास की व्यवस्था होने तक यहां इसके आसपास खनन कार्य नहीं किया जायेगा ऐसा आश्वासन सीसीएल प्रबंधन की ओर से लिखित तौर पर दिया गया था आज ब्लास्टिंग का विरोध कर ग्रामीणों ने ब्लास्टिंग को रोक दिया । उपस्थित लोग दयानंद प्रसाद, हरिनारायण प्रसाद, अंबर कुमार, सूरज कुमार, संदीप कुमार अभिषेक कुमार, अनिल कुमार, मुकेश करमाली आदि उपस्थित थे।

## रामगढ़ शहर के युवाओं ने मतगणना के दिन मतदान केंद्र तक पहुंचाने का अभियान की शुरुआत की





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शहर में युवाओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ज़रूरतमंद लोगो को चुनाव के दिन मतदान केंद्र तक पहुँचाने का अभियान शुरू किया है।इस अभियान को तरुण साव और शशि शेखर सिंह ने शुरू किया है, उन्होंने शहर के लोगो से आवाहन किया है कि 20 मई 2024 को हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के लिए होने वाले लोकसभा चुनाव के दिन को कोई भी मतदाता वोट करने से ना चुके और ऐसा सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने एक बेहद ही सकारात्मक मुहिम शुरू की है, चुनाव के दिन रामगढ़ शहर में अगर किसी भी व्यक्ति को अपने मतदान केंद्र तक पहुँचने के लिये किसी भी तरह की मदद की आवश्यकता हो तो वो इन्हें फ़ोन कर मदद माँग सकते है, चुनाव के दिन शहर के कुछ जागरूक युवाओं के साथ मिलकर इस मुहिम के तहत, महिलायें, वृद्ध और ज़रूरतमंद लोगो को वाहन की सुविधा उपलब्ध करा कर उन्हें मतदान केंद्र से आने-जाने में मदद करेंगे।भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडे पानी, ओआरएस और फर्स्ट ऐड किट की भी व्यवस्था इन युवाओं द्वारा की गई है, मतदान के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए रामगढ़ के इन युवाओं का कार्य अत्यंत सकारात्मक है, इस कार्यक्रम में शहर के सुदीप मिश्रा, अमित ठाकुर, आकाश गुप्ता, नीतीश कुमार, सुमित अग्रवाल शामिल है।मतदान केंद्र तक पहुँचने में मदद के लिए रामगढ़ शहर के लोग दिये गये नंबर 7371806446 , 8809341612 पर चुनाव के दिन संपर्क कर सकते है।

## एंबुलेंस और बाइक टक्कर में दो व्यक्ति की मौत, चार घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडू :** मांडू प्रखंड के समीप एम्बुलेंस और बाइक आपस में भिड़े जिसमें दो व्यक्ति की मौत और चार घायल हो गए इस संबंध में बताया जाता है कि एंबुलेंस से रांची रिम्स से महेश यादव को इलाज करवा कर कोडरमा ले जा रहे थे इसी दौरान यह घटना घटी मोटरसाइकिल सवार कजरी फूसरी का बताया जाता है मांडू थाना प्रभारी के द्वारा मृतक को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर भेज दिया गया है और? पुलिस दोनों वाहन को थाने ले आई है वहीं घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू भेज दिया गया समाचार लिखे जाने तक और कोई सूचना नहीं है।

## बढ़ा गर्मी का असर, भीषण गर्मी, चिलचिलाती धूप व गर्म हवाओं के कारण आम जनजीवन प्रभावित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** कोडरमा में गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है. भीषण गर्मी, चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के कारण आम जनजीवन प्रभावित होने लगा है. आलम यह है कि दिनभर सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है.अप्रैल महीने के शुरुआती दिनों से ही भीषण गर्मी का एहसास कोडरमा के लोगो को होने लगा था और अब अप्रैल महीने के अंतिम दिनों में गर्मी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है. चिलचिलाती धूप और लू के रूप में बहने वाली गर्म हवाओं से आम जन जीवन प्रभावित होने लगा है. आमतौर पर दिन के वक्त सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है, तो दूसरी तरफ जो भी लोग अपने काम के लिए निकल रहे हैं, वे गर्मी से बचने के उपाय के साथ बाजारों में निकल रहे हैं.बढ़ती गर्मी और चढ़ने पारा के साथ लोग भी गर्मी में अपने शरीर के डिहाइड्रेशन सिस्टम को बनाए रखने के लिए शीतल पेय पदार्थ का सेवन कर रहे हैं. गर्मी के इस मौसम में बाजारों में अलग-अलग तरह के जूस और फलों के कई अस्थाई दुकानें भी लग गई है, जहां लोगों की भीड़ उमड़ रही है. लोग जूस और फलों के सहारे अपने सूखे गले की तारावट करने में जुटे हैं. इसके अलावा गर्मी के इस मौसम में घड़ो की बिक्री भी बढ़ गई है. सेहत के लिहाज से लोग फ्रिज के पानी के जगह घड़े के ठंडे पानी का इस्तेमाल करना पसंद कर रहे हैं. इधर जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए जिले के चिकित्सक भी आम लोगों से बेवजह धूप में बाहर नहीं निकलने की अपील कर रहे हैं. सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर रंजीत कुमार ने बताया कि जिन्हें बाहर निकालने की आवश्यकता हो, वे गर्मी से बचने के तमाम उपायों के साथ-साथ पानी और तरल पदार्थ का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें, ताकि लू और गर्मी का असर काम हो।

## सात दिवसीय धार्मिक आयोजन का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**अमड़ापाड़ा :** प्रखंड के बासमती गांव के राधा गोविंद मंदिर में राधा गोविंद प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद भागवत कथा जैसे सात दिवसीय विराट ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति रविवार को हुई। इस सप्ताहव्यापी धार्मिक अनुष्ठान का आरंभ बीते शनिवार को कलश यात्रा के साथ हुआ था। वृंदावन धाम से आई कथा वाचिका आराध्या दीदी ने 7 दिन तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया। विभिन्न दिवस पर अलग - अलग प्रसंगों के जरिए लोगों को जागरूक किया गया। सामाजिक , राजनीतिक , पारिवारिक , नैतिक , शैक्षिक , धार्मिक , व्यावहारिक आदि जीवन के विभिन्न पहलुओं पर हमारे अधिकार - कर्तव्य बताए गए। गीतोपदेश के माध्यम से प्रेम-निष्ठा, ज्ञान, त्याग- समर्पण, श्रद्धा ,सद्भावना आदि के अलख जगाए गए। आचार्य डॉक्टर गोविंद मुरारी के द्वारा राधा गोविंद मंदिर में भगवान श्री राधा कृष्ण की प्रतिमा पर प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई।

## हेल्पिंग हैंड्स के द्वारा जरूरतमंदों को घर में आने वाली उपयोगी सामान देगी मात्र 10 में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में हेल्पिंग हैंड्स के द्वारा जरूरतमंदों को घर में आने वाली उपयोगी सामान मात्र ?10 में दिए जाएंगे दिनांक 30 अप्रैल मंगलवार को यह कार्यक्रम जैन भवन राजगढ़िया रोड में प्रातः 10ः00 बजे से होगा जैन समाज के द्वारा सेवा के इस कार्यक्रम में प्रत्येक सामान का ?10 देकर एक व्यक्ति पांच सामान तक ले सकता है इस अनूठे सेल कार्यक्रम में नए एवं पुराने सामानों का मिश्रण होगा पुराने सामान भी काम में आने लायक होंगे साड़ी लेडीज कुर्ती सूट जींस टी-शर्ट कपड़ा जूता चप्पल कुर्सी टेबल साइकिल बर्तन आदि घर के दैनिक जीवन में काम आने वाले समान होंगे एक बार ले जाने के बाद सामान की वापसी या अदला बदली नहीं होगी जरूरतमंद व्यक्ति को 15 मिनट का समय रहेगा वहां पर हजारों



सामान रहेंगे आप एक समान का मात्र ?10 देकर अपनी मर्जी से अपने पसंद का अधिकतम पांच सामान तक ले सकते हैं जैन समाज के मंत्री नरेंद्र झाझंरी एवं पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा है जैन समाज हमेशा जरूरतमंदों की सेवा के लिए आगे बढ़कर कार्य करता है समाज के युवा बच्चों के द्वारा हेल्पिंग हैंड्स के तहत इस तरह की सेवा का कार्य पहली बार किया जा रहा है जिसमें हजारों समान मात्रा ?10 में दिए जाएंगे हम सभी को विश्वास है शहर के सैकड़ो जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिलेगा इस कार्यक्रम के परियोजना निदेशक प्रियंका जैन छाबड़ा अभिषेक जैन गंगवाल अमित जैन सेठी इसान जैन कासलीवाल शिखा जैन गंगवाल खुशबू जैन सेठी हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप के सदस्यों ने कहा कि सेवा का यह कार्य फ्री में भी किया जा सकता था परंतु प्रति समान ?10 रखने का उद्देश्य यह है कि सामान लेने वाले अपने आप को कमजोर ना समझे उनमें किसी प्रकार की झिझक ना हो प्रत्येक व्यक्ति का अपना सम्मान होता है।

## बूथ संख्या 124, 125 व 126 के पास से हटाया अतिक्रमण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने तथा बूथ के आसपास सुरक्षा के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदान केंद्रों के पास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में रविवार को बरमसिया पुल के पास बूथ संख्या 124, 125 और 126 के आसपास अस्थाई अतिक्रमण को अंचल अधिकारी धनबाद सह एईआरओ शशिकांत सिंकर की देखरेख में हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान दंडाधिकारी और धनबाद थाना की पुलिस मौजूद थी। इस संबंध में श्री सिंकर ने बताया कि मतदान केंद्र संख्या 124, 125 और 126 के आसपास अस्थाई संरचना बनाकर अतिक्रमण किया गया था। जिसे आज हटाया गया है। लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने के उद्देश्य से मतदान केंद्रों के आसपास किसी तरह का अस्थाई निर्माण वर्जित है।

## गिरिडीह साइबर सेल की बड़ी कार्रवाई, फर्जी लिंक भेज ठगी करने वाले चार साइबर अपराधी गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस ने प्रतिबिंब पोर्टल से मिली जानकारी के आधार पर गिरिडीह साइबर सेल की टीम ने साइबर ठगी करने वाले चार शातिरों को गिरफ्तार किया है। चारों की गिरफ्तारी जिला के मुफ्फसिल थाना और अहलियापुर थाना क्षेत्र से हुई है। गिरफ्तार साइबर ठगों में दो देवघर जिला के रहने वाले हैं जबकि दो गिरिडीह के हैं। यह पूरी कारवाई जिला के एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में गठित टीम ने की है।

छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने चारों के पास से 19 मोबाइल, 18 सिमकार्ड, एक एटीएम और एक बाइक जब्त किया है।

गिरफ्तार अपराधियों में जिला के बेंगाबाद का रहने वाला मुकेश कुमार मंडल, अहलियापुर थाना क्षेत्र के चमलिटी का रहने वाला विकास कुमार मंडल देवघर जिला के सारठ थाना अंतर्गत बाराटांड़ निवासी विष्णु कोल्ह और बुढ़ाई थाना क्षेत्र के दारवे का रहने वाला बिरेंद्र मंडल शामिल है। चारों के विरुद्ध साइबर थाना में केस दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया। बताया गया कि पकड़े गए अपराधी फर्जी बैंक अधिकारी बन लोगों को फर्जी लिंक भेज कर ठगी करते हैं।

साथ ही पोषण ट्रेकर एप के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को मातृत्व योजना का लाभ दिलाने के नाम पर झांसे में लेकर ठगी करते हैं। पुलिस टीम ने बताया कि बीते छह माह में साइबर सेल की टीम ने जिला के अलग अलग थाना क्षेत्रों से 230 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा है।

### स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए 63 एसएसटी का गठन

## 29 अप्रैल को की जाएगी अधिसूचना जारी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए 63 स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) का गठन किया है। इसमें धनबाद, झरिया व बाघमारा में 12 - 12 तथा सिंदरी, निरसा एवं टुंडी विधानसभा क्षेत्र में 9 - 9 टीम तीन शिफ्ट में चौबीसों घंटे कार्यरत रहेगी। एसएसटी टीम अपने क्षेत्र में अवैद्य शराब, रिश्वत की वस्तु, भारी मात्रा में नगदी, हथियार एवं गोला-बारूद को लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर नजर रखेगी। वहीं जांच की सम्पूर्ण प्रक्रिया की विडियोग्राफी विडीयो सर्विलांस टीम (वीएसटी) करेगी। एसएसटी के वरीय प्रभार में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद व अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक नोडल पदाधिकारी रहेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि धनबाद में 29 अप्रैल 2024 को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई, 7 मई को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी तथा 9 मई को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। 25 मई 2024 को मतदान, 4 जून को मतगणना तथा 6 जून 2024 को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

## आज कल्पना सोरेन करेंगे गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन

### सुबे के मुख्यमंत्री सहित कई मंत्री व इंडी गठबंधन के कई नेता रहेंगे उपस्थित

पप्पु वर्मा@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** इंडी गठबंधन से गांडेय विधानसभा उपचुनाव की प्रत्याशी कल्पना सोरेन आज नामांकन का पर्चा दाखिल करेगी। वही रविवार की शाम को कल्पना सोरेन हेलीकॉप्टर से गिरिडीह पहुंची और उत्सव उपवन रिसोर्ट में ठहरी। उक्त जानकारी झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह और सचिव महालाल सोरेन ने रविवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। इस दौरान प्रेसवार्ता में जेएमएम नेता अजीत कुमार पप्पू, अभय सिंह, टुन्ना सिंह, दिलीप मंडल समेत कई नेता मौजूद थे। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया की सोमवार को नामांकन से पहले कल्पना सोरेन शहर के प्रमुख धार्मिक



स्थल में पूजन और दर्शन के लिए जाने वाली थी, लेकिन उनके चाचा ससुर के निधन और सनातन धर्म के छुतका लगने के कारण अब कल्पना सोरेन उत्सव उपवन से निकलकर पपराटांड स्थित समाहरणालय पहुंचेगी। जहां गांडेय उपचुनाव के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति अधिकारी गुलाम समदानी के समीप नामांकन का पर्चा दाखिल करेगी। इस दौरान सुबे के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और मंत्री बसंत सोरेन समेत कई उनके साथ मौजूद होंगे। बताया कि नामांकन के बाद पपराटांड़ में इंडी गठबंधन के द्वारा जनसभा का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्यमंत्री सहित चंपाई सरकार के कई मंत्री और इंडी गठबंधन के तमाम नेताओं द्वारा संबोधित किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभा के माध्यम से मतदान की अपील के साथ ही मोदी सरकार की नाकामी और उनके द्वारा सांप्रदायिक माहौल खराब करने की भूमिका से जनता को अवगत करायेंगे। जिला अध्यक्ष ने बताया की जनसभा के माध्यम से खुद कल्पना सोरेन और सीएम द्वारा जनता को आगाह किया जाएगा की मोदी सरकार ने झारखंड में कैसे पीएम आवास योजना के फंड को रोका है। जिसके कारण राज्य के 22 लाख लाभुको को पक्का मकान तक नहीं मिला है।

**नामांकन के बाद पपरवाटांड़ में होगा जनसभा का आयोजन**

## कोडरमा लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी जय प्रकाश वर्मा ने किया अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार गांडेय पूर्व विधायक प्रो जय प्रकाश वर्मा ने रविवार को जेपी कुशवाहा कॉलेज भंडारों परिसर में सर्व समाज कार्यकर्ता की साथ बैठक किया जिसमें बगोदर गांडेय, धनावर, जमुआ बरकट्ठा सतगंवा मरक्च्चो प्रखंड़ से कार्यकर्ता ने भाग लिया. बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कुशवाहा महासभा अध्यक्ष हाकिम महतो, महासचिव सत्यदेव प्रसाद वर्मा, विवेकानंद पाण्डेय, आदि ने भाग लिया एक एक भाषण पर लग रहें थे जय प्रकाश वर्मा ज़िंदाबाद,




बैठक में वक्ताओं ने एक ही बात कह रहे थे. भाजपा ने झारखंड को समय समय पर बेचने का काम किया है चाहे वह रघुवर दास छतीसगढ़ राज्य सभा सांसद प्रदीप वर्मा,हरियाणा, नवीन जयसवाल राजस्थान को भाजपा ने आगे किया है. कार्यक्रम में प्रदेश कुशवाहा महासभा अध्यक्ष हाकिम महतो ने कहा की आज झारखंड के सभी लोकसभा क्षेत्र के बदलाव का हवा बह रही है. खासकर कोडरमा में निर्दलीय उम्मीदवार प्रो जय प्रकाश वर्मा के पक्ष में लहर चल रही है. उन्होंने सभी लोगों से अपील किया की 20 दिन तक आप अपने सभी कार्य स्थागित कर कोडरमा लोकसभा सीट पर अपना कब्जा करने को लेकर अपने भाई बेटा प्रो जय प्रकाश वर्मा के पक्ष में कार्य करें . जय प्रकाश की उम्मीवारी सुनकर भाजपा एवं महागठबंधन प्रत्याशी का नीद हराम हो चुका है. वर्तमान सांसद में इस क्षेत्र की एक अभी समस्या लोकसभा सदन में उठाने की जरूरत नही समझी कोडरमा अबरख की जननी है इसके बाद यहाँ के लोग पलायन कर रहें है।

## एक मई को मासस का नामांकन ऐतिहासिक होगी : पवन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मार्क्सवादी समन्वय समिति की एक बैठक केंदुआ, मछली पट्टी में नरेश पासवान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो उपस्थित थे। बैठक में सर्वसमिति से निर्णय लिया गया की मायुमो केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह धनबाद लोक सभा के मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी आगामी एक मई को नामांकन दाखिल करेंगे, जिसमें केंदुआ क्षेत्र से सैकड़ों मासस कार्यकर्त्ता शामिल होंगे। मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा की धनबाद लोकसभा से



मासस उम्मीदवार जगदीश रवानी की जीत ऐतिहासिक होगी। मासस जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। कार्यकर्ताओं का दृढ संकल्प एंव एकता का परिचय ही मासस की पहचान है।

मासस नेता नरेश पासवान ने कहा की मासस गरीब, दलित, पिछड़ो की आवाज है। मासस की जीत गरीबो की जीत हैं एंव माफियाओं की हार है।बैठक में मुख्य रूप से सुरेश पासवान, भोला ताम्रकार, दीपक गुप्ता, प्रकाश पासी, मोहमद रियाज अंसारी, ओरंगजेब खान, बजरंगी गोराई, अनिल साव, अजय हाड़ी, सूरज साव, अनिल बर्णवाल, रवि मालाकार, चंद्रमोली पांडेय आदि शामिल थे।

## भद्रीचक में मथुरा प्रसाद महतो ने किया जनसंपर्क

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गिरिडीह लोकसभा से सांसद प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने भद्रीचक का दौरा कर जनसंपर्क किया। इस दौरान सैकड़ो ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया और भारी मतों से जीताने का वादा भी किया। ग्रामीणों ने कहा की इस बार का इलेक्शन कई मायने में अहम है। भद्रीचक की अवाम पूरे देश से अपील करती है की अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें ताकि देश सुरक्षित हाथों में हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंसारउल हक एवं संचालन शाहजहां अंसारी ने



किया। स्वागत करने वालों मे शकील अंसारी, राजू अबरार अंसारी, हाजी शमीम, मो रफीक, मो मेराज, शहजादा अंसारी, अतौल रहमान, गोल्डन, रिंकू, अनवर अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, नौशाद आलम, मुर्शीद आलम, मुमताज आलम, कलामूल हक, अली इमाम, सन्नु अंसारी, नेहाल अहमद समेत अन्य मौजुद थे।

## सभा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा महतो को जिताने का लिया संकल्प



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा में इंडिया गठबंधन के गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र के प्रत्याशी मथुरा महतो को एक साथ मिलकर जितने का सभा में सभी ने संकल्प लिया, सभा में महुदा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता और पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।मौके पर इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, प्रदेश कॉंग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पुर्व मंत्री जलेश्वर महतो, मासस के केन्द्रीय महासचिव कॉ0 हलधर महतो, कॉ0 शैख रहीम, राजद के तारापद धिवर, सुकदेव विद्रोही, झामुमो के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, प्रखण्ड अध्यक्ष अजमुल अन्सारी, दयाल महतो, असलम मंसुरी, राजकुमार महतो, ब्रहम्मण समाज के जिला अध्यक्ष रविन्द्र पाण्डे, पुर्व मुखिया गजाधर महतो, राजेन्द्र प्रसाद राजा, कन्चन महतो, पुर्व मुखिया सुरेश महतो, छोटेलाल महतो, परमेश्वर रवानी, दिनेश महतो, गोपाल महतो, याकुब अन्सारी, अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी, सुमीत कुमार महतो, अब्दुल समद अन्सारी,राजद के जिला अध्यक्ष तारकेश्वर यादव उपस्थित थे।

## विवाहिता का शव कुएं से बरामद, परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का लगाया आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** रविवार को प्रखंड क्षेत्र के अरारी पंचायत के ग्राम कलहाजोरी में शनिवार से गायब एक विवाहिता का शव घर के महज 20 फीट दूर कूवें से बरामद की गई , इस बीच घर के सभी सदस्य कल से हीं फरार हैं, जिसमें मृतका का 3 वर्षीय पुत्र भी गायब बताया जा रहा है। विवाहिता की पहचान इसी गांव के विकास यादव की 21 वर्षीय पत्नी कौशल्या देवी के रूप में की गई। जैसा कि विवाहिता के मायके रत्नाडीह से आए परिजनों ने बताया कि मृतका का विवाह तीन वर्ष पूर्व दान दहेज के साथ विकास यादव पिता रामचंद्र यादव के साथ हुआ था। कल पति पत्नी के बीच कुछ कहा सुनी हुई थी, इस बीच ससुराल पक्ष के द्वारा लड़की के साथ मार पीट भी किया गया था। कल हीं ससुराल पक्ष के द्वारा लड़की के पिता जीतन यादव को खबर भेजा गया कि आपकी बेटी कहीं भाग गई है। तब रात में मायके वालों ने बिरनी पुलिस को घटना की सूचना दी, बिरनी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रात में कलहाजोरी पहुंच कर घर का ताला तुड़वाकर घर की तलाशी साथ हीं आस पास खोजबीन भी किया गया परंतु पुलिस को कुछ भी हाथ नहीं लगी। वहीं सुबह जब मृतका के घर से महज 20 फीट की दूरी पर स्थित एक कुआं में झगर डाला गया तो झगर के साथ शव को बाहर निकाला गया, शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता था की शव के साथ पत्थर बांध कर कुआं में डाल दिया गया हो। घटना की जानकारी मिलते हीं बिरनी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया। इधर बिरनी पुलिस ने कहा कि आवेदन के आधार पर जांचोंपरांत दोषियों पर कार्यवाई की जायेगी। मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा , पुर्णीडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार साव समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने नुक्कड़ सभा को किया संबोधित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जन आशीर्वाद यात्रा पर निकले धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने झरिया विधानसभा अंतर्गत सहाना पहाड़ी पहुंच कर ग्रामीणों का आशीर्वाद लिया और एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप ऐसे प्रत्याशी को वोट करें जो आपके हर सुख दुःख में खड़ा रहे, जिसके दरवाजे सभी के लिए खुले हो, जो आपको नाम से व चेहरा से पहचानता हो और दुःख की घड़ी में जो आपका फोन उठाता हो। वहीं मौके पर ग्रामीणों ने ढुल्लू महतो को माला पहना कर सम्मानित किया और अपना समर्थन देते हुए विजयी बनाने की बात कही।

### इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी 01 मई को करेंगी नामांकन

## हाथ ही बदलेगा धनबाद के हालात : अनुपमा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद लोकसभा इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने आज सघन जनसम्पर्क अभियान चला कर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की है। अनुपमा सिंह ने मटकुरिया के प्रभु महतो चौक एवं पुटकी पुल क्षेत्र में भगवान बस्ती, काशियाटांड़ बस्ती, केंदुआ बस्ती, लोहारगोडा, पेटिया, बशीर चौक के अलावे निरसा प्रखंड के बेलडांगा एमपीएल गेट के समीप बैठक किया। आमघाट भुईफोड़ मंदिर के समीप भी जनसंपर्क किया गया। सर्वप्रथम मटकुरिया गोलीकांड के शहीदों को



श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह ने कहा कि वर्ष 2011 में अर्जुन मुंडा के शासनकाल में अतिक्रमण की आड़ में बर्बरतापूर्वक बिना पुनर्वास के भूली एवं कोल बोर्ड के लोगों पर कहर बरपाया गया था। यह इतिहास धनबाद की जनता भूल नहीं सकती। यही है भाजपा के शासनकाल का चाल चरित्र और चेहरा। उन्होंने कहा कि दुख की बात है कि भाजपा के सांसद और विधायक होने के बावजूद भी शहीद परिवारों को कोई भी उचित मुआवजा या नौकरी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि अब हाथ ही बदलेगा धनबाद के हालात। अब होगा धनबाद की जनता के साथ न्याय।

उक्त जानकारी कांग्रेस के जिला प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका ने दी। उन्होने बताया की दिनांक 01 मई 2024 को समय-अपराहन 01:00 बजे, इंडिया महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह, धनबाद समाहरणालय में अपना नामांकन दाखिल करेंगी। तत्पश्चात अपराह्न-03:00 बजे, गोल्फ ग्राउंड में एक आम सभा होगी।

## यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर निम्नलिखित समर स्पेषल ट्रेन का परिचलन किया जाएगा :-

1. गाड़ी संख्या 09122 दानापुर-उधना एसी स्पेषल ट्रेन दिनांक 30.04.2024 को दानापुर से 14.35 बजे प्रस्थान कर आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन के रास्ते 02.05.2024 को 03.00 बजे उधना पहुंचेगी । इस ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 13 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 06 कोच लगेंगे ।

2. गाड़ी संख्या 09040 जयनगर-उज्जैन स्पेषल ट्रेन दिनांक 29.04.2024 को जयनगर से 18.00 बजे प्रस्थान कर दरभंगा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन के रास्ते 01.05.2024 को 01.00 बजे उज्जैन पहुंचेगी । इस ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 20 कोच लगेंगे ।

3. गाड़ी संख्या 09002 जयनगर-उज्जैन अनारक्षित स्पेषल ट्रेन दिनांक 30.04.2024 को जयनगर से 06.00 बजे प्रस्थान कर दरभंगा, समस्तीपुर, बरौनी, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे उज्जैन पहुंचेगी । इस ट्रेन में साधारण श्रेणी के 20 कोच लगेंगे ।

4. गाड़ी संख्या 09104 मुजफ्फरपुर-उधना स्पेषल ट्रेन दिनांक 30.04.2024 को मुजफ्फरपुर से 13.00 बजे प्रस्थान कर हाजीपुर, सोनपुर, छपरा के रास्ते दूसरे दिन 00.30 बजे उधना पहुंचेगी । इस ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 16 कोच लगेंगे ।

5. गाड़ी संख्या 09044 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेषल ट्रेन दिनांक 29.04.2024 को बरौनी से 23.00 बजे प्रस्थान कर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज के रास्ते दूसरे दिन बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी । इस ट्रेन में स्लीपर क्लास के 20 कोच लगेंगे ।

6. गाड़ी संख्या 09050 पटना-रतलाम स्पेषल ट्रेन दिनांक 29.04.2024 को पटना से 14.00 बजे प्रस्थान कर आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन के रास्ते दूसरे दिन 20.30 बज रतलाम पहुंचेगी । इस ट्रेन में स्लीपर क्लास के 20 कोच लगेंगे ।

7. गाड़ी संख्या 09094 पटना-सूरत एसी स्पेषल ट्रेन दिनांक 02.05.2024 को पटना से 14.00 बजे प्रस्थान कर आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन के रास्ते दूसरे दिन 03.30 बज सूरत पहुंचेगी । इस ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी क्लास के 15 कोच लगेंगे ।

8. गाड़ी संख्या 09038 भागलपुर-सुरत स्पेषल ट्रेन दिनांक 29.04.2024 को भागलपुर से 05.00 बजे प्रस्थान कर पटना, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन के रास्ते अगले दिन 16.30 बजे पालधी पहुंचेगी ।

## त्रुटिरहित हो लोकसभा आम निर्वाचन : के0डी0 कुंजन

# सामान्य प्रेक्षक ने जिला के वरीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 हेतु प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक के0डी0 कुंजन (भा0प्र0से0, 2009 बैच) आज रविवार को लोहरदगा जिला पहुंचे। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां व जिला के अन्य वरीय पदाधिकारियों व विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में की गई। बैठक में सर्वप्रथम मतदाता सूची के संबंध में निर्देश दिया गया कि मतदाता सूची में किसी प्रकार की विसंगति ना हो। अभ्यर्थियों को मतदाता सूची सौंपे जाने के पूर्व मतदाता सूची पूरी तरह जांच ली जानी चाहिए। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन नहीं हो,इस पर कड़ी निगरानी रहनी चाहिए। प्रत्याशियों/राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित रैलियों, सभा, जुलूस आदि में आदर्श आचार सहिंता के उल्लंघन व उनके द्वारा किये जाने वाले खर्च पर कड़ी नजर हो। पदाधिकारी अपने निर्वाचन कार्य में पूरी तरह निष्पक्ष रहें और यह कार्य और व्यवहार दोनों में नजर आना चाहिए। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि मतदान केंद्रों में सभी बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। जहां कमियां हैं उन्हें दूर कर लें। जिन मतदाताओं को दूर से आना है उनके लिए आवश्यक सुविधाएं दें। कोई भी मतदाता मतदान से वंचित ना रहे। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि नियंत्रण कक्ष में आनेवाले शिकायतें व सी-विजिल एप पर आनेवाले शिकायतों का निवारण ससमय होता रहे। फ्लाइंग स्क्वायड और स्टैटिक टीमें आवश्यक कार्रवाई व जब्ती करती रहें। अन्य कानूनी कार्रवाई जो पूर्व में आयोग द्वारा निदेशित हैं वे ससमय पूर्ण कर लें। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि मतदान के दिन आवश्यक रिपोर्टिंग ससमय की जाय। जिन मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाना है उन्हें ससमय व अच्छी तरह प्रशिक्षण दे दें। कोई भी अधूरा प्रशिक्षण ना ले। जो भी नये निर्देश आये हैं उनका प्रशिक्षण उन्हें अवश्य दिया जाय। मतदान कर्मी ससमय व सकुशल अपने मतदान केंद्रों में पहुंच जाएं। निर्वाचन को त्रुटिरहित संपन्न कराना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन,2024 को लेकर की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी सामान्य प्रेक्षक को दी गई। इसमें जिला में उपलब्ध ईवीएम/वीवीपैट की स्थिति,राज्य से प्राप्त निर्वाचन संबंधी सामग्रियों की स्थिति, मतदाता सूची में किये जा रहे कार्य की जानकारी दी। उपायुक्त ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। किसी प्रकार की कमी होने पर उस बिंदु पर कार्य निरंतर किया जा रहा है। कानूनी कार्रवाईयां की गई हैं। प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों के व्यय की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला स्तर पर मीडिया मॉनिटरिंग कमिटी भी गठित है और लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। मतदान केंद्रों तक आने के लिए छोटे वाहन की व्यवस्था प्रखण्ड स्तर पर की गई है। सभी मतदान केंद्रों में दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध रहेगा,इसके लिए तैयारी कर ली गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था व अन्य कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी गई। बैठक में वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, लोहरदगा द्वारा लोहरदगा जिला में माह फरवरी, 2024 से किये जा रहे स्वीप गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही दिव्यांग मतदाता, महिला मतदाता, वरीष्ठ मतदाता, शहरी मतदाता, भावी मतदाता के लिए चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। आज की बैठक में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई स्कूटी, एक की मौत दो गंभीर, रिम्स रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू लोहरदग़ा मुख्य पथ एनएच 43ए थाना क्षेत्र के जिमा गांव के समीप शनिवार की दोपहर एक स्कूटी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला निवासी विवेक भगत 25 वर्ष,और लातेहार जिला अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के लाधुप निवासी अनिल मुंडा 28 पिता ललकु मुंडा और कुलदीप कुमार 24 पिता बालकेश्वर भगत स्कूटी जेएच 07एच - 1530 से कुडू की ओर जा रहे थे। जिमा गांव के समीप तेज रफ्तार होने के चलते स्कूटी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में जशपुर निवासी विवेक भगत की मौके पर ही मौत हो गयी जबकी अनिल और कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने उपचार के लिए सभी को लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक गणेश मलिक ने दोनों को रिम्स रेफर कर दिया है चिकित्सकों ने अनिल को गंभीर हेड इंजुरी को लेकर उसकी स्थिति काफी नाजुक बताई है। लोहरदगा सड़क के ठीक किनारे झुका वृक्ष कुडू लोहरदग़ा मुख्य पथ पर चलने वाले राहगीरों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। स्थानीय लोगो ने बताया कि मंटु ढाबा के समीप झुका हुआ पेड़ में अब तक आधा दर्जन बड़े छोटे वाहन टकरा चुके हैं। यहां पर किसी भी समय कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लोगों का कहना है कि अच्छे भले पेड़ों की रोज़ कटाई हो रही है किंतु संबंधित विभाग का लोगों के लिए मुसीबत बने इस वृक्षों को हटाने की तरफ कोई ध्यान नहीं है।

## बिशप विन्सेंट बरवा की अगुवाई में संत फ्रांसिस चर्च नानेसेरा में अंतिम व्रत धारण समारोही ख्रीस्तयाग का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पाकरटांड़ के संत फ्रांसिस चर्च नानेसेरा में अंतिम व्रत धारण समारोही ख्रीस्तयाग का आयोजन किया गया। मुख्य अनुष्ठाता सिमडेगा धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप विन्सेंट बरवा की अगुवाई में विशेष मिस्सा अनुष्ठान कराया गया। मिस्सा अनुष्ठान में सह अनुष्ठाता की भूमिका पल्ली पुरोहित फा जुगल किशोर, सहायक पल्ली पुरोहित फा रोशन ने निभाई। अंतिम मन्नत लेने वाली धर्मबहनों में सिस्टर सुमीरा, सिस्टर मोनोलिता, सिस्टर सिसिलिया, सिस्टर रानी मरिया और सिस्टर रोजलिन शामिल हैं। कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी शामिल होकर पांच धर्मबहनों को अंतिम मन्नत ग्रहण करने पर बधाई दी। विधायक ने कहा कि आज के आधुनिक युग में समर्पण का जीवन ब्रह्मचारी जीवन जीना काफी कठिन है। लेकिन ईश्वर आपके साथ है। आप अपने दायित्व पर खरा उतरें। विधायक ने कहा कि धर्म बहनों ने अपने जीवन की खुशियां गरीब एवं असहाय लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया हैं। विधायक ने कहा कि अनेकों कठिनाईयों एवं चुनौतियों का सामना करते हुए धर्म बहनों ने यह मुकाम हासिल किया है। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजित लकड़ा, शीतल एक्का, उर्मिला केरकेट्टा सहित काफी संख्या में मसीही धर्मावलम्बी उपस्थित थे। ***मानव सेवा के लिए समर्पित होता है धर्मबहनों का जीवन : बिशप*** मौके पर बिशप ने अपने संदेश में कहा कि धर्म बहनों का जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित होता है। उन्होंने सभी सुख सुविधा त्याग कर मानव सेवा में दिन रात जुटी रहती है। आज ये पांचो धर्म बहनें अपनी अंतिम मन्नत ले रही है। सभी धर्म बहनों को बहुत बहुत बधाई। परमपिता परमेश्वर इन्हें मानव सेवा करने की शक्ति प्रदान करें। बिशप बरवा ने कहा कि धर्म बहनें अपना संपूर्ण जीवन ईश्वर भक्ति व लोगों की जीवन के लिए समर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों का सामना करते हुए एक अच्छे चरवाहे की भांति धर्म बहनों को कलिसिया समाज के विकास में अपना योगदान करना है।

## स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा चलाया गया वाहन जांच अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप चुनाव आयोग के निर्देशानुसार उपायुक्त डॉ.वाघमारे प्रसाद कृष्ण तथा पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा के निर्देश पर शांतिपूर्वक भयमुक्त चुनाव कराने के उद्देश्य से स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा दण्डाधिकारी अनिल उरांव की मौजूदगी में वाहन जांच अभियान चलाया गया। आगामी लोकसभा आम चुनाव का बिगुल बजते ही आर्दश अचार संहिता लागू होने पर लगातार वाहनों का जांच किया जा रहा है। उसी क्रम में रविवार को जांच के दौरान एस आई मनीष कुमार महतो के द्वारा पुलिस बल के सहयोग से सघन वाहन जांच किया गया। वाहन जांच के दौरान राजनीति पार्टी का पोस्टर, बैनर, झंडा, अवैध हथियार के अलावे गंजा, ब्राउन शुगर, चरस, शराब जैसे अन्य नशीला पदार्थ एवं पैसे का जांच किया जा रहा है। साथ ही वाहन जांच के दौरान वाहन में रखे बैग थैला डिक्की सहित अन्य चीजों का भी बारीकी से जांच करते हुए तलाशी लिया जा रहा है। वही चेक पोस्ट में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा सन्देहास्पद व्यक्ति या बाहर से तथा दूसरे जिले से आने जाने वाले लोगों पर पैनी निगाहें रखी जा रही है। जिसे अपराधिक गति विधि पर अंकुश लगा रहे। और शांतिपूर्वक भयमुक्त चुनाव सम्पन्न हो सके। मौके पर दण्डाधिकारी अनिल उरांव तथा एस आई मनीष कुमार महतो दल बल के साथ मौजूद थे।

## 2019 लोस चुनाव में 1160 मतों से हुई थी भाजपा की जीत, इसबार भी प्रखंड से होगी जीत : कैलास महतो



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 27 अप्रैल शनिवार को कैरो प्रखंड भाजपा के पुर्व अध्यक्ष कैलाश महतो ने प्रेस संवाददाता से कहा कि 2019 लोकसभा चुनाव मे मैं भाजपा प्रखंड का अध्यक्ष था और सांसद सुदर्शन भगत को प्रखंड के सभी 37 बूथों मे कूल 9,244 मत प्रखंड मे प्राप्त हुए थे वही निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के सुखदेव भगत को प्रखंड के 37 बूथों मे 8,084 मत मिले थे,अर्थात भाजपा 37 बूथो मे 20 बूथों मे जीत दर्ज कर कूल 1,160 मतों से भाजपा ने कांग्रेस को पछाड़ा था। पुर्व प्रखंड अध्यक्ष कैलास महतो ने कहा कि केंद्र मे भाजपानीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व वाली सरकार से सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के साथ इस बार भी 2024 के लोकसभा चुनाव मे कैरो प्रखंड से भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत होगी। कैरो प्रखंड की जनता को केंद्र प्रायोजित योजना चाहे कोविड टीकाकरण हो,या प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत खाद्यान्न हो, एलपीजी का मुफ्त गैस कनेक्सन हो,अथवा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रखंड के किसानो के खाते मे प्रतिवर्ष 6000 छ्ः हजार रुपये राशि का सीधा ट्रांजैक्शन हो एसे कई अनेको योजना का लाभ कैरो प्रखंड के जनता को मिला है। इसलिये अबकी बार फिर से मोदी सरकार, एवं अबकी बार 400 पार का लक्ष्य पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने दिया है तो कैरो प्रखंड की जनता इसे आने वाले 13 मई को लोकसभा चुनाव मे सार्थक कर दिखाईगी। पुर्व अध्यक्ष कैलास महतो ने कहा कि प्रखंड के सभी 37 मतदान केंद्रो पर पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर और सहयोगी दल आजसू पार्टी कार्यकर्ताओ के सहयोग से हर बूथ 370 मत का नारा कैरो प्रखंड मे सार्थक सिद्ध होगा।

# सामान्य प्रेक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा आम निर्वाचन, हेतु प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक केडी कुंजन (भा0 प्र0से0, 2009 बैच) द्वारा रविवार को मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण किया गया। सामान्य प्रेक्षक द्वारा जिन मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया उन मतदान केंद्रों में राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय, टाकू (मतदान केंद्र संख्या-139), राजकीयकृत बुनियादी स्कूल हिरही का पूर्वी भाग, (मतदान केंद्र संख्या-207) एवं पश्चिमी भाग (मतदान केंद्र संख्या-208) शामिल हैं। दोनों विद्यालयों में सामान्य प्रेक्षक द्वारा मतदाता सूची की स्थिति मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां,उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## लाखों अंतर से जीतेगी बीजेपी : बाबूलाल मरांडी

# भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी भंडरा मंडल में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी कार्यकर्ता सम्मेलन भंडरा मंडल अंतगर्त कार्यक्रम स्थल भंडरा ठाकुरबाड़ी थाना के समीप को संबोधित किया। मौके पर लोकसभा प्रभारी सह प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, पूर्व विधायक सह मंत्री सधनु भगत, पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह,जिला प्रभारी सह प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, पूर्व विधायक सह विधानसभा प्रभारी कमलेश उराँव,जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, ब्रजबिहारी प्रसाद, ओमप्रकाश सिंह,बिदेश्वर उराँव उपस्थित रहे। बाबूलाल मरांडी ने सभा को संबोधित करते हुए सभा की शुरुआत में ही कहा कि इस बार हमें इतना मतदान कमल छाप पर करना है कि लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी को भारी मतों से विजय करना है। मोदी जी गरीब किसान गांव इतनी कम समय में जितना काम किया है वह किसी दूसरे के नेतृत्व में नहीं हो पाया। कांग्रेस की सरकार ने कभी गांव गरीब के लोगों की जरूरत को नहीं जाना वहीं हमारे भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सड़क,बिजली स्वास्थ्य,शिक्षा,गरीब ,आदिवासी जनजाति के उत्थान के लिए कई प्रकार की योजनाओं को बनाया और उसे धरातल पर उतरने का कार्य किया। आज इंडि एलाइंस सरकार झारखंड में जहां मोदी जी पूरे देश की समृद्धि एवं विकसित झारखंड बनाने की बात करते हैं वहीं पर इंडी गठबंधन के लोग झारखंड में केवल कोयला पत्थर बालू सहित जमीन को लूटने का कार्य कर रहे हैं और यही कारण है कि आज हेमंत सोरेन जेल में हैं। झारखंड की स्थापना की मांग आजादी के समय से रही थी और कांग्रेस आजादी के बाद लगातार शासन में रही परंतु उन्होंने झारखंडियों को सम्मान नहीं दिया उसके स्थान पर केवल खरीदने का काम किया उसमें पहला जयपाल सिंह मुंडा,दूसरे शिबू सोरेन परंतु जब भाजपा की सरकार बनी अटल बिहारी वाजपेई जी ने अपने नेतृत्व में झारखंड का स्थापना किया और झारखंडियों को सम्मान दिया। कांग्रेस लंबे समय से सत्ता पर ही परन्तु आदिवासी गरीब क्षेत्र में कभी सड़क स्वास्थ्य बिजली की व्यवस्था प्राथमिकता में नहीं रही वह केवल बड़ी शहरों तक सिमटी हुई थी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बहुत सारे ऐसे कार्य हुए जो कि असंभव थे वह पूर्ण हुए उदाहरण के रूप में राम मंदिर बनाया, धारा 370,35 हटाया यदि हम देखें तो कांग्रेस एवं उसके साथी दल गण राम मंदिर को लेकर चिढ़ाते थे राम मंदिर कब बनेंगे तिथि नहीं बताएंगे परंतु अब राम मंदिर भी बन गई है और इसका मुख्य कारण एक सशक्त नेतृत्व जो मोदी जी के हाथों में है। विपक्ष आरोप लगा रही है कि हेमंत सोरेन को भाजपा ने फसाई है जबकि वह अपने कर्मो के कारण जेल के अंदर में है कौन ऐसा मुख्यमंत्री है जो की खदान अपने नाम किया है औद्योगिक अपने परिवार के नाम किया हो। तो दुनिया जानती है जैसी करनी वैसी भरनी। मैंने हेमंत सोरेन को सैकड़ो पत्र लिखे परंतु उन्होंने कभी ध्यान नहीं दिया।

## धर्मगुरुओं की अगुवाई में धर्म विधि के साथ नवनिर्मित गिरजाघर संस्कार हुआ संपन्न



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर प्रखंड स्थित सिरिंग बेड़ा बरघाट गांव में नवनिर्मित गिरजाघर का संस्कार किया गया। धर्मगुरुओं की अगुवाई में धर्म विधि के साथ संस्कार संपन्न हुआ। इस मौके पर संदेश एक्का, मतियस बागे भी उपस्थित होकर गिरजाघर के लिए सभी को शुभकामना दिया। उन्होंने कहा कि ईश्वर की योजना से ही गिरजाघर का संस्कार संभव हो सका है। उन्होंने ईश्वर को धन्यवाद देते हुए कहा कि गिरजाघर के माध्यम से मंडली और गांव को सजाना और सवारना है, और समाज को संगठित करना है। मौके पर अमन खेस, जोसेफ डुंगडुंग, रसाल खलखो, पादरी दुलर कुल्लू, बिलकन समद, नमजन समद, सुशील समद, सुनिल डांग, निस्तार बुढ, मनमसी डांग, दिनाकार आदि उपस्थित थे।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 98 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए, आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में, 42 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा स्वस्थ जीवन के लिए सुबह-सुबह योग एवं व्यायाम करते रहिए, और बिना कारण का धूप पर घर से बाहर ना निकले और बच्चे एवं बुजुर्ग पर खास ध्यान दें। डॉ कुमुद ने कहा की लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप अवश्य कराते रहना चाहिए और कहा गर्मी पर कच्चे आम के पानी का सेवन करने से लू लगने की संभावना कम रहती है, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, शशि भूषण सिंह ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग आकर अपना चेकअप करा कर काफी संतुष्ट हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है। लोगों ने शुगर, बी.पी ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से परामर्श भी लिए, आज शिविर में, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, शशि भूषण सिंह, अनामिका भारती, अंजलि सराफ, अशोक अग्रवाल, सत्यम सर्राफ, सत्यदेव भगत, अतुल सर्राफ, ज्ञानेश्वर गुप्ता, भोला भगत, अनिल प्रजापति, केशव महतो, बेबी देवी, मनोज प्रसाद, रेणु देवी, अनूप महतो, मीना देवी, सुबोध महतो, अफरोज आलम, समरथ चौधरी, रामचंद्र गिरी, सुरेंद्र प्रसाद साहू, कृष्णा प्रसाद, किशोर अग्रवाल,प्रभु दयाल साहू, रमेश शर्मा, तारकेश्वर अग्रवाल, सोनिया पोद्दार, शंभू सिंह, जयंती देवी, वैभव कुमार आदि थे।

## देश के प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर दर्जनों मुस्लिम युवाओं ने थामा भाजपा का दामन : ओम सिंह

# कांग्रेस की साजिश नाकाम होगी : मौलाना अशरफी

## प्रधानमंत्री मोदी कर रहे है बिना भेद भाव के मुस्लिम समाज का विकास : नासिर अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सदर प्रखंड के नवेल्टी होटल मे भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में नासिर अंसारी एवं मौलाना अशरफी जिला महामंत्री मो जानु अंसारी के नेतृत्व मे दर्जनों मुस्लिम युवाओं ने कांग्रेस छोड़ कर थामा भारतीय जनता पार्टी का हाथ। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्य अतिथि के रूप में और भाजपा नेता अजय पंकज और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय सहसंयोजक एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना जियाउल हक अशरफी मोर्चा जिला अध्यक्ष नासिर ने भाजपा का पट्टा पहना कर उन्हें स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले युवाओं ने कहा देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी ने मुस्लिम समाज के विकास में कोई भेद भाव नही किया कहा की मुस्लिम समाज के विकास को लेकर हमेशा नरेंद्र मोदी कार्य किया इनके द्वारा किए गए कार्यो से प्रभावित होकर आज हम दर्जनों युवा भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं। वही मौके पर भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह ने अपने संबोधन में कहा की प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी ने बिना भेद भाव के मुस्लिम समाज का संपूर्ण विकास किया है। नासिर अंसारी ने कहा कि मोदी के द्वारा चलाए योजना उज्ज्वला योजना,पीएम किसान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,आयुष्मान योजना,जैसे अनेकों योजनाओं का लाभ मुस्लिम समाज को दिए हैं जिस का शत प्रतिशत लाभ मुस्लिम समाज के लोग उठा रहे हैं। भाजपा नेता अजय पंकज झारखंड सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा की फिलहाल झारखंड सरकार द्वारा एक योजना चलाई गई जिसका नाम है अबुवा आवास योजना इस योजना मे मुस्लिमो को लॉली पॉप देने का झारखंड सरकार ने कार्य किया है। मंच एवं मोर्चा के नेता मौलाना अशरफी ने कहा इंडिया गठबंधन सरकार ने सिर्फ यहां के मुस्लिमो को लूटने और ठगने का कार्य किया है इंडिया गठबंधन सरकार मुस्लिमो को सिर्फ वोट बैंक के रूप में यूज करते आ रही है लेकिन जब मुस्लिम समाज की हक और अधिकार की जब बात होती है तो इंडिया गठबंधन की सरकार पल्ले झाड़ लेती है। मोर्चा प्रभारी जगन्नादन ने कहा कि अब मुस्लिम समाज जाग चुकी है इस बार लोक सभा चुनाव मे मुस्लिम समाज इंडिया गठबंधन को सबक सिखाने का कार्य करेगी। भाजपा नेता ओम गुप्ता ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी को लोहरदगा लोक सभा प्रत्याशी श्री समीर उरांव को मुस्लिम समाज भारी मतों से विजय बनाकर सांसद मे भेजेगी जो सांसद मे जाकर मुस्लिम समाज के और बेहतर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के द्वारा किए जा रहे कार्यो से प्रभावित होकर मुस्लिम समाज के लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहे हैं। भाजपा में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से सलमान अंसारी, शाहिद कैफ, अरशद खान, गुफरान खान, मो परवेज खान, दानिस खलीफा, सहबाज खान, मो वाहिद अंसारी, वासी खान, आरीफ कोरेसी, बिट्टू खान, किसान खान, सरवर अंसारी, तनवीर आलम, मो फैजान कुरैशी, दो दर्जन से भी अधिक लोग सामिल हुवे। मुख अतिथि के रूप में ओम प्रकाश सिंह और अजय पंकज जी मौलाना अशरफी और जगनंदन पौराणिक सभा को समबोधन किए।

# दूसरे चरण के मतदान में गिरावट से सभी दलों में हलचल

**दूसरे चरण में आठ लोकसभा क्षेत्र में हुए मतदान में 7.57 फीसदी की गिरावट हुई है। इसकी अलग-अलग वजह बताई जा रही हैं, लेकिन प्रमुख वजह कहीं तेज धूप और कहीं खेतों में चल रहा काम रहा तो ज्यादातर जगह मतदाताओं में उत्साह की कमी बताई जा रही है।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दूसरे चरण में आठ लोकसभा क्षेत्र में हुए मतदान में 7.57 फीसदी की गिरावट हुई है। इसकी अलग- अलग वजह बताई जा रही हैं, लेकिन प्रमुख वजह कहीं तेज धूप और कहीं खेतों में चल रहा काम रहा तो ज्यादातर जगह मतदाताओं में उत्साह की कमी बताई जा रही है। सियासी जानकारों का कहना है कि इसका फायदा- नुकसान सभी दलों को होगा। खास बात यह है कि इससे हार-जीत की खाई कम हो सकती है। हालांकि हर दल इसे लेकर बेचैन हैं कि कम मतदान का ऊंट किस करवट बैठेगा।



दूसरे चरण में मेरठ, बागपत, अमरोहा, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में चुनाव हुआ है। वर्ष 2014 में यहां औसत 69.46 फीसदी मतदान हुआ था। तब सभी आठ सीटों पर भाजपा का परचम लहराया था। बसपा और सपा अलग- अलग मैदान में थे। वर्ष 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ। मतदान 6.70 फीसदी की गिरावट से साथ 62.76 फीसदी रहा। बसपा को एक सीट मिली और चार सीट पर वह दूसरे स्थान पर रही। लेकिन अहम बात यह है कि इस चुनाव में भाजपा ने कई सीटों पर हार-जीत के अंतर में रिकॉर्ड कायम किया था।

इस बार के चुनाव में 7.57 फीसदी की गिरावट हुई है। ऐसे में माना जा रहा है कि हार-जीत के अंतर में गिरावट आएगी। क्योंकि कई लोकसभा क्षेत्र में कांटे की टक्कर हुई है। मतदान में शहरी ही नहीं ग्रामीण इलाके में भी पहले जैसा उत्साह नहीं देखा गया है। हालांकि, सियासी जानकारों का कहना है कि मतदान प्रतिशत के आधार पर दलगत स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल होता है।उदाहरण के तौर पर देखें तो मथुरा में वर्ष 2014 की अपेक्षा 2019 में 1.03 फीसदी मतदान में गिरावट हुई, लेकिन भाजपा का वोट 7.55 फीसदी बढ़ गया।

इसी तरह अलीगढ़ में मतदान 2.30 फीसदी बढ़ा और भाजपा को वोटबैंक 8.08 फीसदी बढ़ गया।इस संबंध में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रतनलाल का कहना है किबीमतदान कम होने की वजह गर्मी, फसल कटाई , उत्साह में कमी होना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शहरी इलाके के मतदाताओं के कम निकलने का सत्ता पक्ष को नुकसान हो सकता है। लेकिन जिन सीटों पर जीत का अंतर ज्यादा है, वह कम होगा।

## आरक्षण पर डाका डालना चाहती है कांग्रेसः प्रहलाद पटेल

**एजेंसी**

**भोपाल** : भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल ने रविवार को पार्टी के स्टेट मीडिया सेंटर में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन का हिडन एजेंडा है- एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन कर अपने चहेतों को देना। कांग्रेस दलित, आदिवासी और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का हिस्सा मुस्लिमों को देना चाहती है। प्रहलाद पटेल ने कहा कि कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण और बहुसंख्यक वर्ग के विरोध की मंशा व्यापक रूप से जनता के सामने आ गई है। कांग्रेस का यह षडयंत्र देश को कमजोर करने वाला, संवैधानिक मान्यताओं को चकनाचूर करने वाला है, जिसकी जितनी निंदा की जाए, वह कम है।

हमारे संविधान निर्माता ने जिस धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं किया था, उसकी बात करके कांग्रेस पार्टी अपनी चुनावी लाभ के लालच में देश के संविधान को दरकिनार कर रही है। कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है।

## संभल का चुनाव श्रृद्धांजलि का चुनाव : अखिलेश यादव

**एजेंसी**

**मुरादाबाद :** संभल का चुनाव श्रृद्धांजलि का चुनाव हैं, इसीलिए हम सभी को संभल से समाजवादी पार्टी को भारी बहुमत से जिताना हैं। सपा ने सबसे पहले यहां के लोकप्रिय सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को चुनाव मैदान में उतारा था, लेकिन उनका असमय निधन हो गया। अब उनके पोते जियाउर्रहमान बर्क चुनाव लड़ रहे हैं।लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद भाजपा की सबसे ज्यादा वोटों से हारी हुई सीटों में संभल की सीट भी होनी चाहिए। यह बातें रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव संभल लोकसभा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क के समर्थन में बिलारी विधानसभा के स्योंडारा में आयोजित जनसभा में कहीं।मुरादाबाद जनपद की बिलारी विधानसभा के स्योंडारा में आयोजित जनसभा में अखिलेश यादव ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव से पहले 400 पार का नारा दिया था, पहला और दूसरा चरण होते ही यह नारा बदल गया। कंप्यूटर चलाने वाले जानते होंगे कभी-कभी कंप्यूटर में फाल्ट आ जाता है तो 400 लिखा हुआ आता है। हवा का रुख बदल चुका हैं, देश की जनता इन्हें 400 पार करने नहीं बल्कि 400 सीटों पर हराने जा रही हैं।सपा प्रमुख ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश की किसी भी लोकसभा में भाजपा का खाता खुलने वाला नहीं हैं। हम जहां-जहां गए हैं, जिस तरह का माहौल नजर आ रहा हैं उससे साफ हो गया है कि भाजपा उत्तर प्रदेश में एक भी सीट पर कमल नहीं खिला पाएगी। पश्चिम से जो हवा चली है उसने भाजपा को पलटने का काम किया है।

### संजय राउत का दावा

## मोदी हार रहे, इंडिया गठबंधन 300 पार करेगी

**एजेंसी**

**मुंबई :** शिवसेना यूबीटीनेता संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि इस देश में 10 साल से एक तानाशाह राज कर रहा है, उससे अच्छा है कि देश में एक मिली-जुली सरकार बने. हम 2 प्रधानमंत्री बनाएं या 4 यह हमारी मर्जी है, लेकिन इस देश को तानाशाही की ओर हम नहीं जाने देंगे. इंडी गठबंधन 300 पार कर रही है.इससे पहले शनिवार को संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोल्हापुर दौरे को लेकर बड़ा बयान दिया था. राउत ने कहा था कि पीएम मोदी महाराष्ट्र में अपना तंबू गाड़ रखे हैं. आगे वो मुंबई में भी सात सभाएं करने वाले हैं. उन्होने कहा कि ऐसे में महाराष्ट्र के लोगों को ये समझना होगा कि छत्रपति शाहू महाराज की पराजय के लिए पीएम मोदी महाराष्ट्र में आते हैं.संजय राउत ने आगे कहा था कि शाहू महाराज ने राज्य और देश को पुरोगामी विचार दिए हैं. शाहू महाराज छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज हैं, उनका हराने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र में आते हैं. ये सुनकर मुझे जरा भी अचरज नहीं हुआ है.

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :

- शरीर में पानी की कमी
- उल्टी, तेज बुखार
- कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
- हृदयाघात, मस्तिष्कघात
- कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग

- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें

इनका नियमित सेवन करें :-

नमक-चीनी का घोल
छाछ
नींबू-पानी
आम का शर्बत
लस्सी
तरबूज
खरबूजा
खीरा
ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है

- गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
- घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।सावधानियाँ हीं बचाव।

हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
जूते/चप्पल पहनें

NATIONAL HEALTH MISSION

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार

स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

104 चिकित्सा सलाह 24x7 Health Information Helpline

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

PR NO-324169 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25